3 राजधानी
सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे हटेंगे

6 अभिमत
सेक्युलर सिविल कोड की आवश्यकता

10 विदेश
हसीना को बांग्लादेश प्रत्यर्पित करने की मांग

11 स्पोर्ट्स
बांग्लादेश से यूएई स्थानांतरित हुआ महिला टी20 विश्व कप

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 14 अंक 296
लखनऊ, बुधवार, 21 अगस्त, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



पश्चिम बंगाल में उथल-पुथल की स्थिति : बोस
राष्ट्रीय-9

# डॉक्टरों की सुरक्षा पर प्रोटोकॉल बनेगा, टास्क फोर्स गठित

## कोलकाता केस का संज्ञान लेने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने दिया आदेश

**राजेश कुमार**। नई दिल्ली

**सुप्रीम कोर्ट ने** मंगलवार पश्चिम बंगाल में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के मामले को भयावह और जघन्य बताते हुए इसे राज्य मशीनरी की प्रणालीगत विफलता करार दिया और इस केस में ढुलमुल रवैये के लिए ममता बनर्जी सरकार को फटकार लगाई। कोलकाता में आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल और कार्यस्थल पर डॉक्टरों तथा स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों की सुरक्षा के लिए एक प्रोटोकॉल तैयार करने के लिए 10 सदस्यीय राष्ट्रीय टास्क फोर्स (एनटीएफ) का गठन किया। अदालत ने वर्तमान में मामले की जांच कर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को भी गुरुवार (22 अगस्त) तक एक स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्देश दिया। टास्क फोर्स तीन सप्ताह के भीतर अपनी अंतरिम रिपोर्ट और दो महीने के भीतर अंतिम रिपोर्ट सौंपेगी। शीर्ष अदालत ने देश भर में प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों से भी हड़ताल वापस लेने और काम पर लौटने की अपील की।



नई दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला तथा जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ सुनवाई करते हुए।

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा के साथ, कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के बलात्कार और हत्या से संबंधित मामलों की सुनवाई कर रही थी। यह मामला देश भर में डॉक्टरों की हड़ताल के बीच सामने आया है। कोर्ट ने आदेश पारित करते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर चीजों में बदलाव के लिए देश एक और बलात्कार का इंतजार नहीं कर सकता। पीठ ने कहा कि चिकित्सा पेशेवरों की सुरक्षा के लिए कानून हैं लेकिन वे प्रणालीगत मुद्दों का समाधान नहीं करते हैं। अदालत ने कहा, 'चिकित्सा संघों ने लगातार इस मुद्दे को उठाया है और कहा है कि चिकित्सा पेशेवर अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए विभिन्न प्रकार की हिंसा का दुर्भाग्यपूर्ण निशाना बन रहे हैं।' पीठ ने कहा, 'समानता का संवैधानिक मूल्य किसी और चीज की मांग नहीं करता है और दूसरों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने वालों के स्वास्थ्य, कल्याण और सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं करेगा। देश जमीनी स्तर पर वास्तविक बदलाव के लिए बलात्कार या हत्या का इंतजार नहीं कर सकता है।'

टास्क फोर्स के 10 सदस्य हैं - वाइस एडमिरल आरती सरीन, महानिदेशक, चिकित्सा सेवा (नौसेना), डॉ डी नागेश्वर रेड्डी, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और एआईजी अस्पताल, हैदराबाद, डॉ एम श्रीनिवास, निदेशक दिल्ली-एम्स, डॉ. प्रतिमा मूर्ति, निदेशक, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरोसाइंसेज (निमहांस), बेंगलुरु, डॉ. गोवर्धन दत्त पुरी, कार्यकारी निदेशक, एम्स जोधपुर, डॉ. सौमित्र रावत, चेयरपर्सन, इंस्टीट्यूट ऑफ सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, जीआई और एचपीबी ओन्को- सर्जरी और लीवर प्रत्यारोपण और सदस्य, प्रबंधन बोर्ड, सर गंगा राम अस्पताल, नई दिल्ली। अन्य सदस्य हैं - प्रोफेसर अनीता सक्सेना, कुलपति, पंडित बी डी शर्मा मेडिकल यूनिवर्सिटी, रोहतक, पूर्व डीन ऑफ एकेडमिक्स, चीफ कार्डियो थोरेसिक सेंटर और हेड कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट एम्स, दिल्ली, डॉ. पल्लवी सैपले, डीन, ग्रांट मेडिकल कॉलेज और सर जे जे ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुंबई, और डॉ. पद्मा श्रीवास्तव, न्यूरोलॉजी विभाग, एम्स दिल्ली में पूर्व प्रोफेसर।

पीठ ने कहा कि केंद्र सरकार के कैबिनेट सचिव और गृह सचिव, स्वास्थ्य मंत्रालय के सचिव, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के अध्यक्ष और राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड के अध्यक्ष टास्क फोर्स के पदेन सदस्य होंगे। शीर्ष अदालत ने एनटीएफ को दो उप-शीर्षकों के तहत एक कार्य योजना तैयार करने को कहा - चिकित्सा पेशेवरों के खिलाफ लिंग आधारित हिंसा सहित हिंसा को रोकना; और प्रशिक्षुओं, रेजीडेंट, सीनियर रेजीडेंट, डॉक्टरों, नर्सों और सभी चिकित्सा पेशेवरों के लिए सम्मानजनक और सुरक्षित कामकाजी परिस्थितियों के लिए एक लागू करने योग्य राष्ट्रीय प्रोटोकॉल प्रदान करना। एनटीएफ ऊपर उल्लिखित कार्य-योजना के सभी पहलुओं और सदस्यों द्वारा कवर किए जाने वाले किसी भी अन्य पहलू पर सिफारिशें करने के लिए स्वतंत्र होगा। जहां उपयुक्त हो, वे अतिरिक्त सुझाव देने के लिए स्वतंत्र हैं। पीठ ने कहा, एनटीएफ उचित समयसीमा भी सुझाएगा जिसके द्वारा अस्पतालों में मौजूदा सुविधाओं के आधार पर सिफारिशों को लागू किया जा सके। एनटीएफ से सभी हितधारकों से परामर्श करने का अनुरोध किया जाता है।

## हाईकोर्ट की टिप्पणी खारिज की

**पीटीआई**। नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस फैसले को मंगलवार को रद्द कर दिया, जिसके तहत यौन उत्पीड़न के एक आरोपी को बरी कर दिया गया था और किशोरियों को यौन इच्छाओं पर नियंत्रण रखने की सलाह देते हुए आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई थीं। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि उसने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत दर्ज मामलों से निपटने के लिए प्राधिकारियों को कई दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पीठ की तरफ से फैसला सुनाने वाले न्यायमूर्ति ओका ने कहा कि अदालतों को फैसला किस तरह से लिखना चाहिए, इस संबंध में भी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।



शीर्ष अदालत ने पिछले साल आठ दिसंबर को कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले की कड़ी आलोचना की थी। उसमें फैसले में की गई कुछ टिप्पणियों को बेहद आपत्तिजनक और पूरी तरह से अनुचित करार दिया था। सर्वोच्च अदालत ने उच्च न्यायालय की खंडपीठ की ओर से की गई कुछ टिप्पणियों का स्वत: संज्ञान लिया था और उस पर रिट याचिका के रूप में शुरू की थी। उसने कहा था कि फैसला लिखते समय न्यायाधीशों से उपदेश देने की उम्मीद नहीं की जाती है। पश्चिम बंगाल सरकार ने भी उच्च न्यायालय के 18 अक्टूबर 2023 के इस विवादित फैसले को चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा था कि किशोरियों को यौन इच्छाओं पर नियंत्रण रखना चाहिए , क्योंकि जब वह मुश्किल से दो मिनट का यौन सुख लेने के फेर में पड़ जाती है, तब वह समाज की नजरों में बुरी बन जाती है। उच्च न्यायालय ने एक व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की थी, जिसे यौन उत्पीड़न के मामले में 20 साल की सजा सुनाई गई थी। उसने इस व्यक्ति को बरी कर दिया था। चार जनवरी को मामले में सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा था कि उच्च न्यायालय के फैसले में कुछ पैराग्राफ आपत्तिजनक हैं और इस तरह का फैसला लिखना बिल्कुल गलत था। पिछले साल आठ दिसंबर को पारित अपने आदेश में शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय की कुछ टिप्पणियों का जिक्र किया।

# कांग्रेस की पिछलग्गू बनकर कार्य कर रही सपा : योगी

### ● कहा, अयोध्या, गोमतीनगर व कन्नौज का 'नवाब ब्रांड' ही सपा की असली पहचान

**पायनियर समाचार सेवा**। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या, गोमतीनगर व कन्नौज की घटना ही समाजवादी पार्टी का 'नवाब ब्रांड' है। कोलकाता की अराजकता पर चिकित्सक व आधी आबादी आंदोलित है, लेकिन सपा मुखिया दुष्कर्मियों व कोलकाता सरकार का बचाव कर रहे हैं। सपा मुखिया का बेशर्मीपूर्ण बयान ही उनकी पार्टी का असली चेहरा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में साजिश हो रही है। इसे समझने की आवश्यकता है। सीएम ने आरोप लगाया कि बहुसंख्यक समाज के विपरीत कथित धर्मनिरपेक्षता की राजनीति करने वाले दलों के स्वर भारत की मूल विचारधारा पर होने वाले हमले में नहीं निकलते। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान-2024 की कार्यशाला में कार्यकर्ताओं से संवाद किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि हमें बैकफुट पर जाने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि विपक्ष के कारनामों की पोल खोलने की जरूरत है। मुख्यमंत्री कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर हमलावर रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि इस अभियान को सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाइए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या, गोमतीनगर व कन्नौज की घटना ही समाजवादी पार्टी का 'नवाब ब्रांड' है। यही इनका असली चेहरा है। कोलकाता की अराजकता पर चिकित्सक व आधी आबादी आंदोलित है, लेकिन सपा मुखिया वहां की सरकार का बचाव कर रहे हैं। सीएम ने कार्यकर्ताओं से कहा कि उत्तर प्रदेश में साजिश हो रही है। इसे समझने की आवश्यकता है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर घर तक पहुंचिए और परिवार के हर सदस्यों से संवाद बनाइए। उनसे कहिए कि उपचुनाव में विपक्षी दलों के नेताओं से पूछें कि आखिर एक-एक लाख रुपये के बॉन्ड भरवाए गए थे। वह कहां हैं। सोशल मीडिया से लेकर आमजन के बीच कांग्रेस व सपा के झूठ का पर्दाफाश कीजिए।

सीएम ने कहा कि राजनीतिक अस्थिरता का दृश्य श्रीलंका व बांग्लादेश में दिखा। भारतीय राजनीति में लोकसभा चुनाव के छह माह पहले से इसकी सुगबुगाहट देखने को मिल रही थी। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाई जा रही थी। यह भाजपा व हमारी विचारधारा को रोकने के षडयंत्रों की ओर इशारा करती है। यदि देश में सक्षम नेतृत्व न होता तो वे लोग अस्थिरता पैदा करने में सफल हो गए होते। देश में राजनीतिक स्थिरता के लिए भाजपा आवश्यक है। भाजपा 2014 में पीएम मोदी के मार्गदर्शन में देश ही नहीं, बल्कि दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बना। आमजन के मन में जिज्ञासा है कि भाजपा कर्मठ कार्यकर्ताओं व सक्षम नेतृत्व के बल पर सबसे बड़ा राजनीतिक दल नहीं होता तो तय था कि 2024 में जिस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर के षडयंत्र हुए थे, वे सफल होकर भारत को लंबे समय तक अस्थिरता के दौर में ढकेलने का कार्य करते।




### 1 सितंबर से चलेगा सक्रिय सदस्यता का अभियान

**सीएम ने** बताया कि पहली से 25 सितंबर तक पहले चरण का अभियान चलेगा। द्वितीय चरण पहली से 15 अक्टूबर तक चलेगा और 15 से 31 अक्टूबर तक सक्रिय सदस्यता का अभियान चलेगा। सक्रिय सदस्य के लिए आवश्यक होगा कि वह 100 सदस्य बनाया हो। सीएम ने कहा कि बूथश: फिजिकल वेरीफिकेशन कर सकें तो कोई अफवाह व षडयंत्र चुनौती नहीं रह पाएगी। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम, प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, पूर्व उप मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रमापति राम त्रिपाठी, सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्रदेव सिंह, उत्तर प्रदेश के सहप्रभारी संजीव चौरसिया आदि मौजूद रहे।

# ठाणे के बदलापुर में जमकर बवाल

### ● छात्राओं के यौन उत्पीड़न पर बिफरे लोग, विरोध प्रदर्शन, रेलवे ट्रैक को किया बाधित

**पीएनएस/एजेंसी**। मुंबई

**एक प्रमुख** नर्सरी स्कूल के शौचालय में एक सफाई कर्मचारी द्वारा दो चार वर्षीय बच्चियों का कथित यौन उत्पीड़न और पुलिस कार्रवाई में 'देरी' को लेकर निकटवर्ती ठाणे जिले के बदलापुर में बड़े पैमाने पर नागरिक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। इस दौरान रेल ट्रैक को भी अवरुद्ध किया गया जिससे बदलापुर और कर्जत के बीच उपनगरीय ट्रेन सेवाएं बाधित रही तथा मुंबई के सेटेलाइट शहरों सामान्य जीवन बाधित रहा। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पुलिस को इस मामले में गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म के प्रयास का आरोप दर्ज करने का निर्देश दिया है। शिंदे ने मंगलवार को कहा कि मामले की त्वरित सुनवाई की जाएगी और एक विशेष सरकारी वकील नियुक्त किया जाएगा।

घटना के बाद, अभिभावकों ने व्यापक विरोध प्रदर्शन किया है, जिसने मंगलवार को हिंसक रूप ले लिया। गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने स्कूल में तोड़फोड़ की। वे बदलापुर स्टेशन पर पटरियों पर उतर आए और लोकल ट्रेनों का परिचालन अवरुद्ध कर दिया। सुबह करीब 8.30 बजे उपनगरीय ट्रेनों का मार्ग अवरुद्ध हो गया। उन्होंने रेलवे स्टेशन पर पथराव भी किया। इस बीच, शिंदे ने कहा, मैंने ठाणे के पुलिस आयुक्त से बात की है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मैंने मामले की त्वरित सुनवाई करने और आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म के प्रयास और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामला दर्ज करने को कहा है। वहीं, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने मामले में प्राथमिकी दर्ज करने में देरी पर सवाल उठाया है। एनसीपीसीआर के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने घटना पर अपनी पीड़ा व्यक्त करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। उन्होंने कहा कि मामले की जांच के लिए एक टीम भेजी जाएगी। उन्होंने सवाल किया कि पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करने के लिए पीड़िता के माता-पिता को 12 घंटे तक इंतजार क्यों कराया। कानूनगो ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं व्यक्तिगत रूप से जांच की निगरानी करूंगा और यह सुनिश्चित करूंगा कि लापरवाही बरतने वाले सभी पुलिस अधिकारियों को दंडित किया जाए। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने बताया कि मुख्यमंत्री शिंदे ने चेतावनी दी है कि यदि स्कूल प्रबंधन की लापरवाही या मिलीभगत पाई गई तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शिंदे ने प्रदर्शन कर रहे अभिभावकों से संयम बरतने की अपील की, क्योंकि रेल रोके जाने से लोकल ट्रेनों का परिचालन अवरुद्ध हो रहा है। पुलिस ने 17 अगस्त को स्कूल के एक अटेंडेंट को तीन और चार साल की दो छात्राओं के कथित यौन उत्पीड़न को लेकर गिरफ्तार किया था। पुलिस में दी गई शिकायत के अनुसार, उसने स्कूल के शौचालय में बच्चियों का यौन उत्पीड़न किया था। स्कूल प्रबंधन ने घटना को लेकर प्राचार्य, एक क्लास टीचर और एक महिला अटेंडेंट को निलंबित कर दिया है। शिंदे ने भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने और उनसे निपटने के लिए तत्काल और प्रभावी कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया। सीएमओ के अनुसार, मुख्यमंत्री ने ठाणे पुलिस आयुक्त को निर्देश दिया है कि वह इस मामले को पूरी तत्परता के साथ देखें।




# ट्राई ने टेलीमार्केटर पर कसा शिकंजा

**पीटीआई**। नई दिल्ली

**भारतीय** दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने मंगलवार को बार-बार कॉल कर परेशान करने वाले टेलीमार्केटर पर अपना रुख सख्त करते हुए दूरसंचार कंपनियों को मैसेजिंग सेवाओं का दुरुपयोग रोकने और उपभोक्ताओं को फर्जीवाड़े से बचाने के लिए विशेष उपाय करने का निर्देश दिया। दूरसंचार नियामक ने यह कहा कि एक सितंबर से सभी दूरसंचार कंपनियों को यूआरएल, ओटीटी लिंक या उन कॉल बैक नंबर वाले संदेशों के प्रसारण से रोक दिया जाएगा जिन्हें प्रेषकों ने अधिकृत नहीं किया है। संदेश भेजने वाले की पहचान की क्षमता बढ़ाने के लिए ट्राई ने अनिवार्य किया है कि एक नवंबर से प्रेषक से लेकर प्राप्तकर्ता तक सभी संदेशों के स्रोत का पता लगाया जा सकेगा। इस क्रम में अपरिभाषित या बेमेल टेलीमार्केटर श्रृंखला वाला कोई भी संदेश अस्वीकार कर दिया जाएगा। ट्राई का यह कदम इस लिहाज से महत्वपूर्ण है कि नियामक ने दूरसंचार ग्राहकों को प्रचार के लिए कॉल और संदेश भेजने वाले अनधिकृत टेलीमार्केटिंग कंपनियों पर नकेल कसने की दिशा में पहल की है। पिछले सप्ताह ट्राई ने दूरसंचार कंपनियों को स्पैम कॉल करने वाले गैर-पंजीकृत टेलीमार्केटर के सभी दूरसंचार संसाधनों का कनेक्शन काटने और दो साल तक के लिए काली सूची में डालने का निर्देश दिया था।

# केंद्र ने यूपीएससी को लेटरल एंट्री के जरिये भर्ती रद्द करने को कहा

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली

**लेटरल एंट्री** स्कीम में विज्ञापित पदों में आरक्षण को लेकर विवाद के बीच केंद्र ने मंगलवार को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) से नवीनतम लेटरल एंट्री भर्ती को रद्द करने के लिए कहा। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने यूपीएससी अध्यक्ष प्रीति सूदन को पत्र लिखकर विज्ञापन रद्द करने को कहा ताकि हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सरकारी सेवाओं में उनका उचित प्रतिनिधित्व मिल सके। यूपीएससी ने 17 अगस्त को लेटरल एंट्री के माध्यम से 45 संयुक्त सचिवों, निदेशकों और उप सचिवों की भर्ती के लिए एक अधिसूचना जारी की थी - जिसे सरकारी विभागों में विशेषज्ञों (निजी क्षेत्र के लोगों सहित) की नियुक्ति कहा जाता है। इस फैसले की विपक्षी दलों ने आलोचना की थी, जिन्होंने दावा किया था कि इससे ओबीसी, एससी और एसटी के आरक्षण के अधिकार कमजोर हो गए हैं। पत्र में, सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए कहा, सार्वजनिक रोजगार में आरक्षण 'हमारे सामाजिक न्याय ढांचे' की आधारशिला है, जिसका उद्देश्य ऐतिहासिक अन्याय को संबोधित करना और समावेशिता को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा, चूंकि इन पदों को विशिष्ट माना गया है और एकल-कैडर पदों के रूप में नामित किया गया है, इसलिए इन नियुक्तियों में आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं किया गया है।






सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने पर माननीय प्रधानमंत्री के फोकस के संदर्भ में इस पहलू की समीक्षा और सुधार की आवश्यकता है।

यूपीएससी लेटरल एंट्री के जरिए सीधे उन पदों पर उम्मीदवारों की नियुक्ति करता है, जिन पर भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारियों की तैनाती होती है। इस व्यवस्था के तहत निजी क्षेत्रों के अलग-अलग पेशे के विशेषज्ञों को विभिन्न मंत्रालयों व विभागों में सीधे संयुक्त सचिव और निदेशक व उप सचिव के पद पर नियुक्त किया जाता है। यूपीएससी ने 17 अगस्त को लेटरल एंट्री के माध्यम से 45 संयुक्त सचिवों, निदेशकों और उप सचिवों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की थी। सरकारी विभागों में (निजी क्षेत्रों के विशेषज्ञों सहित) विभिन्न विशेषज्ञों की नियुक्ति को लेटरल एंट्री कहा जाता है।

इस निर्णय की विपक्षी दलों ने कड़ी आलोचना की थी। उनका दावा है कि इससे अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के आरक्षण अधिकारों का हनन हुआ है। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री सिंह ने अपने पत्र में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए सार्वजनिक रोजगार में आरक्षण हमारे सामाजिक न्याय ढांचे की आधारशिला है जिसका उद्देश्य ऐतिहासिक अन्याय को दूर करना और समावेशिता को बढ़ावा देना है। सिंह ने कहा, चूंकि इन पदों को विशिष्ट मानते हुए एकल-कैडर पद के रूप में नामित किया गया है, इसलिए इन नियुक्तियों में आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है। सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के माननीय प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए, इस कदम की समीक्षा और सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, मैं यूपीएससी से 17 अगस्त 2024 को जारी लेटरल एंट्री भर्ती विज्ञापन को रद्द करने का आग्रह करता हूं। सिंह ने कहा कि यह कदम सामाजिक न्याय और सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति होगा। उन्होंने कहा, यह सर्वविदित है कि सैद्धांतिक रूप में लेटरल एंट्री को द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग का समर्थन हासिल था, जिसका गठन 2005 में श्री वीरप्पा मोइली की अध्यक्षता में किया गया था। 2013 में छठे वेतन आयोग की सिफारिशें भी इसी दिशा में थीं। उन्होंने कहा कि इससे पहले और बाद में भी लेटरल एंट्री के कई बड़े मामले सामने आए हैं। सिंह ने कहा कि पिछली सरकारों के तहत विभिन्न मंत्रालयों में सचिव जैसे महत्वपूर्ण पद, यूआईडीएआई का नेतृत्व आदि, बिना किसी आरक्षण प्रक्रिया का पालन किए, लेटरल एंट्री के माध्यम से भरे गए। उन्होंने कहा, इसके अलावा, यह सर्वविदित है कि राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के कुख्यात सदस्य एक सुपर-नौकरशाही की अगुवाई करते थे जो प्रधानमंत्री कार्यालय को नियंत्रित करती थी।

# गरीबों को उजाड़ने का दुस्साहस करने वाले बख्शे न जाएं: मुख्यमंत्री

## सीएम ने जनता दर्शन में सुनीं लोगों की समस्याएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गोरखपुर



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि गरीबों को उजाड़ने का दुस्साहस करने वाले माफिया, दबंगों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। गरीबों की जमीन तो बचाई ही जाएगी, साथ ही जिन भी जरूरतमंदों को अभी पक्का मकान नहीं मिल पाया है, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के दायरे में लाकर पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

सीएम योगी ने उक्त निर्देश मंगलवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए दिए। मुख्यमंत्री ने इस दौरान करीब 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक सीएम योगी खुद पहुंचे और समस्या सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए। उनकी बात इत्मीनान से सुनने के बाद पास खड़े अधिकारियों को समस्या समाधान हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिए। अलग-अलग मामलों से जुड़े समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने लोगों को आश्वस्त किया कि प्रभावी कार्रवाई करते हुए सबकी समस्या का समाधान हर हाल में किया जाएगा। जमीन कब्जा किए जाने की कुछ शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट हिदायत दी कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है। सीएम योगी ने कहा कि राजस्व व पुलिस से संबंधित मामलों में प्रभावी कार्रवाई हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता पर रखें और हर पीड़ित की समस्या का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कई लोग गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की।

## समर्थ समाज और सशक्त राष्ट्र की बुनियाद है शिक्षा: योगी

### ● मुख्यमंत्री ने किया यूपी में 'रोड टू स्कूल' के पहले प्रोजेक्ट का शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गोरखपुर



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसी भी समर्थ और सशक्त राष्ट्र की सबसे प्रमुख उपलब्धि शिक्षा होती है। शिक्षा सभ्य व समर्थ समाज और सशक्त राष्ट्र की बुनियाद है और बुनियादी जरूरत भी। शिक्षा के बिना मानवीय मूल्यों और जीवन सृष्टि की आवश्यकताओं की पूर्ति की कल्पना नहीं की जा सकती है। सीएम योगी मंगलवार को गोरखपुर के चरगांवा ब्लॉक के लिए 'निपुण भारत मिशन' के तहत प्रदेश में 'रोड टू स्कूल' के पहले प्रोजेक्ट का शुभारंभ कर रहे थे। चरगांवा ब्लॉक क्षेत्र के एक रिजॉर्ट में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। व्यक्ति आत्मनिर्भर होगा तो समाज और राष्ट्र भी आत्मनिर्भर होगा। ऐसे में कोई कारण नहीं कि भारत दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनने से वंचित रह जाए। उन्होंने शिक्षा के महत्व की चर्चा करते हुए कहा कि प्राचीन समय से अलग अलग कालखंडों में शिक्षा को सर्वसुलभ बनाने के प्रयास किए गए। इसमें गुरुकुल प्रणाली भी प्रेरक रही। तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला, काशी, कांचीपुरम की ख्याति अध्ययन और अध्यापन के बेहतरीन केंद्र के रूप में रही। प्राचीनकाल के अलावा बदले हालात में देश को आजादी मिलने के बाद भी शिक्षा के क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रयास हुए लेकिन अभी भी बहुत कुछ करने की जरूरत है।



### स्टालों का अवलोकन कर सीएम ने कराया बच्चों को अन्नप्राशन

**रोड** टू स्कूल प्रोजेक्ट के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम स्थल पर बेसिक शिक्षा विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार आदि विभागों की तरफ से लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। बेसिक शिक्षा के स्टाल पर उन्होंने बच्चों से बातचीत कर उनका उत्साह बढ़ाया। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के स्टाल पर उन्होंने बच्चों को दुलारकर उनका अन्नप्राशन कराया और गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की। इसके बाद मंच पर उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की उत्कृष्ट छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया।

## आरएसएस के पूर्व अखिल भारतीय सह कार्यवाह बालकृष्ण का निधन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**व्यवस्था** प्रमुख एवं अवध प्रांत के पूर्व प्रांत प्रचारक बालकृष्ण त्रिपाठी का मंगलवार को निधन हो गया। वह करीब 88 साल के थे. स्वास्थ्य खराब होने पर शुक्रवार को उन्हें राम मनोहर लोहिया चिकित्सा संस्थान में भर्ती कराया गया था। उनका अंतिम संस्कार कानपुर के भैरव घाट पर किया गया। उनके निधन पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आदि ने दुख जताया है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह अरुण कुमार ने स्व. बालजी के पार्थिव देह पर पुष्पांजलि अर्पित की। स्व. बालजी का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र हित व व्यक्ति निर्माण के लिए समर्पित रहा। बालकृष्ण के पिता का नाम स्व. मन्नूलाल त्रिपाठी एवं माता का नाम स्व. शान्ति देवी था। वे पांच भाइयों में दूसरे क्रम पर 5 मार्च 1937 को जन्मे थे। उनका पैतृक निवास कानपुर देहात की बिल्हौर तहसील के शिवराजपुर ब्लॉक के कंठीपुर ग्राम पंचायत में था। कानपुर के डीएवी कॉलेज से

### ● भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सहित पार्टी व आरएसएस के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

एम.कॉम करने के बाद वे कानपुर स्थित एर्गन मिल में एकाउंट मैनेजर पद पर सेवारत थे। कानपुर के तत्कालीन विभाग प्रचारक स्व. अशोक सिंहल की प्रेरणा से नौकरी छोड़कर सन 1962 में वे संघ के प्रचारक निकले और राष्ट्र हित में अपना सार्वजनिक जीवन आरम्भ किया। तहसील प्रचारक बिल्हौर, नगर प्रचारक कानपुर, जिला प्रचारक, विभाग प्रचारक, प्रांत शारीरिक प्रमुख, सह प्रांत प्रचारक, प्रांत प्रचारक अवध प्रांत, संयुक्त क्षेत्र सम्पर्क प्रमुख, उ.प्र. व उत्तराखंड तथा अखिल भारतीय सह व्यवस्था प्रमुख आदि दायित्वों का आपने निर्वहन किया। आपातकाल के समय आपने कानपुर में भूमिगत होकर सक्रिय रूप काम किया। अपने प्रचारक जीवन में उन्होंने तहसील प्रचारक से लेकर अखिल भारतीय दायित्व तक का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। उन्होंने एक सच्चे स्वयंसेवक के रूप में उन्होंने उच्चतम आदर्श स्थापित किये। वर्तमान में आपका केंद्र भारती भवन लखनऊ था। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भी भारती भवन में पार्थिव देह पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूर्वी उ.प्र. के क्षेत्र प्रचारक अनिल, क्षेत्र प्रचारक प्रमुख राजेन्द्र सिंह, अवध के प्रांत प्रचारक कौशल, इतिहास संकलन के अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री संजय , संयुक्त क्षेत्र ग्राम विकास प्रमुख वीरेंद्र सिंह, क्षेत्र कार्यकारिणी के सदस्य रामजी भाई, क्षेत्र प्रचार प्रमुख सुभाष राष्ट्रधर्म के निदेशक मनोजकांत , भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, राज्यसभा सदस्य डा. दिनेश शर्मा, भाजपा के पूर्व संगठन मंत्री एवं पूर्व एमएलसी जयप्रकाश चतुर्वेदी , पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, विधान परिषद सदस्य डा. महेन्द्र सिंह, विहिप के प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप, स्वामी रामेश्वर दास, विद्या भारती के क्षेत्र संगठन मन्त्री हेमचन्द्र, बाल आयोग की सदस्य डा. शुचिता चतुर्वेदी, स्वास्थ महानिदेशक लखनऊ डा. नरेन्द्र , संस्कार भारती क्षेत्र प्रमुख एवं केन्द्रीय ललित कला अकादमी लखनऊ के निदेशक देवेन्द्र त्रिपाठी, किसान संघ के प्रांत संगठन मंत्री रामचेला सहित स्वंयसेवकों ने स्व. बालजी के पार्थिव देह पर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। भारती भवन में स्व बालजी के छोटे भाई रामकृष्ण एवं उनके परिवारीजनों ने भी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### सीएम योगी ने भी दी विनम्र श्रद्धांजलि

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ के पूर्व अखिल भारतीय सह व्यवस्था प्रमुख एवं अवध प्रांत के पूर्व प्रांत प्रचारक बालकृष्ण त्रिपाठी के निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की है। सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर लिखा कि वरिष्ठ प्रचारक, पूर्व अखिल भारतीय सह व्यवस्था प्रमुख और अवध प्रांत के पूर्व प्रांत प्रचारक बालकृष्ण का निधन अत्यंत दुखद है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! योगी आदित्यनाथ ने आगे लिखा कि, प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान और शोकाकुल स्वयंसेवकों व परिजनों को यह अथाह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।? शांति!

## चुनाव में बेईमानी न होती तो यूपी में 50 से ज्यादा सीटें जीतता इंडिया गठबंधन: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में मुख्यमंत्री के इशारे पर अधिकारियों ने बेईमानी नहीं की होती तो समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबन्धन 50 से ज्यादा सीटें जीतती। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों, नौजवानों, व्यापारियों सभी को धोखा दिया। भाजपा ने जनता से झूठे वादे किए। किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। नौजवानों को नौकरी, रोजगार नहीं मिला। भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होते रहे। भाजपा सरकार जानबूझकर पेपर लीक कराती रही, जिससे नौकरी और आरक्षण न देना पड़े। विसंगतिपूर्ण जीएसटी से व्यापार बर्बाद हो गया। महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार ने सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। हर विभाग में भ्रष्टाचार है। बजट की लूट मची है। प्रधानमंत्री जी ने जिस एक्सप्रेस वे का उद्घाटन किया था वह अभी से रिपेयरिंग मांग रहा है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने लखनऊ में एक भी बड़ा काम नहीं किया। लखनऊ में कोई कार्य नही दिखाई देता। भाजपा सरकार ने बिजली व्यवस्था को बर्बाद कर दिया। लोगों को बिजली नहीं मिल रही है। केवल बिजली का बिल आता है। प्रदेश में भाजपा की सात साल की सरकार में एक भी बिजली का प्लान्ट नहीं लगा। बिजली घर लगाना तो दूर मुख्यमंत्री ने बिजली प्लान्ट का नाम भी नहीं लिया।

प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त है। कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार पर मुख्यमंत्री का जीरो टालरेंस का दावा जीरो हो चुका है। महिला अपराध के मामले में उत्तर प्रदेश की स्थिति बहुत खराब है। पीड़ितो और गरीबों को न्याय नहीं मिल रहा है। भाजपा सरकार में किसी को न्याय नहीं मिल सकता। हर वर्ग में निराशा है। अखिलेश यादव ने कहा कि जनता अब भाजपा से मुक्ति चाहती है। प्रदेश में विधान सभा सीटों क लिए होने वाले उपचुनाव और आने वाले सभी चुनावों में भाजपा का हारना तय है। उत्तर प्रदेश भाजपा से मुक्त होगा तभी जनता को अन्याय, अत्याचार, गरीबी, बेरोजगारी, मंहगाई से मुक्ति मिलेगी। यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में बड़ी हार के बाद भी भाजपा के बड़बोले नेता डीगें हांकने से बाज नहीं आ रहे है।

### आखिरकार पीडीए की एकता के आगे झुक गई प्रदेश सरकार

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि यूपीएससी में लेटरल एन्ट्री के पिछले दरवाज़े से आरक्षण को नकारते हुए नियुक्तियों की साज़िश आखिरकार पीडीए की एकता के आगे झुक गई है। सरकार को अब अपना ये फ़ैसला भी वापस लेना पड़ा है। भाजपा के षड्यंत्र अब कामयाब नहीं हो पा रहे हैं, ये पीडीए में आए जागरण और चेतना की बहुत बड़ी जीत है। पीडीए इन परिस्थितियों में समाजवादी पार्टी 'लेटरल भर्ती' के खिलाफ 02 अक्टूबर से शुरू होने वाले आंदोलन के आह्वान को स्थगित करती है, साथ ही ये संकल्प लेती है कि भविष्य में भी ऐसी किसी चाल को कामयाब नहीं होने देगी व पुरज़ोर तरीके से इसका निर्णायक विरोध करेगी। जिस तरह से जनता ने हमारे 02 अक्टूबर के आंदोलन के लिए जुड़ना शुरू कर दिया था, ये उस एकजुटता की भी जीत है। लेटरल एंट्री ने भाजपा का आरक्षण विरोधी चेहरा उजागर कर दिया है।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मेरा हाई स्कूल अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 0956886व प्रमाण पत्र क्रमांक 31000466 वर्ष 2017 वास्तव में कहीं खो गया है! कलीम अली पुत्र श्री सलीम अली निवासी ग्राम जमुनिया थाना खीरी, जिला लखीमपुर खीरी ।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरे पिता का नाम एफ उददीन (F.Uddin) अंकित है जो कि गलत है मेरे पिता का सही नाम फहीम उद्दीन है अब उन्हें इसी नाम से जाना व पहचाना जाए । शाहबाज अहमद पुत्र फहीम उद्दीन निवासी 45 बड़ा बघाड़ा पोस्ट तेलियरगंज प्रयागराज

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पत्नी श्रीमती राज श्री पाण्डेय की जन्म तिथि त्रुटिवश जिन अभिलेखों में 11–10–1970 दर्ज हो, उसमें सुधार करते हुए सही जन्म तिथि 05–10–1968 मानी जाय। पारस नाथ पाण्डेय पुत्र स्व. श्याम बिहारी पाण्डेय सी–83 सेक्टर–एच अलीगंज, लखनऊ

**सूचना**

सूचित करना है कि मेरे सेना के रिकॉर्ड में त्रुटिवश मेरे पत्नी का नाम JANKLALI PANDEY अंकित हो गया है, जबकि सभी दस्तावेजों में सही नाम JANAK LALI PANDEY दर्ज है। भविष्य में मेरी पत्नी को इसी नाम से जाना जाए। दुर्गेश धर दिवेदी, ग्राम–झानीपुर राम प्रसाद, पोस्ट– अंधियारी, तहसील–मनकापुर, गोण्डा, यूपी–271302.

**सूचना**

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, YUDDHVEER SINGH SIROHI alias YUDDH BIR SINGH S/O SURAJMAL SINGH SIROHI R/O-202 Type-4 32-Battalion PAC Kanpur-Road, Lucknow, Uttar-Pradesh-226023 changed my name to YUDDHVEER SINGH SIROHI.

PD(690)A

## भारत बंद आज, मायावती ने किया समर्थन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एससी/एसटी** के आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ बुधवार (21 अगस्त) को भारत बंद का आह्वान किया गया है। आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति ने भारत बंद की घोषणा की है। बंद के इस आह्वान को बसपा सुप्रीमो मायावती ने समर्थन किया है।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर एक्स करते हुए लिखा कि केन्द्र सरकार में संयुक्त सचिव व निदेशक आदि के उच्च पदों पर आरक्षण सहित सामान्य प्रक्रिया से प्रमोशन व बहाली के बजाय भारी वेतन पर बाहर के 47 लोगों की लेटरल नियुक्ति बीएसपी के तीव्र विरोध के बाद आज रद्द,

### ● आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में किया बंद का आह्वान

किन्तु ऐसी सभी आरक्षण विरोधी प्रक्रियाओं को हर स्तर पर रोक लगाने की जरूरत। उन्होंने आगे लिखा कि साथ ही, दिनांक 1 अगस्त 2024 के मा. सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के विरुद्ध एससी/एसटी के पूर्व की आरक्षण व्यवस्था को बहाल करने हेतु केन्द्र संविधान संशोधन की कार्यवाही करे, जिसको लेकर कल इन वर्गों द्वारा भारत बंद का आहवान, जिनसे इसे बिना कोई हिंसा के अर्थात् शान्तिपूर्ण करने की अपील। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने बीते दिनों दिए गए एक बड़े फैसले में कोटा के अंदर कोटा को मंजूरी दे दी है। इसके खिलाफ ही बंद का आह्वान किया गया है।

## 21वीं सदी के महानायक थे राजवी गांधी: अजय राय

### ● पूर्व प्रधानमंत्री की 80वीं जयन्ती पर कांग्रेसियों ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**भारत** रत्न-पूर्व प्रधानमंत्री, सूचना क्रान्ति के जनक राजीव गांधी की 80वीं जयन्ती के अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसके तहत आज प्रात: प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने सर्वप्रथम कालीदास मार्ग स्थित चौराहे पर राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इसके उपरान्त माल एवेन्यू चौराहे स्थित राजीव चौक पर राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। माल्यार्पण के मौके पर सांसद राकेश राठौर, शहर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी, पूर्व विधायक इन्दल रावत सहित तमाम कांग्रेसजन मौजूद रहे। तदुपरान्त प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में शहर कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी एवं डॉ. शहजाद आलम द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारम्भ किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने इस मौके पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि राजीव गांधी 21वीं सदी के महानायक थे। सूचना तकनीकी और कम्प्यूटर को हिन्दुस्तान में लाने का श्रेय राजीव गांधी को है। उन्होने देश को विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए जो सपना देखा था उसे क्रियान्वित करने का प्रयास किया। आज पूरा देश राजीव की सूचना क्रान्ति के बदौलत आगे बढ़ रहा है। उन्होने पंचायती राज एक्ट, युवाओं को 18 वर्ष में मताधिकार, महिलाओं की सामाजिक और राजनीतिक भागीदारी के लिए जो उल्लेखनीय कार्य किये, उसे कभी भी विस्मृत नहीं किया जा सकता है। राजीव के उन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि आज हमारे देश की महिलाएं हर क्षेत्र में कामयाबी हासिल कर रही हैं और देश का मान बढ़ा रही हैं।

## पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर एसटीएफ मुस्तैद,1541 अपराधी रडार पर

### 67 जिलों में 23 से 25 अगस्त और 30, 31 अगस्त को होगी प्रदेश के इतिहास की सबसे बड़ी पुलिस भर्ती परीक्षा

### ● आरक्षी के 60,244 पदों पर चयन के लिए 1154 केंद्रों पर होगी परीक्षा, 48 लाख से अधिक अभ्यर्थी होंगे शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार ने प्रदेश के इतिहास की सबसे बड़ी पुलिस की भर्ती परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए तैयारियां मुकम्मल कर ली हैं। सीएम योगी के निर्देश पर 60,244 आरक्षियों के पदों पर चयन के लिए होने वाली इस परीक्षा को प्रदेश के 67 जिलों में 23 से 25 अगस्त और 30, 31 अगस्त को आयोजित किया जा रहा है। परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। इसके तहत यूपी पुलिस और एसटीएफ 15 सौ से अधिक ऐसे अपराधियों पर लगातार नजर रख रही है, जो पिछले 12 वर्षों से पेपर लीक और सॉल्वर गैंग जैसी गतिविधियों में लिप्त रहे हैं। परीक्षा को पारदर्शी तरीके से कराने के लिए अब तक 48 लाख अभ्यर्थियों का आधार सत्यापन कराया जा चुका है जबकि शेष की सत्यापन प्रक्रिया चल रही है। इसके अलावा संदिग्ध अभ्यर्थियों के सत्यापन के लिए परीक्षा केंद्र पर ही ईकेवाईसी की व्यवस्था की जा रही है। इनकी परीक्षा के बाद भी स्कूटनी की जाएगी। वहीं 23 अगस्त को होने वाली परीक्षा के लिए मंगलवार से उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड होना शुरू हो गये हैं। अभ्यर्थी अपनी परीक्षा तिथि के तीन दिन पहले से अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड (यूपीपीआरपीबी) के अध्यक्ष राजीव कृष्ण ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप परीक्षा की शुचिता को बरकरार रखने के लिए सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों को ही परीक्षा केंद्र बनाया गया है। प्रदेश के 67 जिलों में परीक्षा के लिए 1174 केंद्र बनाए गए हैं, जो सभी शहर में ही स्थित हैं। यहां पर पांच दिनों में दो पॉली में 48,17,441 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इन जिलों में सकुशल परीक्षा कराने के लिए हर जिले में दो नोडल नियुक्त किये गये हैं, जिसमें जिला प्रशासन के एडीएम और पुलिस के एडिशनल एसपी स्तर के अधिकारी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सभी पिछले 25 दिनों से लगातार बोर्ड के टच में हैं। इसके अलावा बोर्ड की ओर से हर जिले में ऑब्जर्वर नियुक्त किये गये हैं। इनमें एसपी, एएसपी और डिप्टी एसपी रैंक के अधिकारी शामिल हैं। बोर्ड के अध्यक्ष ने बताया कि नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए अब तक 48 लाख अभ्यर्थियों का आधार सत्यापन कराया जा चुका है। इस दौरान 20 हजार संदिग्ध अभ्यर्थी पाये गये हैं। इन सभी को परीक्षा के दिन केंद्र पर सप्लीमेंट्री कागज (पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और पासपोर्ट) के साथ ढाई घंटे पहले पहुंचने के निर्देश दिये गये हैं। इन सभी का परीक्षा केंद्र पर ईकेवाईसी किया जाएगा। इसके बाद भी इन्हे परीक्षा की अनुमति दी जाएगी। इन सभी अभ्यर्थियों की परीक्षा के बाद भी स्कूटनी की जाएगी। बोर्ड के अध्यक्ष ने बताया कि परीक्षा की सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। इसके लिए पिछले 20 दिनों से यूपी पुलिस और एसटीएफ 1541 ऐसे अपराधियों पर लगातार नजर रख रही है, जो पिछले 12 वर्षों से पेपर लीक और सॉल्वर गैंग जैसी गतिविधियों में लिप्त रहे हैं। इन सभी अपराधियों की लिस्ट यूपी पुलिस और एसटीएफ को बोर्ड की ओर से मुहैया करायी गई है। इसके अलावा पिछले कुछ दिनों से टेलीग्राम के करीब 10 चैनल पर सक्रिय ठगी के गिरोह की जानकारी भी एसटीएफ और यूपी पुलिस से साझा की गयी है ताकि उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके। बोर्ड की ओर से अभ्यर्थियों को इन ठगों से सावधान रहने के लिए वेबसाइट और सोशल मीडिया के जरिये अलर्ट किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से अभ्यर्थियों को कई तरह की सहूलियतें भी दी गयी हैं। इसके तहत किसी भी अभ्यर्थी से यूपी की रोडवेज बसों में किराया नहीं लिया जाएगा। उनका एडमिट कार्ड ही उनका टिकट होगा। इसके लिए उन्हे अपने एडमिट कार्ड की छायाप्रति कंडक्टर को देनी होगी। इसके अलावा योगी सरकार की ओर से पहली बार परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों के टाइम मैनेजमेंट के लिए परीक्षा केंद्र के सभी 17 हजार कमरों में दीवार घड़ी लगायी गयी है।

**(फॉर्म–जी का अनुशेष) का अनुशेष विज्ञापन**
**एनसीआर रेल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड हेतु दिनांक 08 जून 2024 को प्रकाशित तथा 23 मई 2024 को प्रकाशित अभिरुचि की अभिव्यक्ति (फॉर्म–जी)**

एनसीआर रेल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के लिए दिवाला और शोधन अक्षमता (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम-2016 के विनियम 36ए(1) के अंतर्गत रुचि की अभिव्यक्ति ("ईओआई") हेतु विज्ञापन जो दिनांक 23 मई 2024 और बिजनेस स्टैंडर्ड (सभी भारतीय संस्करण), नवशक्ति (मराठी, मुंबई) और पायनियर (हिंदी कवरिंग बुलंदशहर जिला उत्तर प्रदेश) में दिनांक 08 जून 2024 को अभिरुचि की अभिव्यक्ति (फॉर्म-जी) का अनुशेष के संदर्भ में है, जिसमें ईओआई जमा करने की अंतिम तिथि 18 जून 2024 थी। ऋणदाताओं की समिति के अनुमोदन के अनुसार, यह अधिसूचित किया जाता है कि भावी समाधान आवेदक(ओं) की व्यापक भागीदारी प्राप्त करने के लिए ईओआई प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि अब 26 अगस्त 2024 होगी। ईओआई के लिए निर्धारित समयसीमा नीचे दी गई है:

| प्रासंगिक विवरण | | |
|---|---|---|
| 1. | पैन/सीआईएन/एलएलपी संख्या के साथ कॉर्पोरेट देनदार का नाम | **एनसीआर रेल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड**<br>पैन: AAGCA9648B<br>सीआईएन: U93000MH2008PLC180907 |
| 2. | पंजीकृत कार्यालय का पता | 205 और 206 (भाग), दूसरी मंजिल, सीजे हाउस, एफ-ब्लॉक, शिव सागर एस्टेट, डॉ. एनी बेसेंट रोड, वर्ली, मुंबई शहर, मुंबई, महाराष्ट्र, भारत, 400018 |
| 3. | वेबसाइट का यूआरएल | https://www.arshiyalimited.com/rail-and-rail-infrastructure.html |
| 4. | उस स्थान का विवरण जहां अचल संपत्तियों का बहुमत स्थित है | गाँव- इब्राहिमपुर, जिला-बुलंदशहर, खुर्जा,203131 उत्तर प्रदेश (09)भारत |
| 5. | कॉर्पोरेट देनदार के मुख्य उत्पादों/सेवाओं की स्थापित क्षमता<br>एफएसआई | कॉर्पोरेट देनदार से संबंधित 129.7 एकड़ भूमि में फैले रेल बुनियादी ढांचे के साथ वेयरहाउसिंग संपत्ति इसके अतिरिक्त, होल्डिंग कंपनी अर्शिया लिमिटेड के स्वामित्व में 43 एकड़ उपलब्ध इंटरकनेक्टेड भूमि समूह है जो सीआईआरपी के अधीन भी है।<br>कॉर्पोरेट देनदार के मुख्य विवरण:<br>2,40,000 वर्ग फीट के 2 गोदाम, जो घरेलू टैरिफ क्षेत्र (डीटीए), गैर-कार्यात्मक अंतर्देशीय कंटेनर डिपो (आईसीडी) के अंतर्गत हैं। 22 एकड़ का क्षेत्रफल और सभी प्रकार के कार्गो (बल्क और कंटेनर) को संभालने के लिए 6 रेलवे लाइनों और दो साइडिंग के साथ निजी माल ढुलाई टर्मिनल (पीएफटी) और 96 रेफर गैन्ट्री प्लग-इनस्पॉइंट्स |
| 6. | पिछले वित्तीय वर्ष में बेचे गए मुख्य उत्पादों/सेवाओं की मात्रा और मूल्य | वित्त वर्ष 2022-23 के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण के अनुसार, सकल रेवेन्यू 19.84 करोड़ रुपये था, परिचालन का रेवेन्यू 9.29 करोड़ रुपये था और अन्य आय 10.55 करोड़ रुपये थी। |
| 7. | कर्मचारियों/वर्कमैन की संख्या | 31 मार्च 2024 तक, कॉर्पोरेट देनदार के पास 36 कर्मचारी/वर्कमैन हैं। इसके अतिरिक्त, 30 नियमित संविदा मैनपॉवर |
| 8. | दो वर्षों के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरणों (अनुसूचियों के साथ), लेनदारों की सूची सहित, अधिक विवरण यूआरएल पर उपलब्ध हैं:- | विवरण cirp.ncrrail@gmail.com पर मांगा जा सकता है |
| 9. | संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत समाधान आवेदकों के लिए पात्रता यहां यूआरएल पर उपलब्ध है: | समाधान आवेदकों को दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016 की धारा 29ए के तहत पात्र होना चाहिए। विवरण cirp.ncrrail@gmail.com पर ईमेल करके मांगा जा सकता है |
| 10. | रुचि की अभिव्यक्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 26-08-2024 |
| 11. | संभावित संकल्प आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि | 28-08-2024 |
| 12. | अनंतिम सूची पर आपत्तियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 02-09-2024 |
| 13. | संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तारीख | 04-09-2024 |
| 14. | संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स और समाधान योजनाओं के लिए अनुरोध जारी करने की तारीख | 04-09-2024 |
| 15. | समाधान योजना प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 04-10-2024 |
| 16. | रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने के लिए ईमेल आईडी प्रक्रिया | cirp.ncrrail@gmail.com |
| 17. | मूल दस्तावेज जमा करने का पता | सीजीएच 212, डीएलएफ कैपिटल ग्रीन, मोती नगर दिल्ली-110015<br>पत्राचार पता: 808 पद्मा टावर 1, राजेंद्र प्लेस नई दिल्ली -110008 |

कृपया ध्यान दें:
1. पीआरए जो 8 जुलाई 2024 की पिछली अंतिम सूची में शामिल थे, वे एनसीआर रेल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के सीआईआरपी का हिस्सा बने रहेंगे और इस परिशिष्ट की समयसीमा का पालन करेंगे।
2. सभी समयसीमाएँ सीआईआरपी अवधि के विस्तार को मंजूरी देने के लिए एनसीएलटी की मंजूरी के अधीन हैं।

भुवन मदन
एनसीआर रेल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के रेजोल्यूशन प्रोफेशनल
आईबीबीआई पंजीकरण सं. IBBI/IPA-001/IP-P01004/2017-18/11655
एएफए: AA1/11655/02/241224/106721 वैधता 24.12.2024 तक
आरपी कार्यालय का पता: सीजीएच 212, डीएलएफ कैपिटल ग्रीन, मोती नगर दिल्ली-110015
पत्राचार हेतु ईमेल आईडी: cirp.ncrrail@gmail.com
आईपीई का समर्थन: पीडब्ल्यूसी कॉर्पोरेट बिजनेस सर्विसेज एलएलपी
दिनांक: 19 अगस्त 2024

# सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे हटाने का चलेगा अभियान

● मंडलायुक्त ने भू माफियाओं को संरक्षण देने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की दी चेतावनी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सरकारी** जमीनों पर से अवैध कब्जों को मुक्त कराने के लिए की जा रही कार्रवाई को लेकर मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में बैठक की। मण्डलायुक्त द्वारा अवैध कब्जों से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिये गए। अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए जनपद भर में अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। यही नहीं मंडलायुक्त द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों में संलिप्तता व भू माफियाओं को संरक्षण देने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही की चेतावनी दी गयी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप सरकारी जमीनों पर से अवैध कब्जों को मुक्त कराने के लिए मण्डलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन स्मार्ट सिटी ऑफिस के सभागार में की गयी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकारी भूमियों पर अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए जनपद भर में बड़े स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। मण्डलायुक्त ने कहा कि सार्वजनिक भूमि पर किये गये अवैध कब्जों के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के लिए राजस्व व नगर निगम की संयुक्त टीम गठित की गयी है। जो कि जनपद के समस्त क्षेत्र की सरकारी भूमियों की पैमाइश, जीएस मैपिंग व जीरो टेगिंग कराया जा रहा है। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को भू.माफियाओं के द्वारा अवैध रूप से कब्जा की गयी जमीन के विरूद्ध की गयी शिकायतों को भी प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के भी निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने समस्त उप जिलाधिकारियों को सरकारी जमीन पर किये गये अवैध अतिक्रमण को चिन्हित कर उसकी सूची तत्काल उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने.अपने तहसील में अवैध अतिक्रमण की सूची और यदि अवैध अतिक्रमण नहीं किया गया है तो संबंधित लेखपालों से इसका प्रमाण पत्र भी लेना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी जमीन अवैध अतिक्रमण से मुक्त करायी जाय तत्काल उसको कब्जे में लेते हुए उसको संरक्षित करना सुनिश्चित करें और उस पर अपना बोर्ड भी लगवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि तहसील स्तर के समस्त कानूनगो व लेखपालों की लंबित कार्यो को लेकर जवाबदेही तय करते हुए नियमित रूप पेडेनशी की समीक्षा करते रहे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी एफ आर राकेश सिंह, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सरोजिनी नगर फाल्गुनी सिंह, सहायक नगर आयुक्त आकाश सिंह, उपजिलाधिकारी बीकेटी सतीश त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बाउंड्री वाल को ध्वस्त कर जमीन मुक्त करने के निर्देश

**मंडलायुक्त** ने कहा कि सरकारी भूमि पर जिन दबंग भूमाफिया द्वारा अवैध रूप से प्लाटिंग व बाउंड्री कर लिए गया है। उनका तत्काल ध्वस्तीकरण कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि के सर्वे कार्य मे तेजी लाया जाये। सरकारी भूमि को अवैध कब्जा मुक्त करने के लिए संबंधित अधिकारियों द्वारा प्राथमिकता पर कार्य किया जाये। संबंधित अधिकारी नियमित रूप से किये जा रहे कार्यवाही की समीक्षा भी करते रहे।

## ब्लैक स्पॉट और दुर्घटना बाहुल्य स्थानों पर होगी पुलिस की तैनाती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शहर** में दुर्घटनाएं जहां ज्यादा होती हैं, ऐसे स्थानों पर पुलिस की तैनाती रहेगी। मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति और ट्रैफिक व्यवस्था की समीक्षा बैठक में मंडलायुक्त द्वारा इस संबंध में निर्देश दिए हैं। साथ ही ब्लैक स्पॉट चिह्नित कर उनको सुधारने का निर्देश भी दिया। मंडलायुक्त कार्यालय में हुई इस बैठक में कमिश्नर रोशन जैकब ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की सबसे बड़ी वजह ट्रैफिक नियमों की अनदेखी है। ऐसे में ट्रैफिक पुलिस की जिम्मेदारी अहम है। उन्होंने कहा कि जरूरत के अनुसार सड़कों की चौड़ाई बढ़ाएं। साथ ही प्राथमिकता पर डिवाइडर बनाने का कार्य किया जाए। कमिश्नर ने पूछा कि 28 जून को हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में ब्लैक स्पॉट चिह्नित करने के निर्देश दिए गए थे। इस संबंध में क्या कार्रवाई की। इस पर अफसरों ने बताया कि ब्लैक स्पॉट चिह्नित करने का कार्य आरटीओ, ट्रैफिक पुलिस, पीडब्ल्यूडी और स्थानीय प्रशासन ने करा लिया है। सुधार के लिए साइनेज, सड़क चौड़ीकरण, अतिक्रमण हटाना, सड़क की मरम्मत, डिवाइडर निर्माण, स्ट्रीट लाइट लगाने जैसे कार्य किए जा रहे हैं। कमिश्नर ने कहा कि ब्लैक स्पॉट के सुधार कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जाएं, अगली बैठक में सुधार की रिपोर्ट के साथ अधिकारी मौजूद रहें।

# 69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने शिक्षा निदेशालय पर किया प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**69000** शिक्षक भर्ती में शामिल आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी एक बार फिर से धरना प्रदर्शन पर उतर आये हैं। निदेशालय में धरने पर बैठे अभ्यर्थी हाईकोर्ट कोर्ट के आदेश का पालन किये जाने की मांग कर रहे थे। अभ्यर्थियों का कहना है कि हाईकोर्ट का जो फैसला आया है, सरकार उसे जल्द से जल्द लागू करें और आरक्षित वर्ग अभ्यर्थियों को न्याय देते हुए उनकी नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त करें।

धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने बताया कि वर्ष 2018 में यह भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई थी। जब इसका परिणाम आया तो इसमें व्यापक स्तर पर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के साथ अन्याय किया गया और उन्हें नौकरी देने से वंचित कर दिया गया। एक लंबे आंदोलन और न्यायिक प्रक्रिया से गुजरने के बाद अब लखनऊ हाईकोर्ट के डबल बेंच ने हम आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के हित में फैसला सुनाया है और नियमों का पालन करते हुए अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिए जाने का आदेश दिया है। लेकिन सरकार इस प्रकरण में हीला हवाली कर रही है। हम चाहते हैं की सरकार जल्द से इस प्रकरण का समाधान करें और एक शेड्यूल जारी करके बताएं कि हम पीड़ितों की नियुक्ति कब की जा रही है। अमरेंद्र पटेल ने कहा कि, कोर्ट ने 69000 शिक्षक भर्ती मूल चयन सूची रद्द करते हुए सरकार को तीन महीने के अंदर आरक्षण नियमों का पालन करते हुए नई सूची जारी करने का आदेश दिया है। लेकिन सरकार ने अभी तक कोई काम शुरू नहीं किया है केवल एक मीटिंग की है। हमारी मांग है कि सरकार हमारी चयन संबंधित प्रकिया का कार्यक्रम शेड्यूल जारी कर दे। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने 69000 सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा का परिणाम नए सिरे से जारी करने का आदेश दिया है। इसके बाद सरकार ने इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट ना जाने का निर्णय लेते हुए नहीं मेरिट लिस्ट जारी कर आंदोलनरत अभ्यर्थियों को समायोजित करने की बात कही है। साथ ही सामान्य और अति पिछड़ा वर्ग के जो शिक्षक प्रवाहित होंगे, उनकी नौकरी न जाए इसके लिए रास्ता निकालेगी। सरकार मेरिट से बाहर होने वाले शिक्षकों को किसी न किसी रूप में शिक्षण कार्य में लगाने का रास्ता खोज रही है।

# हत्याभियुक्त को आजीवन कारावास

विधि संवाददाता। लखनऊ



**हत्या** के एक मामले में दोषी करार दिए गए आरोपी सौरभ उर्फ जट उर्फ छोटू को सत्र अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। एडीजे सोमप्रभा मिश्रा ने इस पर 13 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। इस मामले के दो अन्य आरोपी रोहित कुमार व मिंटू उर्फ अमरेश कुमार को यह अदालत पहले ही उम्र कैद की सजा सुना चुकी है। उस दौरान आरोपी सौरभ फरार चल रहा था।

सरकारी वकील नवीन त्रिपाठी के मुताबिक इस मामले की एफआईआर मृतक संतोष के पिता मोलहे राम लोध ने थाना नगराम में दर्ज कराई थी। मोलहे का बेटा संतोष घर पर ही लाइट एंड साउंड की दुकान करता था। इस दुकान पर रोहित मजदूरी का काम करता था। इस वजह से उसका घर आना-जाना हो गया था। वह उनकी बहू व सम्पति पर बूरी नजर रखने लगा। वह बहू से छेड़खानी भी करने लगा। फिर बहू पर दबाव बनाने लगा कि वह अपने पति को छोड़कर उसके साथ शादी कर ले। बहू ने मना किया, तो कहा कि तुम्हारे पति को रास्ते से हटा देंगे। 22 जून, 2017 को जब उनका बेटा संतोष टीवी ठीक कराकर मोटरसाईकिल से घर लौट रहा था, तो रास्ते में अभियुक्तों ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी।

## दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष की सजा

**लखनऊ ( विसं )।** एक नाबालिग युवती से दुष्कर्म करने के मामले में पॉक्सो की विशेष अदालत ने आरोपी मनोज चौरसिया उर्फ चिकना को 10 वर्ष की सजा सुनाई है। विशेष जज नीरज कुमार उपाध्याय ने इस पर 20 हजार रुपए का जुर्माना भी ठोका है। चार जुलाई 2019 को इस मामले की रिपोर्ट पीड़िता के पिता ने थाना गुडंबा में दर्ज कराई थी। विशेष लोक अभियोजक सुखेन्द्र प्रताप सिंह के मुताबिक उस रोज पीड़िता ट्रक से मुंशीपुलिया तक आई थी। वहां उसे आरोपी मिला। वो पीड़िता को मोटरसाइकिल से अपने कमरे पर ले गया। वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। इससे पीड़िता बेहोश हो गई। आरोपी बेहोशी की हालत में उसे सड़क पर छोड़ दिया। पीड़िता ने यह बात फोन से अपने पिता को बताई थी।

## कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल पुलिस कमिश्नर से मिला बंथरा हत्याकांड में की तत्काल कार्रवाई की मांग

**लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र के नानामऊ निवासी किसान मखोले की हत्या के सम्बन्ध में चार सूत्रीय मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय द्वारा पुलिस कमिश्नर लखनऊ को लिखे गए पत्र के साथ कांग्रेस पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व सांसद पीएल पुनिया के नेतृत्व में पुलिस कमिश्नर से मिला और ज्ञापन सौंपा। पत्र में मांग की गयी है कि उक्त हत्याकाण्ड में तत्काल आवश्यक कार्यवाही करते हुए पीड़ित परिवार को अविलम्ब न्याय दिलाया जाए। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों नानामऊ निवासी किसान मखोले की हत्या की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त करने के लिए पूर्व सांसद पीएल पुनिया के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ित के घर गया था जहां पर मृतक किसान के पुत्र पप्पू द्वारा चार प्रमुख मांगों को लेकर प्रतिनिधिमंडल का ध्यान आकृष्ट कराया था। प्रतिनिधिमंडल द्वारा पुलिस कमिश्नर को सौंपे गए पत्र में मांग की गयी है कि मृतक किसान मखोले के पुत्र द्वारा दिए गए प्रार्थनापत्र पर अभी तक चोरी की एफआईआर नहीं दर्ज की गयी है। ऐसे में चोरी की प्रथम सूचना दर्ज कराकर दोषी व्यक्तियों की गिरफ्तारी की जाए। चूंकि पीड़ित परिवार बहुत ही गरीब है जिसका आय का साधन नहीं है, अतः पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपए मुआवजा प्रदान किया जाए। पीड़ित परिवार को मुल्जिमानो द्वारा जान-माल की धमकी दी जा रही है ऐसे में उस परिवार की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराते हुए पीड़ित द्वारा दिए गए प्रार्थनापत्र में उल्लिखित सिपाही रामानन्द जो कि इस हल्के में भी तैनात नहीं है उसके द्वारा अराजक तत्वों को प्रोत्साहित किया जा रहा है जिससे वहां की कानून व्यवस्था प्रभावित हो रही है ऐसे में उक्त पुलिसकर्मी को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करते हुए प्रभावी कार्यवाही की जाए।

# हिन्दू महासभा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बने चन्द्रमौली

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अखिल** भारत हिन्दू महासभाए उत्तर प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष चन्द्रमौली शुक्ला को बनाया गया है। प्रदेश इकाई के अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने आज यहां कुर्सी रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष चन्द्रमौली को मनोनयन पत्र सौंपा। अयोध्या में 25 अगस्त को होने जा रहे अधिवेशन से चंद दिन पहले नियुक्त हुये कार्यकारी अध्यक्ष चन्द्रमौली शुक्ला को पार्टी में मिली नयी जिम्मेदारी पर बधायी।

शुभकामनायें देते हुये प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने उम्मीद जतायी कि नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष हिंदू महासभा की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे और संगठनात्मक रूप से हिंदू महासभा को एक माह में उत्तर प्रदेश से 45 सदस्यी कार्यकारिणी का गठन करने में अध्यक्ष का सहयोग कर पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगें और हिंदू महासभा को प्रचंड करेंगे। इसके अलावा आगामी चुनाव 2027 विधानसभा को लक्ष्य मानकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वहीं दूसरी ओर पार्टी में मिली नयी जिम्मेदारी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि वह पार्टी के विचारों पर खरा उतरते हुये पार्टी के संगठनात्मक ढांचे की मजबूती के लिये कार्य करेंगे।

# संस्कृत में संपूर्ण ज्ञान-विज्ञान निहितः प्रो. मंजुला उपाध्याय

● नवयुग में संस्कृत दिवस पर आयोजित हुईं दो प्रतियोगिताएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**नवयुग** कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर लखनऊ के संस्कृत विभाग के गार्गी क्लब के तत्वावधान में विश्व संस्कृत दिवस निमित्तक दो प्रतियोगिताएं डॉ वन्दना द्विवेदी सह आचार्य संस्कृत विभाग के संयोजकत्व में आयोजित की गयी। प्रत्येक वर्ष श्रावणी पूर्णिमा को रक्षाबंधन पर्व, श्रावणी उपाकर्म एवं विश्व संस्कृत दिवस मनाया जाता है।

इसी क्रम में प्रथम प्रतियोगिता संस्कृत श्लोक आधारित चित्र पोस्टर प्रतियोगिता तथा द्वितीय संस्कृत श्लोक स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने कहा कि विश्व संस्कृत दिवस का मुख्य उद्देश्य संस्कृत भाषा के महत्व और उपयोगिता को प्रचारित करना तथा संरक्षित करना है इसके साथ ही यह दिन संस्कृत भाषा की सुरक्षा और अध्ययन को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर की याद दिलाता है। संस्कृत दुनिया की सबसे पुरानी भाषाओं में से एक है इसे सभी आधुनिक भारतीय भाषाओं की जननी भी माना जाता है।

इसमें संस्कृत विभाग की सभी छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं की निर्णायक सदस्या हिंदी विभाग की विभागाध्यक्षा प्रोफेसर मंजुला यादव तथा डॉ अंकिता पांडे ,सहायक आचार्य हिंदी विभाग ने अपना निर्णय दिया। पोस्टर प्रतियोगिता में स्नातक तृतीय सत्र की हर्षिता को प्रथम स्थान ,स्नातक प्रथम सत्र की समीक्षा को द्वितीय स्थान तथा स्नातक तृतीय सत्र की परी विमल एवं स्नातक प्रथम वर्ष की खुशी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। पोस्टर प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार स्नातक पंचम सत्र की आंशी वर्मा को प्राप्त हुआ। इसी क्रम में स्लोगन प्रतियोगिता में स्नातक पंचम सत्र की आशना चौरसिया को प्रथम स्थान स्नातक प्रथम सत्र की संजना सोनगार को द्वितीय स्थान तथा स्नातक तृतीय सत्र की हर्षिता को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ और सान्त्वना पुरस्कार स्नातक पंचम सत्र की इंगिता को प्राप्त हुआ।

# छूटे बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● महानिदेशक परिवार कल्याण ने सभी सीएमओ को दिए निर्देश

**प्रदेश** में टीका प्रतिरोधी परिवारों की पहचान की मुहिम तेज की जाएगी व उनके बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित किया जाएगा। महानिदेशक परिवार कल्याण डॉ नरेंद्र अग्रवाल ने सूबे के सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं।

विभागीय आंकड़ों के मुताबिक टीकाकरण से छूटे 13 प्रतिशत बच्चों में से पांच प्रतिशत परिवार टीकाकरण पश्चात प्रतिकूल प्रभाव के डर से अपने बच्चों को टीकाकरण कराने से इनकार कर देते हैं। टीकाकरण के बाद बच्चों में प्रायः बुखार, टीका लेने वाली जगह पर दर्द या सूजन, रेडनेस की संभावना रहती है। ऐसी भ्रांतियों को दूर करने के लिए बच्चों के टीकाकरण पश्चात लाभार्थियों के परिवारों को चार मुख्य संदेश दिए जाते हैं। डीजी के पत्र के अनुसार बीते जून माह में एक लाख 24 हजार 577 परिवारों की पहचान की गई जिन्होंने अपने बच्चों को किसी न किसी बहाने टीका नहीं लगवाया। इनमें से सिर्फ 49 प्रतिशत बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित किया जा सका। महानिदेशक परिवार कल्याण डॉ नरेंद्र अग्रवाल ने सभी सीएमओ को छूटे बच्चों को जल्द से जल्द कवर करने के निर्देश दिए हैं। पत्र में उन्होंने कहा है कि प्रदेश के कई जनपद ऐसे परिवारों व बच्चों की पहचान करने में पीछे हैं जो टीका कराने से इनकार कर रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि ब्लाक रेस्पांस टीम के सहयोग से कार्ययोजना बनाकर टीका प्रतिरोधी परिवारों की पहचान व छूटे बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित करें।

## किसानों ने किया वृंदावन योजना में आवास-विकास परिषद के कार्यालय का घेराव

**लखनऊ।** भारतीय किसान यूनियन हिंद द्वारा वृंदावन योजना में आवास एवं विकास परिषद के कार्यालय का घेराव किया गया। भाकियू हिंद द्वारा आरोप लगाया गया कि परिषद कार्यालय में किसानों का कोई काम नहीं होता। सड़क निर्माण व भूखंड दिए जाने जैसे मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन (हिन्द) के बैनर तले किसानों ने वृंदावन योजना सेक्टर.नौ स्थित आवास विकास परिषद कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। किसानों ने आरोप लगाया कि आवास विकास परिषद कार्यालय में किसानों का कोई काम नहीं होता। भाकियू (हिन्द) प्रदेश अध्यक्ष सूरज यादव ने बताया कि निर्माण खंड लखनऊ.दो से सेक्टर.पांच को जोड़ने वाली 1200 मीटर सड़क नहीं बनी है। किसानों को प्लाट आवंटित कर दिए गए हैं लेकिन रास्ता नहीं है। वृन्दावन के किसानों को पांच फीसदी भूमि दिये जाने वाले 2011 से 2016 तक के आवेदन पत्र निर्माण खण्ड लखनऊ.एक, दो व चार में लम्बित हैं।

# राजभवन में हर्ष और उल्लास से मनाया गया रक्षाबन्धन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**रक्षाबंधन** के पर्व पर आज राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को गणमान्य व्यक्तियों, अनेक संगठनों एवं बच्चों ने राखी बांधी। राखी बांधने वालों में वात्सल्य ग्राम वृन्दावन की बेटियां, साक्षी फाउण्डेशन, कानपुर के बच्चे, लेट्स गिव होप फाउण्डेशन, लखनऊ की बेटियां, उम्मीद संस्था, लखनऊ के बच्चे, प्रजापिता ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय लखनऊ की ब्रह्म कुमारी राधा बहन व 6 अन्य ब्रह्म कुमारी तथा बैनबरी क्रॉस एजुकेशन अकादमी स्कूल के बच्चे सम्मिलित थे।

इस अवसर पर राज्यपाल ने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डा सुधीर महादेव बोबडे सहित राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों व उनके बच्चों को भी राखी बांधी एवं बच्चों को मिष्ठान भी वितरित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि भाई-बहन के प्यार और स्नेह का प्रतीक यह त्योहार प्रेम, सुरक्षा और पारिवारिक बंधन को मजबूत करता है। राज्यपाल की प्रेरणा से रक्षाबंधन के पावन अवसर पर राजभवन के अधिकारियों व कर्मचारियों के बच्चों ने आज जिला कारागार, लखनऊ का भ्रमण कर वहां 150 से अधिक कैदियों को राखी बांधी तथा उनसे संवाद भी स्थापित किया। राज्यपाल की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में आज राजभवन परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। राज्यपाल सहित राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पौधरोपण किया।

# 151 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों के शिक्षक होंगे समायोजित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बेसिक** शिक्षा विभाग ने 151 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों के अतिरिक्त शिक्षकों को समायोजित करेगा। समायोजन के दौरान ऐसे विद्यालय जहां छात्र कम हैं और शिक्षक व प्रधानाध्यापक अधिक, उन्हें दूसरे विद्यालयों में समायोजित किया जाएगा। इसमें एक वरिष्ठतम प्रधानाध्यापक को छोड़कर शेष सभी प्रधानाध्यापक दूसरे विद्यालय भेजे जाएंगे। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी की ओर से सभी जिलों को इस बारे में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सभी जिलों में पूल बनाकर ऐसे सरप्लस प्रधानाध्यापकों की सूची तैयार की जाएगी। फिर उन परिषदीय प्राथमिक स्कूलों में जहां पर एक भी प्रधानाध्यापक नहीं हैं, वहां इन्हें तैनात किया जाएगा। ऐसे विद्यालय जहां शिक्षक, शिक्षामित्र व प्रधानाध्यापक में से कोई भी तैनात नहीं है और वे अनुदेशकों के भरोसे चल रहे हैं, वहां एक शिक्षक व प्रधानाध्यापक का न्यूनतम एक पद अनिवार्य रूप से भरा जाएगा। ऐसे स्कूल जहां शिक्षामित्र, शिक्षक व प्रधानाध्यापक इनमें से कोई एक भी तैनात है तो उसे कम शिक्षक वाले स्कूल की श्रेणी में सबसे ऊपर नहीं रखा जाएगा। पहले अनुदेशक के भरोसे चल रहे स्कूलों में शिक्षक व प्रधानाध्यापक भेजे जाएंगे, फिर अन्य विद्यालयों में छात्र संख्या व शिक्षक अनुपात के अनुसार समायोजन होगा। परिषदीय स्कूलों में 30 छात्र पर एक शिक्षक की तैनाती का मानक तय किया गया है।

# रक्षाबंधन पर 1601649 महिला यात्रियों ने की निशुल्क बस यात्रा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**परिवहन** मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देश पर रक्षाबंधन के अवसर पर यूपी में रोडबेज बसों से निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की गयी थी। इसके तहत 16,01,649 महिला यात्रियों ने निःशुल्क यात्रा की। गत वर्ष की तुलना में लगभग 25 प्रतिशत अधिक बहनों ने इस वर्ष निःशुल्क यात्रा का लाभ लिया। इसके अंतर्गत बहनों द्वारा उ0प्र0 परिवहन निगम की बस से 16,25,95,910 रुपए के समतुल्य टिकट मूल्य धनराशि की यात्रा की गई।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि 18 अगस्त की मध्य रात्रि से 19 अगस्त की मध्य रात्रि तक महिलाओं के लिए निःशुल्क यात्रा का निर्णय लिया गया था। इसके तहत रोडवेज के सभी बसों में बहनों को निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की गयी। उन्होंने जनकल्याण के लिए महिलाओं के पक्ष में लिये गये निर्णय के लिए मा0 मुख्यमंत्री जी योगी आदित्यनाथ जी का आभार जताया है। परिवहन मंत्री ने बताया कि गत वर्ष रक्षाबंधन पर्व (दो दिन अर्थात 30 एवं 31 अगस्त 2023) के अवसर पर यात्रा के अंतर्गत कुल 24,44,970 बहनों ने निःशुल्क यात्रा का लाभ लिया था। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्णयानुसार वर्ष 2017 से परिवहन निगम की बसों में बहनों के लिए रक्षाबंधन पर्व पर निःशुल्क सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। वर्ष 2017 में कुल 11.16 लाख महिलाओं ने, वर्ष 2018 में 11.69 लाख महिलाओं ने, वर्ष 2019 में 12.04 लाख महिलाओं ने, वर्ष 2020 में 7.36 लाख महिलाओं ने, वर्ष 2021 में 9.63 लाख महिलाओं ने एवं वर्ष 2022 में (दो दिन अर्थात 11 एवम 12 अगस्त) कुल 22.32 लाख महिलाओं ने निःशुल्क परिवहन सेवा का लाभ लिया।

परिवहन मंत्री ने रक्षाबंधन के इस पर्व पर बेहतर एवं सुचारु ढंग से कार्य करने के लिए एवम बेहतर सुविधाएं देने के लिए परिवहन निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद दिया है उन्होंने कहा कि आगे भी इसी तरह से आप कार्य करते रहें जिससे कि परिवहन निगम का और नाम बढ़े।

## नगरीय बसों में भी करीब 1.5 लाख महिलाओं को मिली निशुल्क यात्रा की सुविधा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**रक्षाबंधन** पर योगी सरकार के निर्देश पर परिवहन निगम द्वारा डेढ़ लाख महिलाओं को निशुल्क यात्रा को सुलभ बनाया गया। सरकार द्वारा 50 लाख रुपए का व्यवहार वहन किया गया। यह यात्रा 24 घंटे में किया गया। मंगलवार को परिवहन निगम के साथ ही सीएम योगी के निर्देश पर नगरीय परिवहन की बसों में भी रक्षाबंधन पर करीब 1.5 लाख महिलाओं को निशुल्क यात्रा सुविधा का लाभ मिला। इस पर सरकार ने करीब 50 लाख रुपए का व्यवहार वहन किया। नगर विकास विभाग के तहत संचालित नगरीय परिवहन द्वारा उपलब्ध कराए गए डेटा के अनुसार 18 अगस्त की मध्य रात्रि से 19 अगस्त की मध्यरात्रि तक 24 घंटे में कुल 1,44,634 महिलाओं ने सुविधा का लाभ उठाया। उन्हें जीरो मूल्यांकन टिकट उपलब्ध कराया गयाए जिसके एवज में सरकार ने 47,92,796 रुपए का खर्च वहन किया। योगी सरकार के निर्देश पर 15 शहरों में महिलाओं को निशुल्क यात्रा की सुविधा दी गई थी। इसके अंतर्गत झांसी में 2217, प्रयागराज में 7700, कानपुर में 22,600, मेरठ में 15,189, गाजियाबाद में 5890, मुरादाबाद में 3393, बरेली में 2700, शाहजहांपुर में 5009, आगरा में 21,424, मथुरा में 6059, अलीगढ़ में 1991, लखनऊ में 24,924, गोरखपुर में 5390, वाराणसी में 17,828 और अयोध्या में 2300 महिलाओं को निशुल्क यात्रा कराई गई।

भाजपा सदस्यता अभियान कार्यशाला

# देश के निर्माण का जिम्मा भाजपा कार्यकर्ताओं के कंधे पर: दुष्यंत गौतम

● पहली सितम्बर से 8800002024 पर मिस्डकॉल करके, क्यूआर कोड, नमो एप तथा वेबसाइट के माध्यम से ग्रहण की जा सकती है भाजपा की सदस्यता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी उत्तर प्रदेश की सदस्यता अभियान कार्यशाला मंगलवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी की अध्यक्षता में इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में सम्पन्न हुई। 1 सितम्बर से शुरू होने वाला भाजपा का सदस्यता अभियान पूरे प्रदेश में व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा। सदस्यता अभियान में 01 सितम्बर से देश का कोई भी नागरिक भाजपा द्वारा सदस्यता के लिए जारी किए गए नम्बर 8800002024 पर मिस्डकॉल, क्यूआर कोड, नमो एप तथा भाजपा की वेबसाइट के माध्यम से सदस्यता ग्रहण कर सकता है।

कार्यशाला में उपस्थित प्रतिनिधियों को मुख्यमंत्र योगी आदित्यनाथ, राष्ट्रीय महामंत्री व राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के सहसंयोजक दुष्यंत गौतम, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, प्रदेश के सहप्रभारी संजीव चौरसिया तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रमापति राम त्रिपाठी, सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा सहित उत्तर प्रदेश से पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय महामंत्री, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष, मोर्चो के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश मीडिया प्रभारी, सहप्रभारी, प्रदेश प्रवक्ता, पार्टी के राज्यसभा व लोकसभा में सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य, पार्टी संगठन के विभागो के संयोजक सहसंयोजक, प्रकोष्ठों के संयोजक सहसंयोजक, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर निगमों के महापौर, आईटी व सोशल मीडिया के संयोजक व सहसंयोजक और बोर्ड, निगम व आयोगों के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष सहित अन्य प्रमुख पार्टी पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राष्ट्रीय सदस्यता सह प्रभारी दुष्यंत गौतम ने कहा कि कभी संसद में हमारी पार्टी के दो सांसद हुआ करते थे और मोदी के नेतृत्व में हमनें लगातार तीसरी बार केन्द्र में सरकार बनाई है। हमने हम दो हमारे दो का व्यंग सुना। हमने राम मंदिर बनायेंगे तारीख़ नहीं बतायेंगे के भी ताने सुने, लेकिन हम संकल्पवान बने रहे। हमने अपने संकल्पों को पूरा करने का मार्ग चुना यह केवल कार्यकर्ताओं और संगठन की वजह से ही पूरा हो सका है। उन्होंने कहा कि हमें सदस्यता अभियान को गंभीरता से लेना है। भाजपा का कार्यकर्ता हनुमान है, वह जो ठान लेता है उसे पूरा करता है। हमें प्रत्येक व्यक्ति, वर्ग तथा क्षेत्र तक पहुंचकर सभी को पार्टी का सदस्य बनाने के लिए काम करना है। गौतम ने कहा कि देश के निर्माण का जिम्मा भाजपा कार्यकर्ताओं के कंधे पर ही है। उन्होंने कहा कि 1947 में हम आजाद तो हुए लेकिन वह हमें एक बहुत बड़ी त्रासदी के साथ मिली। धारा 370 और पीओके का निर्माण भी इन्हीं त्रासदियों का हिस्सा है। देश का विभाजन और लाखों लोगों की शहादत के बाद यह आज का भारत हमें मिला है।



## हमारी सरकार ने जनता से किए अपने वादों व संकल्पों को पूरा किया: भूपेन्द्र सिंह

**लखनऊ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सदस्यता अभियान की कार्यशाला में उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने अपने संगठन के कार्य विस्तार की दृष्टि से सदस्यता अभियान शुरू किया है। जिन्हें भी अभियान से जोड़ना है ऐसे कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण करना है। 2014 में हमने बड़ा अभियान लिया था, 2019 में भी हमने सदस्यता का अभियान चलाया था। भाजपा का संगठन अखिल भारतीय स्तर से लेकर बूथ तक है।

भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है। सबसे ज़्यादा सांसद, विधायक और अधिकांश राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं। देश के हर हिस्से में भाजपा का प्रभाव है। उत्तर प्रदेश में भी प्रदेश के लगभग 1.62 लाख बूथों पर भाजपा का संगठन है। उन्होंने कहा कि हम सदस्यता का महाअभियान शुरू करने जा रहे हैं। 1 सितंबर से जब अभियान शुरू होगा तो हमें प्रदेश के हर घर में भाजपा का सदस्य बनाना है, इसके लिए संगठन के अभियान को योजनापूर्वक घर-घर, गांव-गांव तक पहुंचाना होगा। हमारी सरकार ने जनता से किए अपने वादों और संकल्पों को पूरा किया है। पार्टी कार्यकर्ताओं को पूरे जोश के साथ संगठनात्मक प्रक्रिया को आगे बढ़ाना है। प्राथमिक सदस्य, सक्रिय सदस्य, बूथ समिति और ऊपर का संगठन बनाना है। इसके लिए पार्टी के अभियान में सब सक्रियता से जुड़कर अपनी भूमिका का निर्वहन करें। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जनसंघ के रूप में भाजपा की यात्रा शुरू हुई थी, हमारे पहले अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना बलिदान दिया। पहले हमें क्षेत्र विशेष की पार्टी कहा जाता था, आज समाज के सभी वर्गों और सभी क्षेत्रों में भाजपा का व्यापक आधार है। उत्तर से दक्षिण तक, पूरब से पश्चिम तक हर जगह भाजपा का संगठन मजबूती के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा पिछले दस वर्षों में केंद्र में भाजपा की सरकार है। 1962 के बाद पहली बार ऐसा अवसर है कि किसी पार्टी को तीसरी बार सरकार बनाने का अवसर मिला है। पहले जब ऐसा हुआ था तब विपक्ष का कोई मतलब नहीं था हर तरफ केवल कांग्रेस ही कांग्रेस थी।

## भाजपा का लक्ष्य देश को मज़बूत बनाना: केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सदस्यता कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन गढ़े चलो सुपंथ पर बढ़े चलो, भला हो जिसमें देश का वो काम सब किए चलो इन्हीं पंक्तियों के आधार पर हम सब काम करते है। जिस काम में देश का, समाज का, गरीब का, महिला का, युवा का, किसान का भला हो भाजपा वही काम करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा का लक्ष्य देश को मज़बूत बनाना और प्रत्येक देशवासी के जीवन में खुशहाली लाना है। हमारा व्यक्तिगत अस्तित्व पार्टी और देश से बड़ा नहीं है। हमारे लिए पहले देश, फिर दल और फिर व्यक्ति। दूसरे दलों में पहले पार्टी मुखिया बाद में सब कुछ होता है। उन्होंने कहा कि पार्टी का सदस्यता अभियान शुरू होने जा रहा है। चाहे 2027 हो या 2029 का आने वाला चुनाव। हमें अपने संपर्कों को जीवंत रखना है। सदस्यता के लिए जो लक्ष्य हमें मिले उसे पूरा करने के लिए सम्पर्क व संवाद बनाना है। हमें घर घर जाकर लोगों से व्यक्तिगत रूप से मिलना है। हमें जीवंत संपर्क बनाकर लोगों को भाजपा से जोड़ना है। देश और दल के लिए ख़ुद को खपाना पड़े तो हमें इसके लिए तैयार रहना होगा।

## प्रदेश में हो चुका है अभूतपूर्व परिवर्तन: ब्रजेश पाठक

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सदस्यता अभियान कार्यशाला को सत्बोधित करते हुए कहा कि देश में 2014 और प्रदेश 2017 से अबतक भाजपा की सरकार चल रही है। देश और प्रदेश में अभूतपूर्व परिवर्तन हो चुका है। पूरी दुनिया भारत और मोदी की तरफ़ देख रही है। आज दुनिया के सभी मंचों पर भारत ने नेतृत्व किया है। जब 2014 में सरकार बनाने का अवसर मिला था तब हम 12वें स्थान पर थे आज हम विश्व में पाँचवीं आर्थिक शक्ति हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में बिजली, पानी सड़क हर मुद्दे पर सफल हैं। 2017 में क़ानून व्यवस्था एक बड़ा मुद्दा थी। हमने प्रदेश को बेहतर कमान दी है। पहले गुंडे माफिया सरकार का हिस्सा थे, व्यापारी भी परेशान थे, बहू बेटी भी असुरक्षित थी। भाजपा सरकार ने 2017 के पहले की इन सभी बीमारियों को दूर करने का काम किया है। पाठक ने कहा कि आज हर ज़िले में मेडिकल कॉलेज बन रहा है। हर घर पीने का साफ़ पानी मुहैया कराये जाने की क़वायद की जा रही है। प्रदेश एक्सप्रेस वे प्रदेश है। विपक्षी गठबंधन की गुंडई, अराजकता, भाई भतीजावाद की बातें जनता तक पहुँचानी है। पाठक ने कहा कि सदस्यता अभियान में सभी को जुटना है, सभी मिलकर काम करेंगे तो भाजपा को मज़बूती मिलेगी।

## सदस्यता है संगठन की शक्ति का आधार: धर्मपाल

**लखनऊ।** भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने सदस्यता अभियान के संदर्भ में विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि संगठन की शक्ति का आधार सदस्यता है। इस अभियान की योजना व्यापक और प्रभावी है। सदस्यता अभियान पूर्व योजना-पूर्णयोजना के आधार पर चलाते हुए सर्वस्पर्शी और सर्वव्यापी सदस्यता के लिए हम सबको काम करना है। उन्होंने बताया कि एक सितम्बर से सदस्यता अभियान प्रारम्भ होगा। एक सितम्बर को सदस्यता अभियान प्रारम्भ होगा। उन्होंने बताया कि 22 से 24 अगस्त तक सदस्यता अभियान को लेकर जिला कार्यशालायें व मोर्चों की कार्यशालायें आयोजित करनी है। जबकि 25 से 27 अगस्त तक मंडल स्तर पर सदस्यता अभियान की कार्यशालायें आयोजित करनी है। 31 अगस्त को सभी बूथों पर एक साथ सदस्यता अभियान को लेकर बूथ स्तर पर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान को लेकर क्षेत्र, जिला, मंडल और बूथ स्तर पर टीम गठित करनी है। 2 और 3 सितम्बर को प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर सदस्यता लांचिंग के कार्यक्रम आयोजित किये जाएगें। 4 व 5 सितम्बर को जिला स्तर पर प्रेस कान्फ्रेंस एवं सदस्यता लांचिग का आयोजन होगा। 11 से 17 सितम्बर तक सदस्यता को लेकर विशेष अभियान चलाया जाएगा जिसमें सभी पार्टी पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि सम्मिलित होगें एवं बूथ स्तर पर सदस्यता करेंगे। 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस पर शिक्षको की सदस्यता और 17 सितम्बर को विश्वकर्मा जयन्ती पर सदस्यता के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा सप्ताह में अंतिम रविवार को अटल पर्व के रूप में सदस्यता करें।

# वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए पौधे लगाये जाये: डॉ. अरुण कुमार सक्सेना




● 'शहरी वायु गुणवत्ता के प्रबंधन के लिए सर्वोत्तम अभ्यास' विषय पर कार्यशाला आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**वन** एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरूण कुमार सक्सेना ने कहा कि वायु प्रदूषण देश और दुनिया में सबसे बड़ी चुनौतियों के रूप में उभरा है, जो मानव स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और समग्र पारिस्थितिक संतुलन के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश इंडो गंगा के मैदान के केंद्र में स्थित है, जो वायु प्रदूषण के लिए एक वैश्विक हॉटस्पॉट है। उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए जन सहभागिता के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाये जाये।

डॉ. सक्सेना ने यह विचार आज यहां होटल ताज में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन निदेशालय, ऊर्जा और संसाधन संस्थान और स्विस एजेंसी फॉर डेवलपमेंट एंड कोऑपरेशन के सहयोग द्वारा आयोजित ''शहरी वायु गुणवत्ता के प्रबंधन के लिए सर्वोत्तम अभ्यास'' कार्यशाला में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य वायु प्रदूषण के प्रति आम व्यक्तियों में जागरूकता उत्पन्न करना है।

अपर मुख्य सचिव, वन एवं पर्यावरण मनोज सिंह ने कहा कि वायु प्रदूषण को कम करने के लिए इस तरह की कार्यशाला समय-समय पर आयोजित होनी चाहिए, ताकि आम जनता जागरूक हो सके। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वायु परियोजना के तहत वैज्ञानिक वायु दुष्प्रभावों का आकलन कर इससे होने वाले दुष्परिणामों से मनुष्यों को बचा सकें। सचिव, पर्यावरण श्री आशीष तिवारी ने कहा कि कार्यशाला में उत्तर प्रदेश एवं महाराष्ट्र के स्मार्ट सिटी सेल, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और नगर निगमों के प्रतिनिधियों को एक साथ लाया जाएगा, इससे यह सुनिश्चित होगा कि उन्हें परियोजना के तहत विभिन्न लाभकारी परिणामों के बारे में जानकारी दी जाएगी। कार्यशाला में प्रधान मुख्य वन संरक्षक, सुधीर शर्मा, डी.जी. टेरी डा. विभा धवन, नगर आयुक्त, लखनऊ इन्द्रजीत सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में दिखेगी खादी की चमक

● 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में होगा आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार के मार्गदर्शन में 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण का आयोजन किया गया है। इसमें अतिथि एक तरफ यूपी की समृद्धि सांस्कृतिक विरासत का दीदार करेंगे तो वहीं दुनिया यहां खादी की चमक भी देखेगी। भारतीय संस्कृति पर आधारित खादी के बने परिधानों को पहनकर फैशन शो भी आयोजित किया जाएगा। इसमें उत्तर प्रदेश समेत देश के कई नामचीन मॉडल भी हिस्सा लेंगे। यह फैशन शो 28 सितंबर (शनिवार) को आयोजित किया जाएगा। यही नहीं, यहां वियतनाम की सांस्कृतिक मंडली अपने देश की संस्कृति से मेजबान व मेहमानों को रूबरू कराएगी। सांस्कृतिक गतिविधियों के सफल संचालन के लिए अधिकारियों की समिति भी गठित की गई है।

दो अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्मदिवस मनाया जाएगा। इसके पूर्व 25 से 29 सितंबर तक यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन होगा। इसके अंतर्गत 28 सितंबर को खादी फैशन शो आयोजित किया जाएगा। हॉल नंबर दो में शनिवार को पूरे दिन यह आयोजन चलेगा। इसमें उत्तर प्रदेश के कलाकार जातीय परिधान (चिकनकारी, जीआई व अन्य) आदि से जुड़े फैशन शो में हिस्सा लेंगे। उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण में वियतनाम की एक साथी देश की तरह हिस्सेदारी होगी। इसमें एक तरफ वियतनाम के उच्चकोटि उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे तो वहीं वियतनाम की संस्कृति से भी अवगत होने का मौका मिलेगा। यहां वियतनाम की मंडली की तरफ से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा वियतनाम के पारंपरिक व्यंजन का भारतीय व्यंजन के साथ विनिमय कार्यक्रम भी होगा। इसके अतिरिक्त दोनों देशों के मध्य बिजनेस फोरम आदि का भी आयोजन होगा। पांच दिवसीय आयोजन में उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से भी आगंतुक व अतिथि अवगत होंगे।

यहां उत्तर प्रदेश के रंग लोक के संग दिखेंगे। प्रदेश की गौरवशाली संस्कृति की झांकी की प्रस्तुति होगी। इसमें ब्रज, पूर्वांचल, अवध, पश्चिमांचल, रुहेलखंड, बुंदेलखंड की संस्कृति से अवगत होंगे। अनुनाद संगीत बैंड की भी प्रस्तुति होगी। श्रीराधा मदहब बैले रामगान भी होगा तो वहीं कलाकार रामायण पर आधारित कथक नृत्य नाटक समेत अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति देंगे।

# बसपा नेता समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** पार्टी की नीतियों में आस्था एवं शीर्ष नेतृत्व के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के समक्ष बहुजन समाज पार्टी छोड़कर सलमान सईद (पूर्व विधानसभा प्रत्याशी चरथावल) ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इसी क्रम में चिकित्सक डॉ. माहरू सुल्तान ने प्रदेश कांग्रेस के चिकित्सा प्रकोष्ठ के चेयरमैन डॉ. जियाराम वर्मा के समक्ष कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर डॉ. जियाराम वर्मा ने डॉ. माहरू सुल्तान को कांग्रेस पार्टी का तिरंगा पट्टिका ओढ़ाकर एवं सदस्यता कार्ड देकर पार्टी की सदस्यता दिलायी। इस मौके पर पूर्व मंत्री राजबहादुर, पूर्व विधायक श्यामकिशोर शुक्ल, चिकित्सा प्रकोष्ठ के चेयरमैन डॉ. जियाराम वर्मा, सुभाष मिश्र, डॉ. पीके त्यागी, डॉ. रिचा शर्मा कौशिक ने डॉ. माहरू सुल्तान का कांग्रेस पार्टी में स्वागत करते हुए बधाई दी।

## देश के एक आदिवासी मुख्यमंत्री को बर्दाश्त नहीं कर पा रही भाजपा: प्रमोद तिवारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● हेमन्त सोरन के नेतृत्व में विधायकों की एक जुटता ने भाजपा के आपरेशन लोटस के प्रयास को विफल कर दिया



**वरिष्ठ** कांग्रेस नेता व राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा है कि 'मोदी सरकार हाल ही सम्पन्न हुए लोकसभा चुनाव में मिले जनादेश से भी सबक नहीं ले पा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा विपक्ष शासित राज्यों में चुनी हुई सरकारों को अस्थिर बनाने का बेशर्मी से अलोकतांत्रिक हथकंडा अपनाने से भी बाज नहीं आ रही है। तिवारी ने कहा कि झारखण्ड में भारतीय जनता पार्टी ने आपरेशन लोटस का विफल प्रयास किया। कड़वी सच्चाई है कि भारतीय जनतापार्टी जब से झारखण्ड में लोकसभा चुनाव में पराजित हुई है तब से वह देश के एक आदिवासी मुख्यमंत्री को बर्दाश्त नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि झारखण्ड के विधायकों की हेमन्त सोरन के नेतृत्व में एक जुटता ने भाजपा के आपरेशन लोटस के प्रयास को विफल कर दिया है। तिवारी ने दावा किया कि झारखण्ड में जनता सबकुछ समझ गयी है और वहां होने वाले विधानसभा चुनाव में फिर जनादेश श्री हेमन्त सोरेन जी के नेतृत्व में फिर इण्डिया गठबंधन के पक्ष में आयेगा। उन्होंने बतौर उदाहरण कहा कि महाराष्ट्र में भाजपा ने जिस तरह से चुनी हुई सरकार को अप्रदस्थ करायाए उसका परिणाम लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र की जनता ने इण्डिया गठबंधन के पक्ष में मजबूत जनादेश देकर बीजेपी के दांत भी खट्टे किये। कर्नाटक में केन्द्र के इशारे पर वहां के मुख्यमंत्री को लेकर महामहिम राज्यपाल के मंत्रिपरिषद् के सामूहिक परामर्श की अनदेखी पर भी प्रहार किया । तिवारी ने कहा कि एक निर्वाचित मुख्यमंत्री की गरिमा को ठेस पहुंचाने के लिए संवैधानिक पद से प्रदर्शित यह आचरण संघीय ढांचे के लिए अत्यन्त चिन्ताजनक है। झारखण्ड में भी भाजपा द्वारा वहां की चुनी सरकार को अस्थिर बनाने से जुड़े प्रयास को भी उन्होंने लोकतंत्र को खण्डित करने का अराजनैतिक षड्यंत्र करार दिया।

## पर्यटन मंत्री कल चंडीगढ़ में आयोजित टूरिज्म मिनिस्टर्स कॉन्फ्रेंस में शामिल होंगे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री, जयवीर सिंह, 21 अगस्त से 22 अगस्त तक दो दिवसीय दौरे पर दिल्ली और चंडीगढ़ जाएंगे। इस दौरे के तहत, वे 21 अगस्त की सुबह 7.30 बजे लखनऊ से प्रस्थान कर 11 बजे नई दिल्ली पहुंचेंगे। दिल्ली में विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद जयवीर सिंह रात 10 बजे चंडीगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे। चंडीगढ़ में वे स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे और वहीं रात्रि विश्राम करेंगे। 22 अगस्त को सुबह 9 बजे जयवीर सिंह चंडीगढ़ में आयोजित नार्दर्न स्टेट/यूटी टूरिज्म मिनिस्टर्स कॉन्फ्रेंस में शामिल होंगे। इस कॉन्फ्रेंस में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पर्यटन मंत्री उपस्थित रहेंगे, जहां पर्यटन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श होगा। पर्यटन मंत्री 23 अगस्त को चंडीगढ़ से प्रस्थान कर, उसी दिन शाम 9 बजे तक अपने सरकारी आवास पर लौट आएंगे।

# श्रावण मास में 53.84 लाख से अधिक भक्तों ने किए बाबा विश्वनाथ के दर्शन

● सकुशल संपन्न हुआ श्रावण मास का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ वाराणसी

**अपार** आस्था के साथ सावन के अंतिम सोमवार को शिव भक्तों ने बाबा के दरबार में हाज़िरी लगाई। रविवार के रात से ही काशी बाबा के रंग में रंगने लगी थी। अंतिम और पांचवें सोमवार को काशी हर हर महादेव के उद्घोष से गूंजती रही। काशी पुराधिपति का पांचवें सोमवार को शंकर पार्वती गणेश श्रृंगार एवं श्रावण पूर्णिमा वार्षिक झूला श्रृंगार हुआ। महादेव के भक्त बाबा के इस स्वरूप का दर्शन पाकर आनंदित हुए। सावन के अंतिम सोमवार को भी योगी सरकार ने श्रद्धालुओं के ऊपर पुष्प वर्षा की । 22 जुलाई से शुरू हुए सावन के 29 दिन में 53.84 लाख से अधिक भक्तों ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा का आशीर्वाद लिया। सड़क पर केसरिया कतार में कावड़ियों का ऐसा ही नजारा पूरे श्रावण में काशी में देखने को मिला। कंकर-कंकर शंकर वाले शहर काशी के शिवालयों में भक्तों की आस्था का रेला उमड़ा रहा। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि पिछले 4 सोमवार को बाबा को अलग अलग स्वरूपों का श्रृंगार हुआ है। अंतिम सोमवार को भी बाबा का विशेष शंकर पार्वती गणेश श्रृंगार एवं श्रावण पूर्णिमा वार्षिक झूला श्रृंगार हुआ। सावन के पांचवे सोमवार को शाम 5 बजे तक 1 लाख 64 हज़ार 716 से अधिक श्रद्धालु बाबा के दर्शन कर चुके थे, जबकि सावन माह में अब तक 53 लाख 84 हज़ार से अधिक भक्तों ने बाबा के दर्शन किये। ( नोट- आंकड़ा 22 जुलाई से 19 अगस्त शाम 5 बजे तक)।

# दीपोत्सव में इस बार 25 लाख से ज्यादा दीयों से जगमग होगी अयोध्या

● रामलला के विराजने के बाद पहले दीपोत्सव कार्यक्रम में भव्यता के नए कीर्तिमान स्थापित करने पर सीएम योगी का फोकस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ अयोध्या

**योगी** सरकार दीपावली के अवसर पर अयोध्या में होने वाले दीपोत्सव कार्यक्रम में भव्यता के नए प्रतिमान स्थापित करने जा रही है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के स्थापित होने के बाद इस पहले दीपोत्सव में 7 मैकेनाइज्ड टैबल्यू, कोरियोग्राफ्ड एरियल ग्रीन फायरक्रैकर शो समेत विभिन्न प्रकार के आकर्षणों को शामिल किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष अयोध्या में दीपोत्सव के दौरान राम की पैड़ी समेत 51 घाटों पर कुल मिलाकर 21 लाख से ज्यादा दीए जलाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया था। वहीं, इस साल योगी सरकार 25 लाख दीयों से अयोध्या को जगमग करने की तैयारी कर रही है। इतना ही नहीं, अयोध्या के अंदर 500 स्थानों को आकर्षक साइनेज बोर्ड्स के माध्यम से सजाया जाएगा तथा प्रभु श्रीराम से जुड़े 20 आर्टिस्टिक इंस्टॉलेशंस को भी स्थापित करने में वरीयता दी जाएगी। इसके लिए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा एजेंसी निर्धारण व कार्यावंटन की प्रक्रिया शुरू हो गई है और माना जा रहा है कि सितंबर माह से दीपोत्सव के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों की तैयारी शुरू हो जाएगी।

उत्तर प्रदेश सरकार 28 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2024 के मध्य भव्य 'दीपोत्सव 2024' कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित है। पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार, भगवान श्री राम की अयोध्या वापसी की घटनाओं के अनुक्रम के दृश्यों को फिर से बनाने के उद्देश्य से अयोध्या शहर को सुंदर बनाने, सरयू नदी के घाटों पर मिट्टी के दीये जलाने, नदी के तट को सजाने, कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक प्रदर्शन और अन्य उत्सव आयोजित करने की कार्ययोजना पर काम कर रही है।

इसी क्रम में, पर्यटन विभाग द्वारा एक एजेंसी को नियुक्त किया जाएगा जो राम की पैड़ी अयोध्या के विभिन्न स्थानों पर लगभग 25 लाख से अधिक) दीयों के रिकॉर्ड के लिए क्षेत्र का डिजाइन तैयार करना व मूल्यांकन प्रक्रिया को अंजाम देगी। साथ ही, अयोध्या के 1,100 धर्माचार्यों/ स्थानीय प्रसिद्ध हस्तियों/ लोगों की उपस्थिति में सरयू नदी पर सबसे बड़े आरती समारोह के रिकॉर्ड के लिए क्षेत्र का डिजाइन तैयार करेगी। इसके अलावा, साइट पर गिनीज रिकॉर्ड के निष्पादन के लिए प्रयास से दो दिन पहले स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित करना, लगभग 7000 से अधिक वॉलेंटियर्स (अवध विश्वविद्यालय के छात्र) के साथ पूरे गिनीज विश्व रिकॉर्ड को निष्पादित करने की प्रक्रिया को पूर्ण करेगी। दीपोत्सव कार्यक्रम में भव्य शोभायात्रा का भी आयोजन होगा जिसमें राम रथ समेत 7 बड़े मैकेनाइज्ड टैब्ल्यू को भी शोकेस किया जाएगा। यह सभी टैब्ल्यू प्रभु श्रीराम के विभिन्न प्रसंगों से संबंधित होंगे और इनके निर्माण में ऑरोरो (बोलिविया), बासेल (स्विट्जरलैंड), साल्वाडोर (ब्राजील), बारांक्विला (कोलंबिया), डसेलडॉर्फ (जर्मनी) ग्रेनाडाइन्स से इंस्पायर्ड होंगे। वहीं, कोरियोग्राफ्ड ग्रीन एरियल फायरक्रैकर शो को 10 मिनट से ज्यादा अवधि के लिए संचालित किया जाएगा। वहीं, अयोध्या के 500 से ज्यादा प्रमुख स्थलों को आकर्षक साइनेज बोर्ड्स से सजाया जाएगा। इसके अतिरिक्त 20 आर्टिस्टिक इंस्टॉलेशंस की भी अयोध्या के विभिन्न क्षेत्रों में दीपोत्सव कार्यक्रम के दृष्टिगल स्थापना की जाएगी।

# 36 हजार से अधिक रोजगार के अवसर लेकर आईं 48 कंपनियां

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ अयोध्या

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रदेश के युवाओं को उनके गृह जनपद में ही रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में प्रदेशभर में रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। वहीं रामनगरी अयोध्या में जहां एक तरफ विकास कार्यों को तेज गति से पूरा किया जा रहा है, साथ ही यहां के स्थानीय युवाओं को निजी क्षेत्र की कंपनियां रोजगार देने में भी अच्छी खासी रुचि दिखा रही हैं। 18 अगस्त को अयोध्या आयोजित रोजगार मेले में 36 हजार से अधिक जॉब्स ऑफर लेकर 48 से अधिक कंपनियां शामिल हुईं। अयोध्या में स्थानीय युवाओं के सामने रोजगार के अवसर लेकर आने वाली कंपनियों में अधिकांश मैन्युफैक्चरिंग, इंजीनियरिंग, टेलीकॉम, हेल्थकेयर, कंस्ट्रक्शन और आईटी जैसे क्षेत्रों से जुड़ी हुई हैं। रोजगार मेले में 10 हजार से अधिक युवाओं ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया था, वहीं अबतक इनमें से साढ़े पांच हजार से अधिक युवाओं को प्लेसमेंट का ऑफर भी मिल चुका है। अयोध्या में रोजगार के अवसर लेकर आने वाली कंपनियों में इंस्टा ह्यूमन मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, सुजलॉन एनर्जी, टंबल ड्राई सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, करियर ब्रिज, रीचा आईबीएम जैसी बड़ी कंपनियां शामिल हैं। इसके साथ ही स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत 3415 से अधिक छात्र-छात्राओं को टैबलेट व स्मार्टफोन भी वितरित किए गए। सरकार का उद्देश्य युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने का है।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 21 अगस्त, 2024



# महाकुंभ को प्लास्टिक के दोना, पत्तल, गिलास से मुक्त करने की व्यापक तैयारियां

● मेलाधिकारी महाकुंभ की पहल पर ओम नमः शिवाय के गुरुदेव और शिव सेना की प्रदेश सचिव रूचि तिवारी का सराहनीय क़दम

● बड़ी संख्या में मुसहर, कुम्हार 22 अगस्त गुरूवार को ओम नमः शिवाय के गऊघाट आश्रम में तैयारियों को लेकर होंगे एकत्रित



**प्रयागराज।** महाकुंभ को प्लास्टिक मुक्त कराने के मेलाधिकारी महाकुंभ विजय किरन आनंद की पहल पर व्यापक स्तर पर काम शुरू हो गया है क्योंकि महाकुंभ के दौरान संस्थाओं में श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों को पानी प्रसाद और खाना अब प्लास्टिक के पत्तल दोना और गिलास के बजाय पत्तल दोना और कुल्हड़ में प्रसाद खाना और पानी मिलेगा। इसकी व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू हो गयी है। ओम नम: शिवाय के गुरुदेव के आश्रम में 22 अगस्त गुरूवार की दोपहर 12 बजे शिव सेना की प्रदेश सचिव रूचि अभिषेक तिवारी मेजा क्षेत्र के बड़ी संख्या में मुसहर और कुम्हार लोगों को एकत्रित कर रही हैं। जो महाकुंभ के दौरान पानी पीने के लिए पर्याप्त कुल्हड़ और दोना पत्तल की आपूर्ति संस्थाओं को करेंगे। जिससे कि मेला क्षेत्र में प्रदूषण न होने पाए और महाकुंभ का क्षेत्रफल साफ सुथरा और प्रदूषण मुक्त रहें। महाकुंभ मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने बताया कि मेला में शिविर लगाने वाली सभी संस्थाओं से अभी से। बार बार आग्रह किया जा रहा है कि वह मेला क्षेत्र को साफ सुथरा और प्रदूषण मुक्त रखें इसके लिए वह प्लास्टिक के उत्पादों का प्रयोग न करें। सबसे ज्यादा हानिकारक प्लास्टिक का दोना पत्तल गिलास और पालीथीन है इसलिए इसका प्रयोग कोई न करें बल्कि इसके स्थान पर दोना पत्तल और कुल्हड़ का प्रयोग करें जिससे कि लोगों को रोजगार मिले और दोना पत्तल और कुल्हड़ का प्रयोग होने से सफाई बनी रहेगी और मेला क्षेत्र प्रदूषण मुक्त रहेगा। शिव सेना की प्रदेश सचिव रूचि अभिषेक तिवारी ने बताया कि मेलाधिकारी महाकुंभ विजय किरन आनंद की सराहनीय पहल है कि विश्व के सबसे बड़े मेला महाकुंभ को प्रदूषणमुक्त रखा जाए। इसके लिए क्षेत्र के बड़ी संख्या में मुसहर और कुम्हार दोना पत्तल और कुल्हड़ बनाने के लिए तैयार है लेकिन उनको डर यही रहता है कि उनके सामान को कौन खरीदेगा।

## रोजगार मेला का आयोजन 22 अगस्त को

**सोनभद्र।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार देने के लिए 22 अगस्त को प्रात: 10 बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर टोल प्लाजा के पास लोढ़ी राबर्ट्सगंज में रोजगार मेला का आयोजन किया गया है, जिसमें निजी क्षेत्र की लगभग 03 कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी, जिसमें हिण्डाल्को इण्डस्ट्रीज लि. रेनुकूट वांछित योग्यता आईटीआई वेल्डर या इंस्टुमेन्ट सुजुकी मोटर्स अहमदाबाद गुजरात आईटीआई पास एवं आनन्द ग्रुप, नोएडा आईटीआई पास कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्तियां की जाएगी। आईटीआई पास इच्छुक एवं योग्य बेरोजगार अभ्यर्थियों का साक्षात्कार नियोजकों द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर टोल प्लाजा के पास लोढ़ी, राबर्ट्सगंज में लिया जायेगा, यह रोजगार मेला पूर्णत: नि:शुल्क है, इस हेतु कोई यात्रा व्यय देय नहीं होगा।

# नकल किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं होगी: डीएम

● डीएम और एसपी ने बनाए गए परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण



**अंबेडकरनगर।** पुलिस आरक्षी नागरिक भर्ती परीक्षा.2023 निष्पक्ष, पारदर्शी तथा सकुशल संपन्न कराने को लेकर डीएम अविनाश सिंह तथा पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ द्वारा विभिन्न विद्यालयों में होने वाले परीक्षा के तैयारियों के संबंध में निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा केंद्र राम अवध जनता इंटर कॉलेज बरियावन एवं हार्वर्ड त्रिलोकनाथ इंटर कॉलेज टांडा का निरीक्षण किया गया। अवगत कराना है कि 23, 24, 25 एवं 30 तथा 31 अगस्त 2024 को दो पालियों में (प्रथम पाली प्रात: 10.00 बजे से 12.00 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 03.00 बजे से 05.00 बजे तक) परीक्षा सम्पन्न किया जाएगा। परीक्षा को सकुशल शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु परीक्षा केन्द्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट/स्टैटिक मजिस्ट्रेट केन्द्र व्यवस्थापक सहायक केन्द्र व्यवस्थापक परीक्षा सहायक आदि की ड्यूटी लगाई गई है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा संबंधित को निर्देशित किया गया कि परीक्षा से पूर्व विद्यालय में बैठने की व्यवस्थाए लाइट की व्यवस्था, पीने के लिए स्वच्छ पानी की व्यवस्था, साफ सफाई की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्थाए रैंप की व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं को सही करे। साथ ही साथ यह भी निर्देश दिया गया कि कमरों में दोनों तरफ से सीसीटीवी कैमरा, डिस्प्ले बोर्ड, वाइस रिकार्डिंग व वेबकॉस्टिंग की व्यवस्था पूरी तरह सही हो। परीक्षार्थियों की सीटिंग व्यवस्था पूर्व में ही सही कराया जाए।

डीएम तथा पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों पर प्रधानाचार्य कक्ष में बने कमांड कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। कक्षाओं में लगे सीसीटीवी कैमरे की पोज़ीशन को भी देखा। परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते हुए डीएम ने कहा कि जनपद में नकल किसी भी दशा में बर्दाश्त नही होगी। परीक्षा में डुप्लीकेट परीक्षार्थी किसी भी दशा में शामिल नहीं हो।

# जिलास्तरीय तकनीकी समन्वय समिति की बैठक हुई सम्पन्न



**सोनभद्र।** डीएम बीएन सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट के जन सुनवाई कक्ष में जिला स्तरीय तकनीकी समन्वय समिति टीसीसी की बैठक सम्पन्न हुई। अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई खण्ड द्वारा वित्तीय वर्ष-2024-25 में मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत ऐनीकट निर्माण हेतु 193 स्थलों का प्रस्ताव एवं वर्षा जल संभरण रिचार्ज की महत्ता के दृष्टिगत शसकीय अर्धशासकीय भवनों पर रूफ्टॉप रेनवाटर हार्वेसिंटग प्रणाली की स्थापना योजनान्तर्गत 35 स्थलों के प्रस्ताव का विवरण तकनीकी समन्वय समिति की स्वीकृति हेतु प्रेषित किया गया, डीएम ने अधिशासी अभियन्ता ल.सिं. को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वीकृति हेतु प्रेषित कार्यों के विवरण का स्थलीय सत्यापन जनपद स्तरीय अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी के माध्यम से किया जाये, सत्यापन के उपरान्त ही कार्यों की स्वीकृति प्रदान की जायेगी, डीएम ने कहा कि ऐनीकट निर्माण से सतही जल को नदी नालों में जाने से रोका जाता है, जिससे ऐनीकट निर्माण स्थल के पास कृषकों को सिंचाई हेतु जल की उपलब्धता रहती है, जिससे भूजल रिचार्ज संभव है।

# शांति, समर्पण और संतुष्टि प्रबंधन के प्रमुख सूत्र: प्रो. बद्री

**प्रयागराज।** इलाहाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन ने 36वीं वार्षिक आम बैठक और वार्षिक दिवस समारोह का आयोजन न्याय मार्ग स्थित एक होटल में मंगलवार को किया। जिसमें ओ पी गोयल को इलाहाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो बद्री नारायण निदेशक गोविंद बल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान झूंसी रहे। समारोह की शुरुआत निवर्तमान अध्यक्ष रवि प्रकाश ने वर्ष 2023 2024 की प्रमुख गतिविधियों को सचित्र प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष प्रमोद बंसल ने वित्तीय रिपोर्ट प्रस्तुत की। अध्यक्ष ओ पी गोयल ने समाज में प्रबंधन की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला और नए पदाधिकारियों की घोषणा की सचिव अपूर्व आगा कोषाध्यक्ष रत्नेश दीक्षित उपाध्यक्ष डॉ शान्ति चौधरी और प्रमोद बंसल और कुँवर राजीव सिंह संयुक्त सचिव मनोनीत किए गए। एसो. की इस वर्ष की थीम रीथिंक रीइन्वेंट रीऑर्गेनाइज रहा। मुख्य अतिथि प्रो बद्री नारायण ने सदस्यों को गोविंद



दीप प्रज्जवलन करतीं डा शांति चौधरी और अन्य अतिथि।

बल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान में चलाए जा रहे पाठ्यक्रमों एवं वहां स्थित म्यूजियम से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जीवन के हर क्षेत्र में प्रबंधन प्रभावित होता है। उन्होंने इस संबंध में कहा कि शांति समर्पण और संतुष्टि यह प्रबंधन के प्रमुख सूत्र हैं। इलाहाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन की भूमिका की सराहना की। नए अध्यक्ष ओ पी गोयल ने मुख्य अतिथि का परिचय दिया और एक स्मृति चिह्न भेंट किया। वार्षिक दिवस समारोह में विभव बाजपेयी अपूर्व आगा संजय पाठक शेखर श्रीवास्तव गीत और आनंद कक्कड़ ने ग़ज़ल प्रस्तुत की। पूर्व अध्यक्ष विभव बाजपेयी ने एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए रवि प्रकाश को स्मृति चिह्न भेंट किया। धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष डॉ शान्ति चौधरी ने दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ नवनीत सिंह ने किया। कार्यक्रम में इलाहाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य प्रो के के भूटानी जी के खरे पूर्व अध्यक्ष रेलवे बोर्ड डी यू गुप्ता धीरेंद्र कुमार तिवारी अध्यक्ष शंभू नाथ इंस्टीट्यूट डॉ राजीव मंगर जे के जैन आनन्द पांडेय आदि उपस्थित रहे।

## पिकनिक स्पॉट पर नहाते समय युवक की हुई मौत

**सोनभद्र।** पर्यटन स्थल मुक्खा फ़ाल पर मंगलवार को सैलानियों का जमावड़ा रहा। मंगलवार को पिकनिक स्पॉट पर एक युवक हादसे का शिकार हो गया और उसकी मौत हो गई। अलग-अलग स्थानो से घूमने के लिए लोग फाल पर पहुंचे थे। इस दौरान एक युवक मुक्खा फाल पर स्नान कर रहा था कि अचानक पैर फिसल जाने के कारण काफी गहरी खाई में गिर गया। पानी का बहाव था, जिसके कारण पानी में डूबने व गिरने से आई चोटों के कारण उसकी मौत हो गई। मौके पर जुटे लोगों में हड़कंप मच गया। पानी का बहुत तेज बहाव होने के कारण किसी की हिम्मत उसे बचाने के लिए नहीं जुटी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से बड़ी मशक्कत के साथ युवक को निकलवाया। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मौके पर उसकी जान पहचान वाला कोई नहीं था। शव को कब्जे में लिया। पोस्टमार्टम हेतु भेजने की तैयारी व उसकी शिनाख्त करने में पुलिस कार्यवाही मे लगी रही।

# बूथ लेबल अधिकारियों के माध्यम से घर-घर सत्यापन की कार्यवाही



**मीरजापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बूथ लेबल अधिकारियों के माध्यम से घर-घर सत्यापन की कार्यवाही के सम्बन्ध में समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के साथ बैठक आहूत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया किक 20 अगस्त 2024 से प्रारम्भ हो रहे बूथ लेबल अधिकारियों के माध्यम से घर-घर सत्यापन की कार्यवाही बीएलओ ऐप के माध्यम से की जायेगी, जिसके सम्बन्ध में बीएलओ एप का प्रशिक्षण जनपद के समस्त बीएलओ को दिया जा चुका हैं। उन्होने कहा कि आयोग के निर्देशानुसार पिछले वर्ष के पुनरीक्षण के आंकड़े यथा ईपी रेशियो, जेण्डर रेशियो, 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं के सम्बन्धि में पायी गयी कमियों/अन्तराल को दिनांक-20 अगस्त 2024 से प्रारम्भ हो रहे घर-घर सत्यापन की कार्यवाही में दूर किया जाने की कार्यवाही किया जाना है। मतदेय स्थलों का सम्भाजन, मतदेय स्थल भवन तथा उससे सम्बद्ध किये जाने वाले निर्वाचक नामावली के सुसंगत भाग के बीएलओ द्वारा शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन के बाद किया जायेगा। उन्होने कहा कि भवन के सत्यापन के साथ-साथ यह भी देखा जायेगा कि उस मतदेय स्थल की निर्वाचक नामावली में अंकित मतदाताओं को निवास उस भवन के आस-पास भौतिक रूप से हो। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के अनुसार मतदेय स्थलों का निर्धारण करने के पश्चात् मतदेय स्थलों की एक नयी सूची तैयार की जायेगी और उसका आलेख्य समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जिलास्तरीय प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होने कहा कि भौतिक सत्यापन के दौरान ऐसे मतदेय स्थलों को चिन्हित किया जायेगा, जो मुख्य गांव/बस्ती से पर्याप्त दूरी पर हैं, उन मतदेय स्थलों को वहां से हटाकर मतदान क्षेत्र के अन्तर्गत किसी सुविधाजनक भवन में स्थापित किया जायेगा तथा ऐसे मतदेय स्थल, जो अत्यधिक पुराने अथवा जर्जर हों का भी सत्यापन कराया जायेगा। उन्होने कहा कि कोई मतदेय स्थल यदि अपने मतदान क्षेत्र में उपयुक्त भवन न उपलब्ध होने के कारण मतदान क्षेत्र से बाहर स्थित है और अब मतदान क्षेत्र के अन्तर्गत उपयुक्त भवन उपलब्ध हो गया है तो ऐसे मतदेय स्थल को अपने मतदान क्षेत्र के अन्दर स्थित भवन में शिफ्ट किया जायेगा। डीएम ने कहा कि बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा समस्त मतदेय स्थलों पर एएमएफ की सुविधा का भी सत्यापन किया जायेगा।

## स्थिति की कठिनाइयों से निपटने में बन गई शरणस्थली

**प्रयागराज।** आराधिता एक प्रतिभाशाली युवा कलाकार स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी एसएमए से बहादुरी से जूझ रही है और उसे सामान्य जीवन जीने के लिए पांच करोड़ रुपए की महंगी दवा रिसडिप्लम की तत्काल आवश्यकता है। इम्पैक्ट गुरु के माध्यम से आपके समर्थन से वह कला के प्रति अपने जुनून को जारी रख सकती है और अपने सपनों का जीवन जी सकती है। दो साल की छोटी उम्र में एसएमए से पीड़ित होने के बाद आराधिता की ज़िंदगी ने एक नया मोड़ लिया अपने साथियों के साथ खेलने के बजाए वह खुद को अस्पतालों के चक्कर लगाते हुए पाती है। एक ऐसी स्थिति की कठोर वास्तविकता का सामना करती है जिसने उसे चलने और स्वतंत्र रूप से जीने की क्षमता से वंचित कर दिया है। इन चुनौतियों के बावजूद आराधिता एक खूबसूरत और लचीली युवा महिला बन गई। जिसने अपनी स्थिति का सबसे अच्छा उपयोग करने का दृढ़ संकल्प किया। छोटी उम्र से ही आराधिता को ड्राइंग और पेंटिंग का शौक खुशी और सुकून का स्त्रोत रहा है। अपनी जटिल बारीकियों के लिए जानी जाने वाली उनकी कला उनकी स्थिति की कठिनाइयों से निपटने में एक शरणस्थली बन गई।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**अम्बेडकरनगर।** जीवन में स्वास्थ्य के महत्व को दृष्टिगत रखते हुए स्वयंसेवी संस्था राजराजेश्वरी फाउंडेशन द्वारा संचालित राजराजेश्वरी हॉस्पिटल द्वारा 20 अगस्त 2024 दिन मंगलवार को एसबी हेल्थ सेंटर गोल्डन हीरो एजेंसी के सामने अलीगंज टांडा में एक नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गयाए जिसमें षिविर में आये हुये 148 मरीजो का स्वास्थ्य परीक्षण डॉक्टर विनीत सिंहय (एमएस एएमसीएच न्यूरो सर्जरी एम्स गोल्ड मेडलिस्ट) द्वारा किया गया तथा मरीजों के खून की नि:शुल्क जांच मितुल डायग्नोस्टिक राम पथ अयोध्या के प्रबंधक श्री राहुल त्रिपाठी के निर्देषन में किया गया। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के मरीज एवं उनके देख.रेख करने वाले लोग उपस्थित रहे नगरवासियों ने यस बी हेल्थ सेंटर पर षिविर आयोजित कराने के लिए अहमद हसन, मो. ताहिर संस्थापक एस बी हेल्थ सेन्टर अलीगंज टाण्डा एवं श्री सुरेन्द्र वर्मा प्रबन्धक एस बी हेल्थ सेन्टर अलीगंज टाण्डा की भूरि.भूरि प्रषंसा की।

# पत्रकार उत्पीड़न में एफआईआर दर्ज के लिए थानाध्यक्ष ने माँगा मोहलत

**संवाददाता।** मड़िहान, मिर्जापुर

**सामुदायिक** स्वास्थ्य केंद्र मड़िहान के चिकित्सा अधिकारी राधेश्याम वर्मा द्वारा 13 अगस्त, 2024 को द्वेष वश हिन्दी दैनिक आज अखबार के पत्रकार द्वारा समाचार संकलन करने सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र मडिहान परिसर में जाने पर उसी वक्त पीछे से आकर लाठी लेकर हमला बोल दिया। वहां से पत्रकार अपनी बाइक सहित जान बचा कर भाग निकले। बताया गया कि पत्रकार को भद्दी भद्दी गाली देते हुए चिकित्सा अधिकारी ने लाठी लेकर वार करना चाहा तब तक पत्रकार वहाँ से भाग निकला! जिसका सिसी फुटेज आने के बाद मामला दूध का दूध पानी का पानी हो गया।

जिसके संबंध में पीड़ित पत्रकार ने चिकित्सक द्वारा उत्पीड़न किए जाने के बाद स्थानीय थाने में लिखित तहरीर दी गई, लेकिन उसमें कोई कार्रवाई अभी तक नहीं हुआ। जिसके संबंध में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष रघुबर प्रसाद मौर्य की अगुवाई में मंगलवार को संगठन के दर्जनों सदस्य थाना प्रभारी से मिलने गए। जहां थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने तीन दिन का मोहलत मांगा। उन्होंने कहा कि तीन दिन का समय दे दीजिए एफआईआर अवश्य हो जाएगी। उपस्थित लोगों में तहसील अध्यक्ष रघुबर प्रसाद मौर्य, महेन्द्र सिंह, शिवनाथ गुप्ता, पीड़ित पत्रकार अरुण कुमार पाण्डेय, सर्वेश दुबे, टीएन सिंह, वसंत मिश्रा, सुभाष मिश्रा, विनोद कुमार, सुनील गोंड़, प्रियतोस दुबे, सुनील गुप्ता, ओम प्रकाश मिश्रा, आलोक उपाध्याय, अंकित चौरसिया, रोमित सेठ, निखिल उपाध्याय सहित दर्जनों की संख्या पत्रकार उपस्थित रहे।

# हाइवे पर अवैध पार्किंग के विरुद्ध चलाया जाए अभियान: जिलाधिकारी

**चंदौली।** डीएम निखिल टी. फुंडे की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। डीएम ने सड़क सुरक्षा संबंधित आवश्यक निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। डीएम ने बैठक के दौरान आरटीओ एवं पुलिस विभाग को हाईवेध्ढाबों पर हो रही अवैध पार्किंग रोकने के कड़े दिशा निर्देश देते हुए कहा कि इस संबंध में सघन अभियान चला कर कार्यवाही की जाए साथ ही सभी ढाबों को नोटिस निर्गत किया जाए।सभी ढाबे पार्किंग के लिए अपने परिसर में पार्किंग की वैकल्पिक व्यवस्था करे जिससे कि यातायात प्रभावित न हो। डीएम ने नशा कर के वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही हेतु एडिशनल एसपी को निर्देशित करते हुए कहा कि इस संबंध में सभी थानों द्वारा अभियान चला कर कार्यवाही की जाए। ओवर स्पीडिंग, बिना सीट बेल्ट, बिना हेलमेट वाहन चालनएगलत दिशा में वाहन चलाना



एवं वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करने वालो के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

परिवहन विभाग द्वारा कैम्प कार्यक्रम के माध्यम से स्कूली वाहनों के चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश दिए गए साथ ही किसी भी दशा में किसी स्कूलध्कालेज द्वारा बिना फिटनेस के वाहनों का संचालन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित करना सुनिश्चित कराने के कड़े निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने परिवहन तथा पुलिस विभाग को निर्देशित करते हुवे कहा की अब तक की गई कार्यवाही में निलम्बित किए गए वाहनों को संचालन पूर्ण तरह से प्रतिबंधित है अगर किसी वाहन स्वामी/ स्कूल द्वारा संचालन किया जाना पाया गया तो उनके खिलाफ कठोर से कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान डीएम ने जनपद में पड़ने वाले समस्त ब्लैक स्पॉट को खत्म कराए जाने हेतु कार्यवाही पूर्ण किए जाने का निर्देश लोक निर्माण विभाग एवं एनएचआई के संबंधित अधिकारियों को दिया। एनएचआई को सड़कों पर साइनेज लगाने के लिए निर्देशित किया। अपर एडिशनल एसपी, अधिशासी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी, आरटीओ, डीआईओ, एसएएनएचआई एवं अन्य संबंधित अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती धूमधाम से मनाया

**मिर्जापुर।** राजीव गांधी पार्क आवास विकास कॉलोनी में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती मनाया गया। जयंती पर श्रद्धांजलि करते हुए पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी ने कहा कि आज पूरा देश राजीव गांधी को याद कर रहा है जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ शिवकुमार सिंह पटेल ने भी श्रद्धांजलि देते हुए कहा 21वीं सदी के भारत का रोड मैप देश के सामने रखा था। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजन पाठक एवं किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संजय दुबे ने कहा कि सूचना क्रांति संचार क्रांति पंचायती राज्य का अधिकार राजीव गांधी ने दिया था उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं मीडिया प्रभारी छोटे खान ने राजीव गांधी जी की मूर्ति माल्यार्पण पर करते हुए कहा कि राजीव गांधी को पूरा देश याद कर रहा है 18 साल के नौजवानों को मत देने का अधिकार राजीव गांधी



ने दिया था सूचना क्रांति संचार पंचायती राज्य 18 वर्ष के युवाओं को वोट देने का अधिकार जैसे कदम उठाया था श्री खान ने कहा कहा कि पंचायती राज्य का गठन किया था कि गांव का विकास हो सके दूरसंचार और आईटीआई क्रांति कंप्यूटररीकरण एवं नई शिक्षा नीति जैसे तमाम योजनाओं को विकास के लिए उठाया था आज हम सब लोग स्वर्गीय राजीव गांधी के जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लेते हैं। उपस्थित किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संजय दुबे पीसीसी सदस्य रमेश प्रजापति पप्पू राजधर दुबे शेष धर दुबे जुबेदा खातून शबनम अंसारी राजेंद्र विश्वकर्मा अंकुर श्रीवास्तव अशफाक अहमद संतोष यादव विजय दुबे पहाड़ी अनिल विश्वकर्मा जुग्गीलाल महेश श्रीवास्तव आकाश सोनकर शिबू पांडे राजन निषाद अभिमन्यु सिंह मुन्नालाल आदि रहे।

# महाकुंभ के दौरान यात्रियों के लिए चलाई जाएंगी नौ सौ से अधिक विशेष ट्रेनें

● अध्यक्ष रेलवे बोर्ड जया वर्मा सिन्हा ने कुंभ मेला की तैयारियों की समीक्षा के लिए प्रयागराज के स्टेशनों का किया निरीक्षण

**प्रयागराज।** रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जया वर्मा सिन्हा ने मंगलवार को उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक उपेन्द्र चन्द्र जोशी उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधरी और पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या माथुर के साथ महाकुंभ मेला की तैयारियों की समीक्षा के लिए प्रयागराज जंक्शन फाफामऊ जंक्शन प्रयाग जंक्शन प्रयागराज संगम स्टेशनों का निरीक्षण किया। प्रयागराज जंक्शन पर निरीक्षण के क्रम में वहाँ स्थापित कंट्रोल टावर से क्राउड मैनेजमेंट प्लान के बारे में भी जानकारी ली। इसके बाद प्रयागराज जंक्शन स्टेशन के क्रू एंड गार्ड लाबी के काउंसलिंग कक्ष में प्रेस वार्ता की। अध्यक्ष रेलवे बोर्ड जया वर्मा सिन्हा ने प्रयागराज रामबाग झूंसी एवं गंगा ब्रिज संख्या एक सौ ग्यारह का निरीक्षण किया। कुंभ मेला के दौरान आने वाले श्रद्धालु प्रयागराज जंक्शन प्रयागराज छिवकी नैनी प्रयाग जंक्शन और सूबेदारगंज प्रयागराज रामबाग झूंसी प्रयागराज जंक्शन फाफामऊ जंक्शन रेलवे स्टेशन से यात्रा करेंगे।अध्यक्ष रेलवे बोर्ड श्रीमती सिन्हा ने निरीक्षण के दौरान सभी स्टेशनों पर यात्रियों के लिए सुरक्षा और सुविधाओं का इंतजाम वैकल्पिक योजनाओं एवं निर्माणाधीन कार्यों का जायजा भी लिया और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कंट्रोल टावर में ज्यादा से ज्यादा स्क्रीन लगाने का निर्देश दिया और कंट्रोल टावर के ओवरऑल इंचार्ज के बारे में भी पूछने के साथ ही स्नान दिवसों पर सिंगल कमांड के विषय में भी बात की। इस दौरान अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा ने उच्च गुणवत्ता वाले इक्विपमेंट से अनाउंसमेंट के निर्देश भी दिए। प्रेस वार्ता के दौरान अध्यक्ष रेलवे बोर्ड ने बताया कि कुंभ मेला के लिए




तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कुम्भ मेला के दौरान रेलवे श्रद्धालुओं की यात्रा को सुखद बनाने के लिए नौ सौ से अधिक विशेष गाड़ियाँ चलाने की योजना पर कार्य कर रहा है। रेलवे बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर को भी मजबूत किया जा रहा है। महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षित आवाजाही के लिए रेलवे ने राज्य सरकार और केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के साथ मिलकर मूवमेंट प्लान तैयार किया है। प्रयागराज जंक्शन स्टेशन को विकसित किया जा रहा है। सिविल लाइंस साइड का पुनर्निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और महाकुंभ से पहले इसे पूरा कर लिया जाएगा। अगले दो वर्षों में सिटी साइड का निर्माण कार्य भी पूरा हो जाएगा। सभी तैयारियों के साथ रेलवे महाकुंभ के आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उमरे के प्रधान कार्यालय में अध्यक्ष रेलवे बोर्ड ने रेलवे के उच्च अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में कुम्भ मेला की विषय में गहन चर्चा की। महाकुंभ के दौरान 30 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के प्रयागराज आने की संभावना है। इसे ध्यान में रखते हुए प्रयागराज और आसपास के रेलवे स्टेशनों के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती प्रदान की जा रही है। नए अंडरपास और ओवरब्रिज का निर्माण भी किया जा रहा है। ताकि यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। कुंभ मेला में देश के हर राज्य और हर कोने से लोग आते हैं और पूरी दुनिया के सैकड़ों देशों से भी लोग यहाँ इस भव्य आयोजन के दर्शन के लिए पहुँचते है। रेलवे बोर्ड अध्यक्षा के साथ बैठक में रेलवे अधिकारियों ने इन सभी संभावनाओं के बीच योजनाएँ रखी और चर्चा की गयी। भीड़ प्रबंधन के लिए कितने कर्मचारियों की आवश्यकता होगी और आपातस्थिति में कैसे कार्य किया जाएगा इस पर भी चर्चा की गयी। अध्यक्षा रेलवे बोर्ड जया वर्मा सिन्हा ने पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या माथुर के साथ प्रयागराज के संगम में लगने वाले आगामी महाकुम्भ मेला में यात्रियों की सुविधा हेतु किए जाने वाले कार्यों एवं कार्ययोजना का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति देखी।

## कोलकाता मामला

### सुप्रीम कोर्ट का संज्ञान

**कोलकाता बलात्कार मामले** का सर्वोच्च न्यायालय ने स्वत: संज्ञान लिया है। इससे कार्यस्थलों में सुरक्षा मजबूत होने की उम्मीद जगी है। कोलकाता बलात्कार और हत्या मामले ने पूरे देश को झकझोर दिया है, इससे व्यापक गुस्सा पैदा हुआ है तथा ऐसे जघन्य अपराध समाप्त करने की मांग हो रही है। अतीत में 1970 दशक के 'रंगा बिल्ला मामले' तथा 2012 में 'निर्भया मामले' ने भी राष्ट्रीय स्तर पर गुस्सा पैदा किया था, पर इसके कारण वास्तविक परिवर्तन सीमित रहा और महिला-विरोधी अपराध लगातार जारी रहे। कोलकाता में हाल में एक रेजीडेंट डाक्टर से बलात्कार और हत्या याद दिलाती है कि महिलाओं को कार्यस्थल पर कितने खतरों का सामना करना पड़ता है। सर्वोच्च न्यायालय ने कोलकाता डाक्टर बलात्कार-हत्या मामले का स्वत: संज्ञान लिया है। भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में एक पीठ ने 20 इस मामले की सुनवाई की। कोलकाता उच्च न्यायालय ने पहले ही राज्य सरकार द्वारा मामले में कार्रवाई पर असंतोष व्यक्त किया था। यह घटना कोलकाता के आर.जी. कार मेडिकल कालेज में हुई। यह मामला अब सीबीआई को सौंप दिया गया है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा यह मामला अपने हाथ में लेने से स्पष्ट है कि पेशेवर परिवेशों समेत सार्वजनिक स्थलों पर महिला सुरक्षा के बारे में चिन्ता बढ़ रही है। इस मामले का संबंध मुख्यत: डाक्टरों की सुरक्षा से है जो देश भर में महिला सुरक्षा पर व्यापक विचार-विमर्श का मार्ग भी खोलता है।

भारत में महिला सुरक्षा व्यापक सामाजिक चिन्ता का विषय है, ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कोलकाता मामले में हस्तक्षेप डाक्टरों की सुरक्षा के साथ ही व्यापक मुद्दे पर प्रकाश डालता है। इससे स्पष्ट होता है कि हमारे स्वास्थ्यरक्षा कर्मियों, खासकर महिलाओं को कितने संकट भरे माहौल में काम करना पड़ता है। हालांकि, भारत में महिला-विरोधी हिंसा के अनेक आयाम हैं, पर महिला पेशेवरों पर हमलों की घटनायें स्वास्थ्यरक्षा क्षेत्र में ज्यादा सामने आई हैं।




इससे पूरे देश का ध्यान आकर्षित हुआ है और कानूनी कार्रवाई की आवश्यकता उजागर हुई है। भारत में महिलाओं की सुरक्षा के लिए संघर्ष जटिल तथा लंबे समय से जारी है। यौन हिंसा, उत्पीड़न तथा कार्यस्थल पर भेदभाव बार-बार जनता के गुस्से का कारण बनते हैं। कानूनी सुधारों और जागरूकता अभियानों के बावजूद महिला-विरोधी हिंसा के मामले बहुत अधिक हैं। अस्पतालों समेत सार्वजनिक स्थल देखभाल के केन्द्र होने चाहिए, पर अनेक महिलाओं के लिए ये खतरनाक बन जाते हैं। इससे समस्या की 'व्यवस्थागत' प्रकृति सामने आती है। स्वास्थ्यरक्षा क्षेत्र खासतौर से चिन्ता का विषय है क्योंकि महिला डाक्टरों और नर्सों को न केवल मरीजों के परिवारों से हिंसा का सामना करना पड़ता है, बल्कि उनको सहयोगियों व वरिष्ठों से यौन उत्पीड़न जैसी आंतरिक समस्याओं से भी जूझना पड़ता है। इस दुहरे खतरे के कारण उनका पेशेवर जीवन लगातार चुनौतीपूर्ण व असुरक्षित बन जाता है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मामले में हस्तक्षेप से उम्मीद पैदा होती है कि इसके बाद अस्पतालों तथा सार्वजनिक संस्थानों के लिए प्रभावी सुरक्षा प्रोटोकाल तैयार होंगे। सुप्रीम कोर्ट द्वारा कोलकाता मामले की जांच के बाद उम्मीद की जाती है कि इससे भारत में महिला-सुरक्षा के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपनाया जाएगा। इस मामले में केवल डाक्टरों पर ध्यान केन्द्रित करने के बजाय महिलाओं को कार्यस्थलों, यात्रा और जीवन में हिंसा और भेदभाव के भय से मुक्ति दिलाने के तरीके खोजे जाने चाहिए। अदालत का फैसला महिलाओं के प्रति जोखिम वाले दूसरे पेशों के लिए भी लाभदायक होगा।

# सेक्युलर सिविल कोड की आवश्यकता

भारत 76वें गणतंत्र दिवस की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में यह सवाल पहले की तुलना में ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है कि कानून धर्म से निर्देशित होने चाहिए अथवा ये सब पर समान रूप से लागू होने चाहिए।



**गौरव वल्लभ**
(लेखक, फाइनेंस के प्रोफेसर हैं)



**भारत 76वें** गणतंत्र दिवस की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में यह सवाल पहले की तुलना में ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है कि कानून धर्म से निर्देशित होने चाहिए अथवा ये सब पर समान रूप से लागू होने चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित करते हुए देश की अनेक समस्याओं को संबोधित करते हुए इस महत्वपूर्ण सवाल पर भी विचार किया। मोदी ने हमेशा की तरह अपने संबोधन में देश और दुनिया के समक्ष उपस्थित अनेक समस्याओं की चर्चा करते हुए अपनी सरकार की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। उन्होंने वर्ष 2047 में विकसित भारत के अपने दूरगामी लक्ष्य को केन्द्र में रखते हुए सरकार की उपलब्धियों और चुनौतियों का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने इस तथ्य का विशेष उल्लेख किया कि देश के इतिहास में लगभग 60 साल बाद उनके नेतृत्व में सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में प्रवेश कर रही है और वे लाल किले की प्राचीर से 11वीं बार देश को संबोधित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पड़ोसी देशों में हो रही घटनाओं और उनको बड़ी विश्व शक्तियों से मिलने वाली संभावित चुनौतियों की ओर संकेत करते हुए कहा कि हमारी शक्ति जैसे-जैसे बढ़ेगी, वैसे-वैसे हमारी चुनौतियां भी बढ़ेंगी। उन्होंने रेखांकित किया कि भारत ने अपने पूरे इतिहास में अनेक चुनौतियों और गुलामी के लंबे कालखंड के बावजूद उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने पिछले दस साल में भारत द्वारा की गई प्रगति को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन गया है और वह उनके इस कार्यकाल में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

भले ही हालिया लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत राजग को पहले की तुलना में कम सीटें मिली हैं, पर सरकार के गठन तथा उसकी भावी नीतियों के निर्धारण में भाजपा अपने निर्धारित मार्ग पर ही चल रही है। चुनाव परिणाम आने के बाद विपक्ष ने पहले तो सरकार के गठन और बाद में उसके स्थायित्व पर बार-बार सवाल उठाए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन सवालों के संदर्भ में अपने गठबंधन के स्थायित्व और शक्ति के बारे में सभी भ्रांत धारणाओं व अफवाहों का खंडन करते हुए कहा कि उनका सरकार पर पूरी तरह नियंत्रण बना हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन से उनके लक्ष्य स्पष्ट होते हैं जो पहले की तरह स्पष्ट और मजबूत बने हुए हैं। उनका भाषण पूरी तरह ऊर्जा और दृढ़ प्रतिबद्धता प्रकट करने वाला था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिछले सभी स्वतंत्रता दिवस संबोधन इसी भावना से भरे रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर दिया कि वे 'सेक्युलर सिविल कोड'-एससीसी, यानी समान नागरिक संहिता का क्रियान्वयन करेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने बार-बार इस मुद्दे पर चर्चा कर समान नागरिक संहिता-यूसीसी लागू करने पर जोर दिया है। देश का बड़ा हिस्सा इसे सही मानता है और उसका मानना है कि वर्तमान सिविल कोड 'सांप्रदायिक और भेदभाव वाला सिविल कोड' है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आधुनिक समाज में इसका कोई स्थान नहीं है। वर्तमान समय की आवश्यकता एक सेक्युलर सिविल कोड-एससीसी लागू करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'सेक्युलर सिविल कोड' शब्दों का प्रयोग अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण है। संभावित 'यूनीफार्म सिविल कोड' या समान नागरिक संहिता-यूसीसी के स्थान पर प्रधानमंत्री द्वारा 'सेक्युलर सिविल कोड' शब्द के प्रयोग का अर्थ यह है कि विपक्षी पार्टियां इसका उपयुक्त तरीके से समर्थन करें। इसका ऐतिहासिक संदर्भ भी है। उल्लेखनीय है कि 23 नवंबर, 1948 को डा. बी. आर. अंबेडकर ने संविधान सभा में अनुच्छेद 44 को अनुच्छेद 35 के प्रारूप के रूप में पेश किया था और इसे सर्वसम्मति से पास किया गया था। इसमें कहा गया था-'नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता-राज्य भारत के पूरे क्षेत्र में अपने नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा।' संविधान का अनुच्छेद 44 भी यही कहता है। संविधान सभा में हुए विचार-विमर्श के दौरान हुसेन इमाम तथा कुछ अन्य सदस्यों द्वारा इसमें संशोधनों के प्रस्ताव किए गए थे। इनके अनुसार, 'यदि लोगों का कोई समूह, भाग या समुदाय अपने पर्सनल ला छोड़ने का इच्छुक न हो तो ऐसे कानून में बिना उस समुदाय की पूर्व सहमति के परिवर्तन नहीं किया जाएगा, बशर्ते कि किसी समुदाय के पर्सनल ला को विधि द्वारा गारंटी दी गई हो।'

संविधान सभा में हुए विचार-विमर्श का जवाब देते हुए डा. बी. आर. अंबेडकर ने कहा था कि हमारे देश में कानूनों की समान संहिता है जिनमें मानव संबंधों के लगभग सभी आयाम शामिल हैं। हमने पूरे देश में समान और समग्र अपराध कानून लागू किया है जिसे दंड संहिता तथा अपराध प्रक्रिया संहिता में शामिल किया गया है। हमारे देश में संपत्ति हस्तांतरण कानून है जिसका संबंध संपत्ति संबंधों से है और यह पूरे देश में समान रूप से लागू होता है। इसके साथ ही 'नेगोशियेबल इस्ट्रूमेंट्स एक्ट' तथा अन्य कानून पेरे देश में लागू हैं। ये एक प्रकार से सिविल कोड बनाते हैं जो पूरे देश में समान रूप से लागू होता है। डा. अंबेडकर ने संविधान सभा में तर्क दिया था कि समान नागरिक संहिता को एक 'सेक्युलर कानून' की तरह देखा जाना चाहिए जो सभी पर समान रूप से लागू हो सकता है। 1985 में भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश जस्टिस वी.वाई. चंद्रचूड़ ने 'शाहबानो' मामले में भी ऐसे ही विचार व्यक्त किए थे। मुस्लिम महिला शाहबानो बेगम के मामले में तलाक के बाद अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के अंतर्गत गुजारे की मांग की गई थी। न्यायालय ने शुरुआती फैसला शाहबानो के पक्ष में दिया था। लेकिन इसके बाद उनके पति मुहम्मद अहमद खान ने अदालत के इस निर्णय के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। उनका तर्क था कि अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 125 मुसलमानों पर लागू नहीं होनी चाहिए क्योंकि यह मुस्लिम पर्सनल ला के विरोध में है। सर्वोच्च न्यायालय ने उनके इस तर्क से असहमति व्यक्त करते हुए कहा कि अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 125 सभी लोगों पर लागू होती है, भले ही उनका धर्म या पर्सनल ला कोई भी क्यों न हो। सर्वोच्च न्यायालय ने शाहबानो के पति की याचिका खारिज कर दी थी। चौधरी हैदर हुसेन तथा बंबई उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एम.सी. छागला जैसे प्रख्यात मुस्लिम न्यायविदों ने अनुच्छेद 44, यानी समान नागरिक संहिता-यूसीसी लागू करने की पैरवी की थी। विडंबना है कि तत्कालीन सरकार ने शाहबानो मामले में दिए सर्वोच्च न्यायालय के असाधारण निर्णय को निष्प्रभावी बनाने का प्रयास किया और उसने संसद में अपने प्रबल बहुमत के आधार पर एक संविधान संशोधन पेश कर मुस्लिम पर्सनल ला को मजबूत करने का प्रयास किया। लेकिन इसके बावजूद भारत के अधिकांश निष्पक्ष न्यायविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा दूरदर्शी राजनेताओं ने समान नागरिक संहिता के महत्व पर जोर देना लगातार जारी रखा।

जान वल्लामत्तोम बनाम भारत सरकार, 2003 मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने फिर दु:ख प्रकट किया था कि संविधान के अनुच्छेद 44 का क्रियान्वयन नहीं हो रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने भारत सरकार से यह भी पूछा था कि क्या वह समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए तैयार है? भारत अगले साल 26 जनवरी, 2025 को अपना 76वां गणतंत्र दिवस मनाने जा रहा है। ऐसे में हमें अपने आप से यह सवाल अवश्य पूछना चाहिए कि 'क्या हम लगातार ऐसे युग में बने रहना चाहते हैं जिसमें कानून धर्म, जेंडर या किसी अन्य वर्ग या समुदाय पर आधारित होंगे?' यदि इस सवाल का जवाब 'नहीं' में होता है तो सेक्युलर सिविल कोड-एससीसी को लागू किया जाना चाहिए। समान नागरिक संहिता-यूसीसी का क्रियान्वयन डा. बी.आर. अंबेडकर के दृष्टिकोण को पूरा करना होगा। उनका दृष्टिकोण था कि कानूनों को किसी खास धर्म से अलग होना चाहिए। वर्तमान समय एक 'सेक्युलर सिविल कोड'-एससीसी की आवश्यकता उजागर करता है क्योंकि इससे हमें धार्मिक भेदभाव से मुक्ति मिलेगी।

# मानसिक शांति के उपाय


“आध्यात्मिक व्यवहारों तथा सकारात्मक सोच से शांति प्राप्त हो सकती है।”

**रवि वलूरी**
(लेखक आध्यात्मिक गुरु हैं)



**तीरंदाजी** के एक छात्र ने अपने गुरु से पूरी गंभीरता के साथ पूछा कि इस कला में महारत पाने में कितना समय लगेगा। गुरु ने उसके सवाल पर विचार कर एक संतुलित जवाब दिया, 'इसमें दस साल लगेंगे।' इस पर छात्र परेशान हो गया। गुरु ने छात्र को आश्वस्त किया कि वह कठोर परिश्रम कर इस समय को और कम कर सकता है, लेकिन इसके लिए उसे कुछ अतिरिक्त समय देना होगा। इसके बाद छात्र ने पूछा कि क्या वह एक विख्यात तीरंदाज बन जाएगा और कोई उसका मुकाबला नहीं कर सकेगा? शिक्षक ने थोड़ा ठहर कर गंभीरता से जवाब दिया कि विशेषज्ञ बनने के लिए उसे बीस साल का समय देना पड़ेगा। ऐसे में सवाल उठता है कि दस साल बीस साल कैसे हो गए? इसका जवाब बेचैनी तथा दबाव का बढ़ता हुआ स्तर है। दबाव में किसी का भी दिमाग ठीक से काम नहीं करता है। गुरु अपने छात्र की प्रतिभा जानते थे और इसे देखते हुए उन्होंने उसके कुशल बनने का समय बताया था। छात्र की बेचैनी, निराशा तथा अति सक्रियता कभी ठीक से सीखने का स्थान नहीं ले सकते हैं। मनुष्यों में दबाव बढ़ना तथा परिवेश से विसंगति पैदा होना संभव है।

काम में दबाव का असर दिमाग पर पड़ता है जिससे जीवनशैली बिगड़ जाती है। दबाव के कारण हमारे भीतर अति सक्रियता, तापमान बढ़ने तथा निराशा की भावनायें पैदा हो सकती हैं। यह ऐसी मानसिक स्थिति होती है जब हमारी उम्मीदें वास्तविक आवश्यकताओं से आगे निकल जाती हैं। 'वर्तमान' में जीवित न रहने तथा लालची प्रवृत्ति के कारण मानसिक संतुलन बिगड़ जाता है। पुरानी घटनाओं की स्मृतियों का मन पर दुहरा हानिकारक प्रभाव पड़ता है। कोई आनन्ददायक घटना हमारे भीतर शांति पैदा



करती है, जबकि परेशान करने वाले अनुभव हमें तनाव और भय से ग्रस्त कर देते हैं। दुर्भाग्य से मानव मन नकारात्मक अनुभवों को ज्यादा विश्वस्त मानता है और इसके कारण हमारे दिमाग में तनाव पैदा होता रहता है। तनाव से भरे दिमाग को राहत देने के लिए प्रतिबद्धता, नियंत्रण और चुनौतियों के त्रिआयामी रास्ते की जरूरत होती है। दिमाग की ऊर्जा को उत्पादकता में बदलने की आवश्यकता होती है और यह समुचित प्रशिक्षण तथा दृढ़ प्रतिबद्धता से प्राप्त हो सकती है। चुनौतीपूर्ण स्थितियां और लक्ष्य मानव मस्तिष्क को पसंद होते हैं। कुछ नया और अलग करने तथा खांचों से बाहर निकल कर सोचना इनमें शामिल है। प्रख्यात मनोवैज्ञानिक एंडलर और पार्कर ने तनाव से बचने या इस समस्या से छुटकारा पाने के त्रिआयामी माडल का विकास किया है।

किसी भी व्यक्ति को लक्ष्य-उन्मुख रणनीति बनानी चाहिए। इसका अर्थ है कि वर्तमान काम पूरे करने के लिए समय प्रबंधन पर ध्यान देना चाहिए। इसके साथ ही तनाव वाली स्थितियों को बाहर निकालने के लिए अनुभवों का सहारा लेना चाहिए क्योंकि इनके माध्यम से हम नकारात्मक संभावनाओं व परिणामों का अनुमान लगा सकते हैं। भावना-उन्मुख रणनीति के अंतर्गत दिमाग में एक ऐसा स्थान रखना चाहिए जहां गुस्से और निराशा को छोड़ा जा सके। हमें भावनाओं से मुक्ति पानी चाहिए। हमें विश्वास और उम्मीद करनी चाहिए कि कोई उच्च शक्ति हमें शरण देने तथा हमारी सभी समस्यायें हल करने के लिए तैयार है। पलायन-उन्मुख रणनीति का अर्थ एक ऐसा कवच तैयार करना है जो दिमाग को सकारात्मक विचारों का स्थान बनाए। यह जादू की तरह काम करता है और इससे स्थिति की गंभीरता से निपटने और दबाव वाली स्थितियों से बचने में सहायता मिल सकती है।

यह माडल केवल एक ढांचा प्रदान करता है। वास्तव में विश्राम की तकनीकें, योग का व्यवहार, ध्यान में गहराई तक डूबना, काल्पनिक व सकारात्मक कल्पनाओं के माध्यम से काल्पनिक जगत बनाना, सांस लेने की सही तकनीकें सीखना, विपस्सना और सुदर्शन क्रिया तथा जिम में मशीनों के माध्यम से अभ्यास करना इस माडल को क्रियान्वित करने में सहायक हो सकते हैं। ये सभी रणनीतियां किसी व्यक्ति के दिमाग को मजबूत बनाती तथा तनाव का मुकाबला करने में सहायक होती हैं। ज्ञान प्राप्त कर, जिम्मेदारी स्वीकार कर तथा वास्तविक प्रेम और मानवता के प्रति सरोकारों के माध्यम से भी तनाव से निपटा जा सकता है। दिमाग को समस्याओं या दबाव से बड़ा होना चाहिए। केवल सच्चा साधक ही सच्ची साधना से यह स्थिति प्राप्त कर सकता है। केवल सकारात्मक विचारों, यथार्थवादी आकांक्षाओं, सीमित इच्छाओं व आवश्यकताओं से ही दिमाग तनाव का स्तर घटा सकता है। ली लाकोक्का ने कहा था, 'भारी दबाव और विपरीत स्थितियों के बीच हमेशा व्यस्त रहने से लाभ होता है। इससे अपने गुस्से और ऊर्जा को किसी सकारात्मक चीज पर केन्द्रित किया जा सकता है।'

## आप की बात

### शहरों में यातायात

**देश** के महानगरों का यातायात दिन पर दिन बिगड़ता जा रहा है। हाइवे-एक्सप्रेस सुधरने और नए बनने के बावजूद ट्रैफिक समस्या बढ़ती ही जा रही है। सड़कों के विकास और उनको चौड़ी करने के साथ ही एलिवेटेड रोड तक बनाये जा रहे हैं तथा पब्लिक ट्रांसपोर्ट का अधिक से अधिक उपयोग हेतु लोगों को जागरूक किया जा रहा है। लेकिन ये सब प्रयास नाकाफी होते जा रहे हैं। कहीं भी कभी भी जाम लगना आम बात होती जा रही है तथा सिग्नल पार करना मुश्किल बनता जा रहा है। वाहनों की लम्बी लाइन के कारण दो या तीन बार तक भी इन्तजार करना पड़ता है। चार पहिया वाहनों, यानी कारों की बढ़ती संख्या के साथ ही अन्य वाहनों की बढ़ती संख्या ट्रैफिक जाम का बड़ा कारण है। वर्तमान समय में जारी प्रयासों के साथ ही पूरे देश को भावी शहर-विकास योजनाओं पर ध्यान देना चाहिए। अनेक विकसित देशों में पुरानी घनी बस्ती और संकरी सड़कों वाले इलाकों का पूरी तरह पुनर्निर्माण करने के साथ ही ऐसे बाजार व रिहाइशी इलाके बनाए जा रहे हैं जहां लोगों का काम पैदल चलने से ही पूरा हो जाता है। इसके लिए शहरों में निजी क्षेत्र को चल-अचल संपत्तियां खरीदने तथा पुराने निवासियों को आसान शर्तों पर नए स्थानों पर बसाने की व्यापक व्यवस्था के सिवा अब कोई और रास्ता नहीं है।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### महिला-विरोधी हिंसा

**महिला-विरोधी हिंसा** थमने का नाम नहीं ले रही है। दिल्ली में मेडिकल छात्रा की हत्या क्षुब्ध कर देने वाली है। इस मामले में बंगाल पुलिस और सरकार का रवैया भी गैर जिम्मेदाराना रहा है। महिलाओं के खिलाफ बढ़ती यौन-हिंसा के बाद समाज में इसके प्रतिकार की प्रवृत्ति बढ़ी है। मीडिया की सक्रियता के चलते जहां शासन-प्रशासन सजग हुआ है, वहीं अदालतों ने कड़ी टिप्पणियों के जरिये सरकारों को उनका कर्तव्य याद दिलाया है। इससे कुछ कड़े नियम-कानूनों को अमलीजामा पहनाया जाने लगा है। महत्वपूर्ण रूप से बलात्कार और यौन.हिंसा की पीड़ित महिलाएं और युवतियां इसके प्रतिकार के लिए खुलकर सामने आने लगी हैं। उन्होंने अपराधियों के खिलाफ अपने साथ हुए अत्याचार को सार्वजनिक करने में कोई संकोच नहीं किया। वे अपराधियों के खिलाफ गवाही देने अदालतों तक पहुंचने लगीं। यह समाज में अपराधियों के खिलाफ जागरूकता और एकजुटता का पयार्य भी है। लेकिन अब महिलाओं के खिलाफ यौन-हिंसा करने वाले अपराधियों ने अपराध के तौर-तरीके बदल दिए और अनेक मामलों में पीड़िता की हत्या भी की जाती है। बलात्कार की सजा निर्धारित करते समय इस दृष्टिकोण से भी विचार होना चाहिए।

–**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### बुजुर्गों का सम्मान

**कुछ दशक** पूर्व तक हमारे देश में बुजुर्गों को अत्यधिक सम्मान और महत्व दिया जाता था। घर के सारे कार्य तीज त्यौहार विवाह शादी सभी कुछ उनके मार्गदर्शन में होते थे। मगर अब बुजुर्गों के लिए न तो पहले जैसा सम्मान रहा और न ही महत्व। जो मां-बाप अपने जीवन भर परिश्रम कर अपनी संतानों का उज्जवल भविष्य बनाते थे और इसके लिए उनको विदेश भेजते थे। बुढ़ापे में वही मां-बाप उन्हें बोझ लगने लगते हैं और उन्हें वृद्धाश्रम में जीवन बिताना पड़ता है। हालांकि, बुजुर्गों को भी जेनरेशन गैप के अनुसार अपना व्यवहार बनाना होगा। हर छोटी बड़ी बात में दखलअंदाजी और टोका-टाकी आज की युवा पीढ़ी पसंद नहीं करती। बढ़ती उम्र के साथ उन्हें अपने अधिकार अपनी संतानों को दे देने चाहिए। नाती पोतों के कामों में भी हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है क्योंकि यह अब उनके माता-पिताकी जवाबदारी है। गांवों की अपेक्षा शहरों में बुजुर्ग उपेक्षा का अधिक शिकार होते हैं। अत: उन्हें अपने बुढ़ापे की व्यवस्था समय रहते करने के साथ ही यथासंभव आत्मनिर्भर बनने का प्रयास करना चाहिए। संतानों से बहुत ज्यादा अपेक्षा करना तथा बेटे को बहू के बजाय अपने हुक्म पर चलाने की इच्छा उचित नहीं है। सम्मान के लिए सामंजस्य जरूरी है।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### तालाबों का महत्व

**भूजल** स्तर में सुधार करने में तालाबों का महत्व अब स्पष्ट होता जा रहा है। यदि नए-पुराने सभी तालाब लबालब पानी से भरे होंगे तो जमीन में पर्याप्त नमी के कारण सिंचाई में पानी कम लगेगा तथा पेड़ पौधों के पोषण के लिए अनिवार्य प्राकृतिक लवण भी मिलते रहेंगे। बड़े तालाब लोगों की प्यास बुझाने के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान कर सकते हैं। तालाबों को सहेजने हेतु सरकारी विभागों को बेहतर तरीके से उनकी देखभाल के लिए सुव्यवस्थित तरीके से मरम्मत पर ध्यान देना होगा ताकि अतिवृष्टि में भी तालाब सुरक्षित बने रह सकें। नदियां, तालाब, झील, कुंए, बावडी आदि हमारी संस्कृति व परंपरा मे पूजा व विभिन्न कर्मकांडों के स्थल रहे हैं। तालाबों को बनाने, उनका संरक्षण करने तथा उनके पानी को शुद्ध रखने की प्राचीन परंपराओं को एक बार फिर पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है। इसके लिए गांवों में तालाबों समेत अन्य सार्वजनिक प्रयोग वाली जमीनों पर निहित स्वार्थी तत्वों के कब्जे का विरोध करने के लिए भी व्यापक जन-जागरूकता तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच सहमति जरूरी है।

– **संजय वर्मा,** मनावर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# कोलकाता मामले पर भविष्य में बोलूंगा, रायबरेली में दलित की हत्या से ध्यान भटकाना नहीं चाहताः राहुल

**रायबरेली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि वह भविष्य में कोलकाता में डॉक्टर की बलात्कार के बाद हत्या के मामले पर बोलेंगे, क्योंकि वह दलित युवक की हत्या के मुद्दे से ध्यान भटकाना नहीं चाहते, जिसके लिए वह यहां आए हैं। भाजपा ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें अपराध सिर्फ भाजपा शासित राज्यों में दिखता है। राहुल एक दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली में थे, जहां नसीराबाद थाना क्षेत्र के भुवालपुर सिसनी गांव में 11 अगस्त को कुछ स्थानीय लोगों के साथ विवाद के बाद अर्जुन पासी (22) नामक एक दलित युवक की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।



अर्जुन पासी के परिजनों से मिलने के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान जब उनसे कोलकाता में एक प्रशिक्षु चिकित्सक की बलात्कार के बाद हत्या के मामले के बारे में पूछा गया तो गांधी ने कहा, मैं इस घटना (दलित की हत्या) के लिए यहां (रायबरेली) आया हूं। उन्होंने कहा, "मैंने कोलकाता की घटना पर टिप्पणी की है और अपने विचार रखे हैं। मैं इस घटना (दलित युवक की हत्या) से ध्यान भटकाना नहीं चाहता, इसलिए मैं इस मुद्दे को उठाने यहां आया हूं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, मैं जानता हूं कि आप नहीं चाहते कि इस मुद्दे को भटकाया जाए और इसे उजागर न किया जाए क्योंकि आप नहीं चाहते कि दलितों के मुद्दों को उठाया जाए। मैं यहां दलितों की रक्षा करने, उनके मुद्दों को उठाने आया हूं। मैं इस मामले से ध्यान भटकने नहीं दूंगा। मैं कोलकाता मामले पर आगे आने वाले समय पर बोलूंगा। नौ अगस्त को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के सेमिनार कक्ष के अंदर एक प्रशिक्षु डॉक्टर का शव मिला था, जिसके बाद अगले दिन पुलिस ने बलात्कार के बाद हत्या की घटना में कथित संलिप्तता के लिए व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। राहुल गांधी के बयान पर भारतीय जनता पार्टी की उप्र इकाई ने एक्स पर किए गए एक पोस्ट में कहा, कांग्रेस के शहजादे जिनकी देश में नेता विपक्ष की भूमिका है, लेकिन जनता के लिए इन्होंने दोहरे मापदंड निर्धारित कर रखे हैं। भाजपा ने इसी पोस्ट में राहुल गांधी के बयान का 12 सेकंड का एक वीडियो साझा करते हुए कहा, इनको अपराध सिर्फ भाजपा शासित राज्यों में दिखता है। पश्चिम बंगाल में हुई जघन्य घटना पर इनके मुंह से एक शब्द नहीं निकलता, पत्रकारों के सवाल पूछने पर बेशर्मी पूर्ण जवाब आता है।

## पार्किंग शुल्क को लेकर ई.रिक्शा चालक से मारपीट, वीडियो वायरल

**लालगंज रायबरेली।** कस्बे के गांधी चौराहा में मंगलवार की दोपहर को नगर पंचायत की ओर से पार्किंग शुल्क वसूली को लेकर ई रिक्शा चालक के साथ मारपीट हो गई। बाद में सूचना पर पहुंची पुलिस ने मारपीट कर रहे युवकों को पकड़कर थाने ले गई। ई रिक्शा चालक से हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल है। कस्बे के गांधी चौराहा में पीडब्ल्यूडी कार्यालय के निकट नगर पंचायत में प्रवेश व पार्किंग शुल्क की वसूली में लगे कुछ लोगों ने एक ई रिक्शा चालक से जमकर मारपीट की। वहां मौजूद कई लोगों ने झगड़े का बीच बचाव करने का प्रयास किया। लेकिन देर तक युवक आपस में धक्का मुक्की करते रहे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो लोगों को पड़कर थाने ले गई है। बीच बाजार में हुई मारपीट का वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों को थाने लाया गया है। काउंसलिंग की जा रही है।

# आरेडिका के आवासीय परिसर में 15 कालोनियों के ताले टूटे

**● अनुमानित 50 लाख से अधिक कीमत का सामान उड़ाया**

**संवाददाता।** लालगंज रायबरेली

**आधुनिक** रेल डिब्बा कारखाना के आवासीय परिसर में रविवार की रात को अज्ञात चोरों ने 15 से अधिक क्वार्टरों के ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने घरों से करीब 50 लाख से अधिक कीमत के सोने चांदी के जेवरात व कीमती सामान पार कर दिया। घटना के बाद आरेडिका आवासीय परिसर में रहने वाले कर्मचारियों और उनके परिवारीजनों में दहशत का माहौल व्याप्त है। सूचना पर पहुंची पुलिस जरूरी जांच पड़ताल में जुट गई है। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना की आवासीय परिसर में बीती रात अज्ञात चोरों ने उन घरों को निशाना बनायाए जिनमें रहने वाले अधिकतर कर्मचारी व उनके परिवार रक्षाबंधन मनाने अपने घरों को गए हुए हैं। चोरों ने टाइप टू के प्रभात कुमार के क्वार्टर 2060.एए मुकेश कुमार 2060.डीए सुशील वर्मा 2069.एए शीला व जितेंद्र कुमार के आवास संख्या 2025. ए व 2025 डीए अनुराग सिंह व किशन रजक के आवास संख्या क्रमशः 2026 सी व 2068 सीए प्रिंस सचान और राकेश कुमार के आवास 2065 सी व 2065 डीए विश्व कुमार भारती के आवास संख्या 2071 बीए चोखेलाल के 2072 बीए अभिजीत गुप्ता 2071 सीए संजय कुमार 2072 सीए दीपक वर्मा 2073 ए और दीपक कुमार के आवास संख्या 2073 बी सहित 15 घरों के दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुए और घर में रखी आलमारीए लाकर व बक्सों का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। सुबह पड़ोसियों ने दरवाजा खुला देखा तो घटना की जानकारी हुई। मौके पर आरपीएफ व स्थानीय पुलिस ने जाकर छानबीन की तो एक के बाद एक करीब 15 घरों के ताले टूटे मिले। गृह स्वामियों के मौजूद नहीं होंने के कारण चोरी गए सामान की वास्तविक जानकारी नहीं मिल सकी है। मौके पर पहुंचे को अनिल कुमार सिंह ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। फॉरेंसिक टीम बुलाकर जरूरी साक्ष्य कराए गए। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि घटना के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

## हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजे शिवालय

**लालगंज रायबरेली।** सावन के अंतिम व पांचवें सोमवार को परंपरागत तरीके से शिवालयों में श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। भक्तों ने विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर देवाधिदेव महादेव से जीवन में सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। शिव मंदिर हर.हर महादेव के जयकारों से गूंज उठे। ऐहार के बाबा बाल्हेश्वर मंदिर में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान का दर्शन व अभिषेक किया। कस्बे के बेहटा चौराहा स्थित शिव मंदिर, भैरोनाथ मंदिरए ओंकारेश्वर मंदिर, दुर्गा माता मंदिरए सातनपुर गांव के सतनेश्वर मंदिरए गहिरी गांव के सुप्रसिद्ध गहिरेश्वर मंदिर सरेनी के सिहोलेश्वर सहित अन्य शिवमंदिरों में सुबह से ही भगवान के दर्शनों और जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सावन के अंतिम सोमवार में रक्षाबंधन भी पडने के कारण ऐहार के बाल्हेश्वर मंदिर में सुबह चार बजे से ही दूरदराज से आए श्रद्धालु पंक्ति में खड़े होकर मंदिर के पट खुलने का इंतजार किया। भोलेनाथ का रुद्राभिषेक करने के बाद श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के पट खोल दिये गए। सुबह से लेकर शाम तक बाबा के दर्शनों और अभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की लाइन लगी रही। भक्तों ने विधि विधान पूर्वक भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर जीवन में सुख समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में लगे मेले में लोगों ने अपनी जरूरत का सामान खरीदा। भक्तों की सुविधा के लिए शासन प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए। मंदिर से पांच सौ मीटर दूरी पर जगह.जगह बैरिकेड किया गयाए ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत हो न हो। परिसर में भारी पुलिस बल तैनात रहा। सीओ अनिल कुमार सिंहए प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मंदिर के प्रधान पुजारी पंण् झिलमिल महाराज ने बताया कि परंपरागत तरीके से भोर में मंदिर के पट खोल दिए गए। दिन भर भगवान के दर्शन और अभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने निर्बाधरूप से भगवान का अभिषेक व दर्शन किया।

# राजीव की याद में अव्वल प्रतिभागियों के चेहरे खिले

**● राजीव संदेश साइकिल दौड़ यात्रा ने दिये जनता को संदेश**



**अमेठी।** राजीव गाँधी जन्म दिन पर प्रतियोगिताओ का दौर चला। राजीव जी ने अमेठी के साथ पूरी दुनिया मे बेहतरी से काम किए। उसे छात्र और छात्राओ ने अपनी कलम से नयी उड़ान भरी। जो लोगो का दिल झकझोर दिया। पूर्व मे राजीव गाँधी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता मे अड़तीस बालिकाओ ने अव्वल स्थान हासिल किए। और मात्र तेरह बालको ने स्थान पाने मे कामयाब रहे। 17 ब्लाको के 38 स्कूलो मे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रथम स्थान पर 4बालक और 13 बालिकाए रही। द्वितीय स्थान पर 6 बालक और 11 बालिकाए रही। तृतीय स्थान पर 3बालक और 14 बालिकाए रही। प्रतियोगिता मे 51 बालक और बालिकाओ को टी शर्ट, बैग के साथ प्रमाणपत्र देकर कांग्रेस सांसद किशोरी लाल शर्मा बारी बारी से सम्मानित किए। तो वही गौरीगंज ब्लाक मे 26 वी राजीव संदेश साईकिल दौड प्रतियोगिता मे 32 प्रतिभागी शमिल हुए। मुलायम सिंह यादव प्रथम पुरस्कार, विक्की यादव द्वितीय स्थानएऔर दीपक यादव ने तृतीय स्थान हासिल किया। बत्तीस प्रतियोगी शमिल हुए। राजीव संदेश साईकिल दौड प्रतियोगिता को हरी झण्डी सैठा प्रधान सन्तोष सिंह ने दिखाई। यात्रा सैठा से शुरुआत होकर सब्जी मण्डी चौहान होटल रवाना हुई। प्रतियोगिता मे शामिल नितेश चौहान, मुकेश यादव, बिपिन वर्मा, अरबाज, मनीष, रवी, अंशदीप कश्यप, शिवम, रमेश कश्यप, राजेंद्र, समीर, सुमित, अनुज यादव आदि राजीव संदेश दौड प्रतियोगिता मे शामिल हुए। बिजेता प्रथम मुलायम सिंह यादव को साइकिल देकर सम्मानित कांग्रेस सांसद किशोरी लाल शर्मा ने किए। इसके बाद विक्की यादव को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किए। दीपक यादव को तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतिभागियों में 11 अन्य को भी पुरस्कृत किया गया। जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल, पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी, पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, धर्म राज बहेलिया, साइकिल दौड़ प्रतियोगिता आयोजक अनिल सिंहए रामबरन कश्यप, मो. मतीन, सभी 17 ब्लॉक अध्यक्ष व विद्यालय के अध्यापक गण उपस्थित रहे।

## दो बाइकों की भिड़ंत में तीन घायल, दो रेफर

**जगदीशपुर अमेठी।** तेज रफ्तार आ रही दो बाइको की भिड़ंत मे तीन लोग घायल हो गए जिन्हे उपचार हेतु अस्पताल मे भर्ती कराने पर दो घायलों को हालत गंभीर देख चिकित्सकों नें ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। थानाक्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ सुल्तानपुर रोड पर स्थित सिधियावा गांव के समीप घटना उस वक्त घटी जब तेज रफ्तार दो बाइकों की आपस मे जोरदार टक्कर हो गई जिस पर सवार शिवाकांत व रूपेश निवासीगण खसपरी थाना मिल एरिया जनपद रायबरेली व दूसरी बाइक पर सवार दिनेश कुमार निवासी पूरे स्वयंवर शुक्ल मजरे रसूलपुर थाना कमरौली घायल हो गए जिन्हे आनन फानन मे जगदीशपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे भर्ती कराया जहां दो की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया ।

## क्विक न्यूज

### विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों की विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान को लेकर बैठक

**अमेठी।** अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के पूर्व विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 20 अगस्त से प्रारम्भ हो रहे मतदाताओं के घर.घर सत्यापन कार्यक्रम को लेकर उप जिला निर्वाचन अधिकारीध्अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि 20 अगस्त से बीएलओ द्वारा मतदाओं के घर.घर सत्यापन कार्यक्रम का प्रारम्भ किया जायेगा जो कि 20 सितंबर तक चलेगा। उक्त कार्यक्रम के दौरान समस्त छूटे हुएध्अपंजीकृत मतदाताओं का डाटाबेस तैयार किया जायेगा। डेडध्डुप्लीकेटध्शिफ्टेड मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जाएंगे। नाम में संशोधन/फोटो परिवर्तन आदि की कार्यवाही भी साथ ही साथ की जायेगी। समस्त कार्यवाही बीएलओ के मोबाईल ऐप के माध्यम से की जायेगी एवं इसका रिकार्ड भी बीएलओ रजिस्टर में रक्षित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मतदाताओं के घर.घर सत्यापन कार्यक्रम के साथ ही दिनांक 20 अगस्त से ही मतदेय स्थलों के सम्भाजन का कार्य भी प्रारम्भ हो जायेगा जो 18 अक्टूबर तक चलेगा। निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यकम 29 अक्टूबर से प्रारम्भ होगा एवं 28 नवंबर तक गतिमान रहेगा तथा 29 अक्टूबर से 28 नवंबर के मध्य मतदाताओं से दावे और आपत्तियां प्राप्त किए जायेंगे। उन्होंने कहा कि 29 अक्टूबर को मतदाता सूची का आलेख्य पब्लिकेशन किया जायेगा। 06 जनवरी को मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन किया जायेगा। पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोग द्वारा विशेष अभियान की तिथियां 09 नवंबर (शनिवार), 10 नवंबर (रविवार), 23 नवंबर (शनिवार) 24 नवंबर (रविवार) निर्धारित की गई हैं।

### बेकाबू मैजिक वाहन ने बाइक सवार तीन लोगों को रौंदा, एक की मौत, दो गंभीर

**लालगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के बदई का पुरवा गांव के निकट मंगलवार की दोपहर को तेज रफ्तार बेकाबू मैजिक वाहन ने बाइक सवार तीन लोगों को रौंद दिया। जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गईए जबकि उसी बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गंभीर रूप से घायल दोनों को इलाज के लिए सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया। हरचंदपुर थाना क्षेत्र के हिड़इन निवासी रमेश गांव के ही शिव शंकर व आजाद को बाइक में बैठाकर पूरे बदई का पुरवा से नरपतगंज की ओर आ रहे थे। तभी बदई का पुरवा गांव के ही निकट सामने से आ रही तेज रफ्तार मैजिक वाहन ने उसे रौंदते हुए बगल की दीवाल से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दीवाल भर भरा कर गिर गई। टक्कर से रमेश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि शिवशंकर और आजाद गंभीर रूप से घायल हो गए। वहां मौजूद राजगीरों ने घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचायतनामा कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जरूरी लिखापढ़ी के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

### महिला के गले की चेन झपटकर भागा अज्ञात व्यक्ति

**लालगंज रायबरेली।** कस्बे के गाँधीचौराहे पर सोमवार को बस में सवार होकर यात्रा करने जा रही एक महिला के गले की चेन किसी अज्ञात व्यक्ति ने खींच ली। मौहरी का पुरवाए निराला नगर मजरे आलमपुर मोहल्ला निवासिनी महिला कुसुम श्रीवास्तव दोपहर करीब ढाई बजे गांधी चौराहे पर फतेहपुर जाने के लिए बैठने जा रही थी। बस में चढ़ते समय उसकी सोलह तोले की सोने की चेन किसी अज्ञात व्यक्ति ने खींच ली। जब उसे चेन खींचे जाने का आभास हुआ तो वह बस से उतरकर घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की पड़ताल शुरू की।

# सिय के सजन को झूलाऐ लियो रे सजनी सावन बितल चली जाय जैसे पद सुन मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

**अयोध्या।** 13 दिवसीय सावन झूलनोत्सव का समापन सोमवार को सरयू स्नान के साथ हुआ और झूलन सरकार को झूला झूलने के लिए श्रद्धालुओं का जन सैलाब अयोध्या में प्रतिदिन उमड़ रहा है जहां मंदिर कजरी गीत से गुंजायमान हो रहे हैं देश के विभिन्न कोने से आए हुए कलाकार अपने कलाओं से सभी को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं वही दूर दराज गांव से आई माताएं बहने सड़क पर मंदिरों में मेला देखने के लिए जाते समय लोकगीत गुनगुना रही हैं जिसको सुनकर हृदय भावविभोर होता है कि आज भी अयोध्या में सावन मेले के बहाने लोकगीत जिंदा है और सुनने को मिल रही है। इसी के साथ शाम होते ही मंदिरों में युगल सरकार सज धज कर झूले पर विराजमान होते है और सरकार को झूला झूलने के लिए मंदिरों में श्रद्धालु उमड़ पढ़ते हैए श्री कनक बिहारी सरकार के परिसर में विराजमान श्रीलालसाहब दरबार में सरकार की अद्भुत भव्य झांकी देखते ही बनती है श्रवण तृतीय से प्रारंभ हुई यह झांकी प्रतिदिन नई दिखाई देती हैए श्री लाल साहब सरकार मंदिर के पीठाधीश्वर महंत रामनरेश शरण महाराज के संयोजन में चल रहे झुलनोतसव को देखने के लिए देश के कोने कोने से आए हुए श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो रहें है और मंदिर में आध्यात्मिक संगीत संध्या में युगल सरकार को ष्सिय के सजन को झूलाऐ लियो रे सजनी सावन बितल चली जाय हे रघुनंदन जनमन रंजन अलबेले सरकार हिंडोले झूलो नाथ सदा झूलो मेरे दिलवर बढे उत्साह नया जियो युग युग प्रिया प्रितम यही है चाह नया। पद सुनाए गए ठाकुर जी के साथ झूलनोत्सव देखने आए श्रद्धालु अलौकिक अद्भुत झांकी और अध्यात्म संगीत अविरल गंगा को सुनकर मंत्रमुग्ध हो गए। अयोध्या के कनक भवन मणिराम दास की छावनी बड़ा स्थान दशरथ महल राम वल्लभा कुंज वेदांती मंदिर रंगमहल रंग वाटिका सहित सभी मंदिरों में पूर्णिमा पर झूला महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ चल रहा है और सभी का समापन श्रावण पूर्णिमा सोमवार को हुआ।



# राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ ने मनाया रक्षाबंधन पर्व

**● आयोजन से नारी शक्ति की सुरक्षा हुई मजबूत व भाई-बहन का प्रेम बढ़ा**





आयोजन में उपस्थित जन।

**संतकबीरनगर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ एक मैरेज हाल में रक्षा बंधन उत्सव बडे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय संयोजक प्रज्ञा प्रवाह जे. नन्द कुमार ने दीपप्रज्वलन करके प्रारंभ किया। इसके उपरांत जिला कार्यवाह सौरभ ने अतिथियों का परिचय कराया। नंद कुमार ने कहा रक्षाबंधन हिंदू धर्म का सबसे महत्वपूर्ण पूर्व है। इस अवसर पर उन्होने स्वामी विवेकानंद का भी जिक्र किया और कहा जब तक हिन्दू कैलेंडर है हम कभी गुलाम नहीं होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ मुख्यरूप से छः कार्यक्रम मनाता है। जिसमें रक्षाबंधन प्रमुख हैं रक्षाबंधन पर संबोधित करते हुए उन्होंने कहा भारत हिन्दू राष्ट्र है, हिन्दू राष्ट्र था और हिन्दू राष्ट्र रहेगा। रक्षाबंधन सौहार्द का बंधुत्व का उत्सव है। विजयादशमी मकरसंक्रांति भी हम उत्साह से मनाया करते हैं। इस अवसर पर उन्होने राष्ट विरोधी विधर्मीयो का भी जिक्र किया। बच्चों ने मनमोहक झांकी भी प्रस्तुत किये, कार्यक्रम में आये भाजपा नेता नमो ऐप के प्रभारी भास्कर मणि त्रिपाठी ने कहा जिस तरह वलि को रक्षाबंधन बांधकर लक्ष्मी ने नारायण को प्राप्त कर लिया। इसी तरह इसी तरह हिंदू समाज एक दूसरे की रक्षा के लिए तत्पर हो देश निष्चित परम वैभव को प्राप्त होगा। इस अवसर पर प्रांत कार्यवाह विनय, प्रांत सह सेवा प्रमुख नित्यानंद, प्रांत प्रचारक रमेश, सह प्रांत प्रचारक सुरजीत, जिला प्रचारक अनुपम, दिग्विजय नाथ शुक्ल, भास्कर मणि त्रिपाठी, प्रवीण कुमार त्रिपाठी, राजकुमार चौधरी, प्रदीप सिंह, सह जिला कार्यवाह राम नाथ, जिला संघचालक रामगोपाल, जिला सह संघचालक अशोक, अर्जुन राय, अनिलपाल, अंबेशकृष्ण, रमेशराय, रविन्द्र नाथ त्रिपाठी, सुदक्षिणा सिंह, पूजा सिंह, शिव उपाध्याय, अभिषेक त्रिपाठी, विनोद कुमार त्रिपाठी, शैलेश श्रीवास्तव, सुखेन्दु पांडेय सहित हजारों लोग उपस्थित रहे। रक्षाबंधन लेकर महिलाओं का भी उत्साह देखते बन रहा था। वहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र भी बांध अपना आशीर्वाद दिया।

# जयंती पर याद किये गये पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी

**● नारी न्याय सम्मान प्रमाण पत्र वितरित**





चित्र पर पुष्प अर्पित करते कांग्रेसी।

**संतकबीरनगर।** आज जिला कांग्रेस कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी जयंती जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने मनाई स्वर्गीय गांधी चित्र पर माल्यार्पण के बाद एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रवीण चंद पांडेय ने कहा कि आधुनिक भारत स्वर्गीय राजीव गांधी जी के दूरदृष्टि का परिणाम है।

आज का भारत जो डिजिटल इंडिया सपना देख रहा है उसकी नीव स्वर्गीय राजीव गांधी ने बहुत पहले रख दिया था। युवाओं को देश की मुख्य धारा से जोडना उनके मूल एजेंडे में था इसीलिए उन्होंने 18 साल के युवाओं को मतदान देने का कानून बनाया शिक्षा की समानता के लिए उन्होंने पूरे देश में जागरूकता अभियान चलाया गरीबी उन्मूलन और किसानों के लिए अपने कार्यकाल में एतिहासिक कदम उठाए। मीडिया प्रभारी सुनील कुमार पांडेय ने कहा कि गरीबों किसानों युवाओं के प्रेरणा स्रोत रहे पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी से आज के नेताओं को सीख लेनी चाहिए। वहीं आज स्वर्गीय राजीव गांधी के जयंती पर महिला कांग्रेस द्वारा शांति देवी के नेतृत्व में दर्जनों महिलाओं को नारी न्याय सम्मान का प्रमाण पत्र जारी कर उन्हे सम्मानित किया गया।

महिलाओं को संबोधित करते शांति देवी ने कहा कि महिलाओं का मान सम्मान केवल कांग्रेस पार्टी में ही सुरक्षित है स्वर्गीय राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए। उन्होंने कांग्रेस पार्टी में महिलाओं को जोड़ने का संकल्प भी लिया आज के गोष्ठी मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार पांडेय, ग्राम प्रधान कटबन्ध शांति देवी, अजय सिंह, राजू गोंड, पिंटू सिंह, मदन दास, जमुना प्रसाद, संजय चौरसिया, गोलू, रवि सिंह, सुमन दुबे, रेनू शुक्ला, बसंती देवी, कौसिल्या, अर्चना, पूजा, बबीता, ममता, प्रदुम सहित भारी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

# फुटबाल प्रतियोगिता की हुई शुरूआत आज होगा एचआरआईसी में खेल

**संतकबीरनगर।** जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेशानुसार जनपद की बालक और बालिकाओं 14 वर्ष 17 वर्ष और 19 वर्ष की फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हीरालाल रामनिवास इंटर कॉलेज में संपन्न कराई गई। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य रामकुमार सिंह और प्रवक्ता अरुण कुमार ओझा के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके हुआ इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। हीरालाल रामनिवास इंटर कॉलेज खलीलाबाद और मौलाना आजाद इंटर कॉलेज खलीलाबाद सीनियर बालक वर्ग की विजेता हीरालाल रामनिवास इंटर कॉलेज रहा और उप विजेता मौलाना आजाद इंटर कॉलेज खलीलाबाद रहा। बालिका ग्रुप में 19 वर्षीय में केवल हीरालाल रामनिवास इंटर कॉलेज की टीम प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया और प्रथम स्थान प्राप्त किया यह विजेता टीमें बस्ती मंडल की फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। यह मंडलीय प्रतियोगिता हीरालाल रामनिवास इंटर कॉलेज में 21 अगस्त 2024 को आयोजित है 12.00 बजे से। यह जनपदीय प्रतियोगिता विद्यालय के शारीरिक शिक्षा अध्यापक/प्रवक्ता जिला खेल सचिव (माध्यमिक) जोखू प्रसाद की देखरेख में संपन्न हुई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रवक्ता इंद्रेशधर दुबे, योगेंद्र सिंह मौलाना आजाद इंटर कॉलेज के गेम टीचर विवेकानंद यादव, रणजीत चौहान और अन्य अध्यापक बंधु उपस्थित रहे।



खेल शिक्षक के साथ खिलाड़ियो की टीम।

# स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की शत प्रतिशत कराएं फीडिंगः नेहा शर्मा

**गोंडा।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम नेहा शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई। डीएम ने कहा कि शासन की मंशानुसार जनसामान्य को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए सभी सीएचसी अधीक्षक सीएचसी पर ही निवास करें तथा संस्थागत प्रसव एवं विभिन्न प्रकार के टीकों को समय से लगवाना सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य विभाग के निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा में बचे हुए कार्यों को समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिये। बैठक में जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत चलाए जा रहे कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी। यूपीएचएमआईएस हेल्थ डैशबोर्ड, मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, कम्युनिटी प्रोसेस, राष्ट्रीय कार्यक्रम नान कम्युनिकेबल डिजीज, एनसीडी, एनबीसीपी, आरएनटीसीपी, पीएमएमवीवाई, नियमित टीकाकरण, वैक्सीनेशन, जननी सुरक्षा व मातृ वंदना योजना के तहत भुगतान की स्थिति, आशा इन्सेन्टिव, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी, ओपीडी व आईपीडी की स्थिति, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा सीएचसी पर बेडों की ऑक्यूपेंसी की स्थिति सहित अन्य योजनाओं की डीएम द्वारा गहन समीक्षा की गई। एनआरसी में भर्ती बच्चों, आरसीएच पोर्टल फीडिंग के स्टेटस, एनपीसीडीसीएस, राष्ट्रीय कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय अंधता एवं दृष्टिक्षीणता नियंत्रण कार्यक्रम आदि सभी की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समय से कार्य कराना सुनिश्चित करें। डीएम द्वारा सभी सीएचसी अधीक्षकों को कड़े निर्देश दिये गये कि अपने अपने सीएचसी पर साफ- सफाई पर विशेष ध्यान दें। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से मरीजों को भर्ती करायें, साथ ही इस पर विशेष ध्यान दिया जाय। प्रसव केंद्र पर प्रसव की संख्या बढ़ाएं। सब सेंटरों पर एएनएम की उपस्थिति सुनिश्चित की जाये। ताकि सेंटर पर आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिया जा सके।



जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक लेतीं डीएम नेहा शर्मा।

# सभी ग्रामों में निर्विवाद उत्तराधिकार को अभियान चलाकर खतौनियों में होगा दर्ज

**कानपुर देहात।** शासन के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी आलोक सिंह ने अवगत कराया की जनपद के समस्त ग्रामों में निर्विवाद उत्तराधिकार को खतौनियों में दर्ज कराये जाने हेतु 16.08.2024 से 16.10.2024 तक दो माह का विशेष अभियान जनपद में चलाया जायेगा। शासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करायें जाने हेतु समस्त उप जिलाधिकारी को उक्त के संबंध में निर्देश दिये गये है। शासन द्वारा निर्धारित समय सारणी अनुसार कार्यवाही पूर्ण की जायेगी। दिनांक 16.08.2024 से 31.08.2024 तक राजस्वए तहसील अधिकारियों द्वारा भ्रमण कर राजस्व ग्रामों में प्रचार प्रसार तथा खतौनियों को पढ़ा जायेगा तथा लेखपाल द्वारा वरासत हेतु प्रार्थना पत्र प्राप्त कर उन्हें ऑनलाइन भरा जायेगा। दिनांक 01.09.2024 से 15.09.2024 तक क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा ऑनलाइन जांच की प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही की जायेगी। 16.09.2024 से 30.09.2024 तक राजस्व निरीक्षक द्वारा जाँच एवं आदेश पारित करने की प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही की जायेगी। 16.09.2024 से 30.09.2024 तक राजस्व निरीक्षक ;कार्यालयद्ध द्वारा राजस्व निरीक्षक के नामान्तरण आदेश को आर.6 में दर्ज करने के पश्चात खतौनी की प्रविष्टियों को भूलेख साफ्टवेयर में अद्यावधिक की जायेगी। 01.10.2024 से 05.10.2024 तक जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक लेखपालए राजस्व निरीक्षकए तहसीलदार तथा उप जिलाधिकारी से इस आशय का प्रमाण पत्र प्राप्त किया जायेगा कि उनके क्षेत्र के अन्तर्गत स्थित राजस्व ग्रामों में निर्विवाद उत्तराधिकार का कोई भी प्रकरण दर्ज होने से अवशेष नहीं है। 06.10.2024 से 13.10.2024 तक अभियान के अन्त में डीएम द्वारा जनपद की प्रत्येक तहसील के दस प्रतिशत राजस्व ग्रामों को रैण्डमली चिन्हित करते हुये उनमें अपर जिलाधिकारियों, उप जिलाधिकारियों व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा इस तथ्य की जाँच करायी जायेगी कि निर्विवाद उत्तराधिकार को कोई प्रकरण दर्ज होने से बचा नहीं है। 01.09.2024, 15.09.2024, 30.09.2024 को जनपद की प्रगति रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में परिषद की वेबसाइट पर फीड करने एवं राजस्व परिषद द्वारा पाक्षिक रिपोर्ट शासन को उपलब्ध करायें जाने सम्बन्धी कार्यवाही की जायेगी। जनपदों द्वारा परिषद को संलग्न निर्धारित प्रारूप पर प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये जाने की समय.सीमा दिनांक 16.10. 2024 तक है।

# सीएम डैशबोर्ड, विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की डीएम ने की समीक्षा

**लखीमपुर खीरी।** शासन से निर्धारित सीएम डैशबोर्ड एवं विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की डीएम ने कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक ली, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। डीएम ने एनआरएलएमए समाज कल्याण, पर्यटन, उद्योग विभाग की खराब प्रगति पर नाराजगी प्रकट की। पीडब्ल्यूडी सीडी.1 लखनऊ के अनुपस्थित होने पर कारण बताओ नोटिस भेजने के निर्देश दिए। डीएम ने सीएम डैशबोर्ड के मानकों पर जिलों में चल रही सरकार की सभी योजनाओं, सभी विभागों के कामकाज की समीक्षा की। डीएम ने कहा कि अधिकारी सीएम डैशबोर्ड पर अपने विभाग की रैंकिंग में सुधार करे। उसमें गंभीरता दिखाये। सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारियों को टीम भावना के रूप में काम करना चाहिए और अपने जनपद की रैंकिंग में सुधार लाने का पूरा प्रयास करना चाहिए।

डीएम ने अधीनस्थ अधिकारियों को सीएम डैश बोर्ड की रैंकिंग पर नजर रखने के निर्देश दिए। रैंकिंग का खराब होना विभागीय अधिकारियों की लापरवाही परिचायक होगा। जिन विभागों की प्रगति निम्न श्रेणी में हैए उसे उच्च श्रेणी में लाया जाए। डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सरकार पूर्णतया कटिबद्ध है। अफसरों को जरूरी दिशा निर्देश देते हुए कहा कि योजनाओं का क्रियान्वयन अच्छे तरीके से होना चाहिए। इसमें कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। अपने कार्यों में सुधार लाये। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि निरन्तर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहेए अपनी विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर ध्यान देंए निर्धारित समयावधि में प्राप्त आवेदन पत्रों को निस्तारित करें।

# बहनों ने बांधी राखी, भाईयों ने दिया रक्षा का बचन

## ● धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन का त्योहार, जनप्रतिनिधियों ने भी बंधवाई राखी



भाईयों को राखी बांधती व तिलक करती बहनें।

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** रक्षाबंधन त्योहार को नगर व क्षेत्र मे धूमधाम से परम्परागत तरीके से मनाया गया। बहनों ने भाइयों को रक्षा बंधन के पर्व पर राखी बांधकर व तिलक कर उनकी दीर्घ आयु व सलामती के लिए कामना की। तो वही भाइयों ने बहनों की रक्षा के लिए बचनवद्ध होते हुए उन्हे मिठाइयॉ खिलाकर उपहार भेंट किये। जनप्रतिनिधियों ने भी बहनों से रक्षासूत्र बंधवाकर रक्षा करने का संकल्प लिया।

सोमवार को रक्षाबंधन पर्व नागरिकों द्वारा पूरे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों के लिए बाजार से मिष्ठान व राखियॉ आदि खरीदी तो वही भाइयों ने बहनों को देने के लिए उपहार आदि खरीदे। बहनों ने भाइयों के मष्तक पर तिलक कर उनकी कलाई पर राखी बांधकर उनकी दीर्घायु की कामना की। तो वही भाइयों ने बहनों की रक्षा का वचन देते हुए उन्हें उपहार भी भेंट किये। वही रक्षा बंधन त्योहार पर जनप्रतिनिधियों वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजीव ठाकुर, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, पूर्व पालिकाध्यक्ष धीरेन्द्र आर्य, समाजसेवी डा0 मुकेश आर्य, क्षत्रिय नेता राजसिंह चौहान उर्फ छोटे ठाकुर, उ.प्र. उधोग व्यापार संगठन प्रदेश मंत्री सागर अग्रवाल लकी, पूर्व कांग्रेस प्रदेश सचिव विजय मिश्र, भाजपा क्षेत्रिय मंत्री देवेन्द्र देव, कांग्रेस नगर अध्यक्ष संजीव दुवे मुन्ना, सपा नेता अरूण शर्मा आदि ने भी रक्षा बंधन त्योहार पर बहनों से रक्षासूत्र बंधवाये। इस दौरान उन्होनें कहा कि हर त्योहार हमें अच्छी सीख देते हैं। रक्षाबंधन त्योहार पर हम सभी भाई बहनों की रक्षा का संकल्प लें। उधर बहनों को भाईयों तक पहुंचनें के लिये बाहनों मे बडी मसक्कत करनी पडी। सामान्य की अपेक्षा रक्षाबंधन त्योहार पर वाहनों पर काफी भीड रही। उधर सुरक्षा व्यवस्था मे प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे सहित भारी पुलिस बल जगह जगह पर मुस्तैद रहा।

# फसल खराब होने से दुखी किसान ने की फांसी लगाकर की आत्महत्या

**संवाददाता।** सुमेरपुर

**थाना** ललपुरा क्षेत्र के ग्राम नंदेहरा गांव में ओलावृष्टि में फसल खराब होने खरीफ की फसल में तिल की फसल का उत्पादन न होने से परेशान रहने वाले एक किसान ने रक्षाबंधन के दिन बहन से राखी बनाने के बाद पशुबाड़े में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस के अनुसार गांव का छेदीलाल अनुरागी (55) गत फरवरी माह में ओला वृष्टि से फसल बेकार होने इसके बाद खरीफ की फसल भी न तैयार होने से तनाव ग्रस्त रहता था सोमवार को रक्षाबंधन के दिन उसने शाम को खाना खाने और अपनी बहन से राखी बंधाई इसके बाद पशुबाड़े में चला गया काफी देर तक वापस नहीं आया तो परिजनों जाकर देखा तो उसका शव फांसी पर लटक रहा था यह देख परिजनों में कोहराम मच गयाए मृतक के पुत्र अरविंद अनुरागी ने बताया कि उसके पिता गत फरवरी माह में ओला वृष्टि से फसल क्षतिग्रस्त हो जाने के बाद से खोए खोए रहते थे।

खरीब खरीफ की फसल में तिल की फसल भी तैयार न हो पाने से वह और अधिक परेशान रहते थे घर में अक्सर वह फसल खराब होने की चर्चा किया करते थे सोमवार की शाम को उनका शव पशुबाड़े में फांसी से लटकता हुआ मिला, सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर के पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। किसान की मृत्यु से त्योहार की खुशी गम में तब्दील हो गई है। बताया जाता है कि मृतक किसान के पास मात्र 4 बीघे जमीन और मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण कर रहा था।

# छह वर्षीय बच्ची से बलात्कार, लोगों का थाने पर प्रदर्शन

**संडीला ( हरदोई )।** मानवता को शर्मसार करते हुए एक 15.16 वर्षीय नाबालिग ने घर में खेल रही 6 वर्षीय बच्ची को अपना शिकार बना डाला। इस घटना को लेकर क्षेत्र में आक्रोश फैल गया और बड़ी संख्या में आक्रोशित लोगों ने थाने पर जाकर प्रदर्शन किया। घटना की सूचना मिलने पर उच्च अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार थााना कासिमपुर के अंतर्गत एक गांव निवासी एक व्यक्ति की 6 साल की बच्ची अपने भाई के साथ ताऊ के घर खेलने गयी थी। जब वह काफ़ी देर तक घर वापस नहीं आयी तो उसकी मां ने उसकी तलाश शुरू की। जब बच्ची की मां पड़ोसी के घर के पास थीए तो उसने बच्ची के तीखने की आवाजें सुनीं। इसपर वह घर के अंदर पहुंची, तो उन्होंनें वहां 15.16 वर्षीय नाबालिग को बच्ची से बलात्कार करते हुए देखा। बच्ची की मां को देखकर उक्त नाबालिग उसको धक्का देकर भागने में सफ़ल रहा। इस घटना की जानकारी होते ही लोगों में आक्रोश छा गया।




थाने पर प्रदर्शन करते ग्रामीण

मामले की सूचना पुलिस को दी गयी, लेकिन पुलिस के आने में विलंब से ग्रामीण आक्रोशित हो गए और बड़ी संख्या में आक्रोशित ग्रामीण थाना कासिमपुर पहंचे तथा प्रदर्शन किया। लोगों की भारी भीड़ देखकर पुलिस के हाथ पांव फूल गए। आनन फानन आरोपी के विरुद्ध पॉकसो ऐक्ट और बलात्कार की धाराओं में एफ़आईआर दर्ज कर ली गयी। इसी बीच घटना के बारे में जानकारी आते ही पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया। सीओ संडीला सत्येन्द्र सिंह तथा अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी नृपेन्द्र सिंह भी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा बुझाकर शांत किया तथा गंभीर हालत में बच्ची को जिला अस्पताल भेजा। अपुष्ट सूत्रों के अनुसार पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया हैए हालांकि मीडिया द्वारा कई बार संपर्क किए जाने पर पुलिस गोल.गोल जवाब देती रही है। पुलिस इस बात का भी गंभीर प्रयास कर रही है कि मामला कहीं तूल न पकड़ जाए और राजनीति शुरू हो जाए।

# लाखों रुपए का दलिया लेकर ट्रक चालक फरार

**संडीला ( हरदोई )।** औद्योगिक क्षेत्र की एक इकाई से दलिया लेकर गया ट्रक गंतव्य तक नहीं पहुंचा। मामले की एफ़्आईआर दर्ज करायी गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक इकाई में दलिया, सूजी, आटा और मैदा आदि का उत्पादन किया जाता है। इस इकाई का प्रदेश सरकार के बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग को आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए दलिया की भी आपूर्ति की जाती है। दर्ज कराई गयी रिपोर्ट के अनुसार संडीला के भारत ट्रांस्पोर्ट कंपनी से किराए पर लिए गए ट्रक जिसका चालक विजय दुबे है, इस ट्रक पर 200 कुंतल दलिया की बोरियां लादकर कुशीनगर तथा पडरौना को भेजा गया था, लेकिन यह ट्रक जनतव्य तक नहीं पहुंचा और न ही संडीला वापस आया। इसके बाद औद्योगिक इकाई के स्वामी ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की एफ़्आईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## क्विक न्यूज

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खलीफापुर में सोमवार की रात 22 वर्षीय युवक की ट्रेन की चपेट में आ जाने से मौत हो गई। मृतक के पिता ने गांव के ही एक युवक पर लूटपाट करने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार खलीफापुर गांव निवासी रामनरेश का पुत्र महेंद्र कुमार पटेल सूरत में नौकरी करता था। बताते हैं कि रक्षाबंधन के पर्व पर वह गांव के ही गोरे पुत्र पप्पू के साथ घर आया था। रात उसकी गांव के समीप ही ट्रेन की चपेट में आ जाने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के पिता रामनरेश ने बताया कि रक्षाबंधन के पर्व पर वह घर आया था। इससे पहले ही गांव के रहने वाले गोरे ने अपने कुछ साथियों के साथ उसके साथ मारपीट की। उसके पास रखा पैसा, मोबाइल व अन्य सामान लूट लिया। रात दस बजे पुत्र उसके पास आया और बताया कि उसे बचा लो और सामान दिलवा दो। पिता ने जब जानकारी किया तो उसने कुछ नहीं बताया। साथ में आए युवक ने बताया कि गोरे ने इसके साथ मारपीट की है। पिता के अनुसार सुबह चलकर उसके घर जाकर कहेंगे। लेकिन रात में ही पुत्र उठा और ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**फतेहपुर।** बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम कपरिया ऊसर में 45 वर्षीय युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली वहीं दुर्गन्ध आने पर तीन दिन बाद ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकालकर विच्छेदन गृह भेजा। कपरिया ऊसर गांव निवासी अच्छेलाल निषाद के पुत्र राम विशाल निषाद पत्नी रामप्यारी के 15 दिन पूर्व घर से चले जाने के बाद वह अकेला रहता था। सूत्रों द्वारा पता चला है कि तीन दिन पूर्व राम विशाल ने घर के अंदर फांसी लगा लिया था। दुर्गन्ध आने पर लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। घटनास्थल पहुंची पुलिस ने गांव वालों की मदद से दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाल विच्छेदन गृह भेजा है। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी पड़ोसी रामू ने दी है।

### युवक ने जहर खाकर दी जान

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सोनवरसा में संदिग्ध परिस्थितियों में 30 वर्षीय युवक ने जहर खाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के पिता ने ससुरालीजनों पर मारने-पीटने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार सोनवरसा गांव निवासी रामकृपाल का पुत्र पंकज ने सोमवार की दोपहर जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे निजी अस्पताल ले गए। जहां ठीक न होने पर परिजन उसे कानपुर ले जा रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के पिता रामकृपाल ने बताया कि वह अपनी पत्नी अंशु देवी व बच्चों को रक्षाबंधन के पर्व पर ससुराल छोड़ने गया था। तभी किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिस पर पुत्र के साले सुनील, छोटू व सुरेंद्र ने उसे बुरी तरह मारापीटा। जिससे उसने आत्मग्लानी में घटना को अंजाम दे दिया।

### पुलिस ने आरोपी को तीन सोलर प्लेट के साथ किया गिरफ्तार



**फर्रूखाबाद।** पुलिस नें चोरी की गयीं तीन सोलर प्लेट के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना राजेपुर के ग्राम बकसपुर महेशपुर निवासी सतेन्द्र कुमार पुत्र स्वर्गीय प्रेम चन्द्र ने सोलर प्लेट चोरी किये जानें का मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना उपनिरीक्षक अजय सिंह कर रहे थे। बीती रात तीन चोरी की सोलर प्लेट सहित आरोपी शशांक उर्फ अंकित शुक्ला पुत्र सूर्य प्रकाश को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह सोलंकी नें बताया की 9 सोलर प्लेट चोरी हुई थीं जिनमे से तीन को बरामद किया गया है।

### अधेड़ की बाढ़ के पानी में नहाते समय डूबने से मौत

**फर्रूखाबाद।** बाढ के पानी में नहानें के लिए उतरे अधेड़ गहरे पानी में डूब गया । लगभग दो घंटे की मसक्कत के बाद गोताखोरों नें पुलिस की मौजूदगी में शव को बाहर निकाला। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। राजेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सथरा निवासी 55 वर्षीय रघुवीर पुत्र जगमोहन रामपुर पुलिया पर बाढ़ के पानी में नहानें के लिए गये थे। उसी दौरान वह डूब गया । सूचना पर थानाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह सोलंकी फोर्स के साथ मौके पर पंहुचे । उन्होंने गोताखोरों की मदद से शव को लगभग एक घंटे के बाद बरामद किया। थानाध्यक्ष नें बताया कि शव को बरामद कर लिया गया है।

# जिला पर्यावरण समिति/ जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक

**बाँदा।** डीएम नगेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण समिति/जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने वृक्षारोपण किये जाने के बाद उसकी जियो टैगिंग का कार्य एक सप्ताह के अन्दर सम्पन्न कराये जाने के निर्देश सहकारिता, मा. शिक्षा, श्रम, विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिये। सभी संबन्धित विभाग वृक्षारोपण किये गये वृक्षों की सुरक्षा हेतु विभाग स्तर पर कार्यवाही करें एवं निरीक्षण के समय चेक करें। खण्ड विकास अधिकारियों को भी जियो टैगिंग का कार्य कराये जाने के निर्देश दिये। हरितिमा, अमृत वन एप पर लिंकेज कर सभी संबंधित विभाग वृक्षारोपण से संबन्धित आवश्यक सूचना अंकित करें। डीएम ने प्रतिबन्धित प्लास्टिक एवं थर्माकोल को रोकने के लिए प्रभावी रूप से चेकिंग कराये जाने तथा उसका प्रयोग करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देश अधिशाषी अधिकारी नपा/ नगर पंचायत सहित संबंधित अधिकारियों को दिये।

# पुलिस ने मवेशी ले जा रहीं दो डीसीएम गाड़ियां हिरासत में ली

**फर्रुखाबाद।** पशु क्रूरता की सारी हदें पार करते हुए भूसे की तरह ठूँस कर भरी मवेशी ले जा रहीं दो डीसीएम गाडियां पुलिस ने कायमगंज से होकर जाते समय सीओ के निर्देश पर रोक लीं ।पुलिस ने जब गाडियों के अन्दर देखा तो दोनों गाडियों में लगभग 57 पशु जिनके पैर बंधे थे । भूसे की तरह ठूँस कर भरी हुई थी ।पशुओं को ले जा रहीं दोनों डीसीएम संख्या यूपी 76/6258 व यूपी 82/8982 को पकड़ कर नवीन मंडी स्थल ले जाकर खड़ा कराया गया ।अन्दर बंधक बनाए गए पशुओं को बाहर निकाल कर पेडों की छाया में बांध दिया गया ।

पशुओं में23 नये भेंसे ;नर पशु , 17 भैंसें एक मेंए वहीं दूसरी गाडी में17 भैंसें ; मादा , भरी हुई थीं । इसके तुरंत बाद सूचना मिलते ही गौ रक्षा दल के पदाधिकारी मंडी पहुंच गए । गिरफ्तार किए गए दोनों गाड़ियों के चालकों तथा पशु ले जा रहे पशु व्यापारियों से पशुओं को ले



जाने से संबंधित कागजात पुलिस ने मांगे परन्तु मौके पर कोई कागजात चालक या पशु मालिक नहीं दिखा सके। कायमगंज सीओ आफिस के पास से रेलेवे क्रासिंग से पकडे गए पशुओं को ले जाने वालों एवं गाडी चालाकों से पुलिस पूछताछ कर रही थी। पूछतांछ के बाद पशु वध निरोधक एवं पशु क्रूरता निवारण सहित सुसंगत धाराओं में कार्रवाही करते हुए डीसीएम चालक अंसार निवासी मोहल्ला दाउदगिरा कस्बा व थाना शमशाबाद एवं चांदमिया निवासी मोहल्ला गंज कस्वा व थाना सकीट जिला एटा के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है । बताया गया कि इन बेजुवान पशुओं को किसी स्लाइटर हाउस ले जाया जा रहा था।

# आरक्षण का उपवर्गीकरण करने का फैसला स्वागत योग्य

## ● अखिल भारतीय भंगी महासभा ने पीएम को ज्ञापन भेजकर सभी राज्यों में लागू कराने की उठाई मांग



डीएम को ज्ञापन देने के लिए कलेक्ट्रेट में खड़े महासभा के पदाधिकारी।

**फतेहपुर।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अनुसूचित जाति के आरक्षण में वंचित अनुसूचित जाति के उत्थान के लिए उपवर्गीकरण किए जाने के फैसले को अखिल भारतीय भंगी महासभा ने स्वागत योग्य बताते हुए इसे देश के सभी प्रदेशों में लागू कराए जाने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन भेजा है।

बाल्मीकि जन कल्याण महासमिति के चौधरी/अध्यक्ष चौधरी भक्तदास की अगुवई में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने अनुसूचित जाति के आरक्षण से अब तक वंचित रहीं अनुसूचित जाति की उपजातियों के उत्थान के लिए आरक्षण का वर्गीकरण किए जाने का फैसला किया है। जिसका स्वागत है। हम अस्वच्छ पेशे से जुड़ी जाति की उपजातियां बाल्मीकि, हेला, डोम, डोमार, रूखी, राउत, धानुक, बसोर, बासफोर, चुहड़ा, लालबेगी आदि जो अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग नामों से जानी जाती है और सफाई का कार्य कर बद से बदतर जीवनयापन करती हैं।

आजादी के बाद सफाई पेशे से जुड़ी भंगी-मेहतर की सभी उपजातियों को अनुसूचित जाति में शामिल कर सभी अनुसूचित जातियों के साथ आरक्षण प्रदान किया गया था लेकिन सफाई पेशे से जुड़ी जाति का कोई भी बड़ा राजनेता न बन पाने के कारण इस उपेक्षित कौम को राजनैतिक संरक्षण नहीं मिल पाया। इस कारण इस उपेक्षित जाति के लोग आरक्षण के वास्तविक लाभ से वंचित हो गए हैं और अन्य अनुसूचित जातियों की अपेक्षा सफाई पेशे से संबंधित उपजातियां तरक्की न कर पाने के कारण समाज की मुख्य धारा से नहीं जुड़ सके हैं। पीएम से मांग किया कि वंचित अनुसूचित जाति की उपजातियों को आरक्षण का लाभ दिलाने के लिए आरक्षण कोटे में कोटा का निर्धारण कराने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को अमल करने हेतु राज्य सरकार को निर्देशित किया जाए। इस मौके पर सूरज तिलक, सुरेश चंद्र, पप्पूराज सिमौरिया, हेमंत कुमार एडवोकेट, शंकरलाल, मोतीलाल, राजू, आशीष कुमार, गोरेलाल, देवनाथ धाकड़े, वीरेंद्र तिलक भी मौजूद रहे।

# वरिष्ठ पत्रकार का पार्थिव शरीर पॅचतत्व में विलीन

## ● छोटे भाई करूणा सागर व परिजनों ने सरैंया घाट में दी मुखाग्नि ● पत्रकारिता क्षेत्र की पहचान के ट्रेन दुर्घटना में मृत्यु होने पर शोक की लहर



दिवॅगत पत्रकार रजनीकान्त की फाइल फोटो

**कानपुर देहात।** रूरा क्षेत्र व जनपद में पत्रकारिता के क्षेत्र में नाम व पहचान के पर्याय करूणासागर द्विवेदी के बडे भाई व प्रतिष्ठित हिन्दी दैनिक में रूरा क्षेत्र की साधारण खबरों को भी अपनी कलम की जादूगरी से देश दुनिया के परिदृश्य में स्थापित करने वाले रजनीकान्त दुबे के पार्थिव शरीर को खेरेश्वर सरैंया घाट में उनके परिजनों ने मुखाग्नि दी। उनका पार्थिव शरीर भले ही मुखाग्नि के पश्चात पॅचतत्व में विलीन हो गया हो परन्तु उनकी निर्भीक व जुझारू लेखनी की चर्चा वर्षों तक होती रहेगी।

रक्षाबन्धन पर्व पर जब लोग अपने घरो में बहिनों का सत्कार व रक्षासूत्र बॅधवाने में तल्लीन थे, तभी पत्रकारिता को मिशन मानने वाले रूरा क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार रजनीकान्त दुबे रूरा मिनी अण्डरपास पर जाम की खबर का सॅकलन करने पहुॅचे, फोटो खींचने के दौरान वह राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आ गये और घटनास्थल पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गयी थी, उनके असमय मृत्यु की सूचना पर थोडी ही देर में लोगो का मजमा मौके पर जुट गया, पूर्व कॉग्रेस जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह मुन्ना, वीरे शुक्ला, कॉग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष रामऔतार दीक्षित, बउआ त्रिवेदी, रजोल शुक्ला, अश्वनी द्विवेदी मनीष, गोल्डन द्विवेदी, कुलदीप दीक्षित सहित अन्य लोगो ने जीआरपी व रूरा पुलिस की उपस्थिति में शव का पॅचनामा भरवाया, इसी बीच दिवॅगत पत्रकार के छोटे भाई वरिष्ठ जनपदीय पत्रकार करूणासागर द्विवेदी भी मौके पर पहुॅचे और डीएम व एसपी से वार्ता कर रात्रि में ही शव का पोस्टमार्टम का आदेश पारित करवाया। मॅगलवार की सुबह कस्बे गणमान्य व प्रतिष्ठित लोगों के साथ उनकी अॅतिम यात्रा दिवॅगत पत्रकार के निवास से रूरा मुख्य तिराहा पर पहुॅची उसके बाद भारी सॅख्या में लोग पार्थिव शरीर के साथ सरैंया घाट खेरेश्वर की ओर प्रस्थान किया, वहॉ पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी गयी। अॅतिम यात्रा के दौरान प्रमुख रूप से कद्दावर सपा नेता नीरज सिंह गौर, चैयरमैन पुत्र प्रशॉत ओमर, भाजपा नेता रविशशि द्विवेदी, ,रजोल शुक्ला, रामबाबू शुक्ला, व्यापार मण्डल के आशीष गुप्ता मोनू, दुर्गेश दीक्षित, आशुतोष मिश्रा छोटे भईया सभासद, कॉग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष रामऔतार दीक्षित सहित भारी सॅख्या में लोग मौजूद रहे।

# सीएमओ ने चिकित्साधिकारी के खिलाफ कार्यवाही के लिये शासन को लिखा कड़ा पत्र

## ● डाक्टर द्वारा पीएम रिपोर्ट गलत देने का मामला

## ● डाक्टर पर कभी भी गिर सकती है गाज, गर्भवती महिला के पीएम रिपोर्ट गलत देने के मामले में दो अफसरो ने की थी जांच, नवविवाहिता की मारपीट कर कर दी थी हत्या

**हमीरपुर।** मुस्करा क्षेत्र के हुसैना गांव में ससुरालीजनों द्वारा मारपीट कर हत्या करने के मामले में सीएचसी गोहांड के चिकित्साधिकारी द्वारा गलत पोस्टमार्टम रिपोर्ट देने के मामले में जांच अधिकारी की रिपोर्ट के बाद सीएमओ ने बिभागीय कार्यवाही के लिये शासन को कड़ा पत्र लिख दिया है। जानकारी के मुताबिक जलालपुर क्षेत्र कुपरा गांव निवासी संदीप प्रजापति ने अपनी बहन की शादी मुस्करा क्षेत्र के हुसैना गांव के दिनेश प्रजापति के साथ की थी। दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विनीता को 14 जुलाई 2024 को मारपीट कर हत्या कर दी थी उस समय बिनीता के गर्भ में बच्चा था इसके सारे सबूत उपलब्ध कराये गये थे। मृतका का शव विच्छेदन सीएचसी गोहांड के डा. अंजुल निरंजन ने की थी मगर डाक्टर ने केवल गर्दन में चोट के निशान दिखाये थे जबकि डाक्टर ने हाथ पैर व पसलियों ने न तो चोट के निशान दिखाये थे न ही गर्भ में बच्चा होने का कोई जिक्र किया था। संदीप प्रजापति ने इस मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से की थी। पुलिस ने भी जांच में डाक्टर को दोषी बताया था। इधर सीएमओ डा गीतम सिंह ने मामले को संज्ञान में लेते हुये एसीएमओ डा रामऔतार व डा अनूप निगम को जांच सौपी जिसमे जांच में सभी आरोप सही पाये गये। यही नही जांच में पाया गया कि पीएम रिपोर्ट में डाक्टर द्वारा घोर लापरवाही बरतने का मामला उजागर हुआ। सीएमओ डा.गीतम सिंह ने बताया कि इस मामले में डाक्टर के खिलाफ कार्यवाही करने के लिये शासन को कड़ा पत्र लिख दिया गया है। अब देखना यह है कि शासन इस मामले में डाक्टर के खिलाफ क्या कार्यवाही करता है।

### जब सीएमओ से फूट फूट कर रोयी महिला चिकित्साधिकारी, महिला सीएमएस की अभद्रता जारी

**हमीरपुर।** जिला महिला अस्पताल में सर्जरी करने को लेकर घमासान मचा हुआ है। अपने चहेते डाक्टरो को सीएमएस द्वारा गर्भवती महिलाओ की सर्जरी का केश देने व डाक्टर के साथ अभद्रता करने पर आज एक महिला चिकित्साधिकारी सीएमओ कार्यालय आकर फूट फूट कर रोने लगी। महिला चिकित्साधिकारी का कहना है कि सीएमएस डा अंजुला गुप्ता उसे एक माह से मानसिक प्रताड़ना दे रह है जबकि वह हार्ट की मरीज है। जानकारी के मुताबिक महिला अस्पताल की चिकित्साधिकारी डा. सुधा गुप्ता ने प्रभारी सीएमओ को बताया कि वह वरिष्ठता क्रमांक में सीएमएस से बहुत वरिष्ठ है इसके बाद भी वह आय दिन उसे अपने दफ्तर में बुलाकर सभी के सामने बेइज्जत करती है। आरोप है कि सीएमएस का कहना है कि वह सर्जरी के नाम पर विल्कूल अनभिज्ञ है। जबकि वह कानपुर जैसे अस्पताल में सर्जरी करती रही है। डा गुप्ता का कहना है कि वह हार्ट की पेशेंट है इसके बाद भी सीएमएस डा अंजुला गुप्ता उसे बराबर टार्चर करती रहती है। सीएमएस ने जब से कार्यभार संभाला तब से उनकी बराबर शिकायते शासन को मिल रही है। जबकि सीएमएस का कहना है कि वह डाक्टर को बुलाकर पूछताछ करेगी।

### विधायक की शिकायत की जांच में कुछ नही मिला

**हमीरपुर।** सीएचसी सुमेरपुर में कंप्यूटर आपरेटरों द्वारा धन उगाही करने के मामले में सदर विधायक द्वारा डीएम से शिकायत की गयी थी मगर जांच में कोई भी आरोप सही नही पाये गये न ही कोई शिकायत कर्ता ने कोई मौके पर उपलब्ध रहा। जानकारी के मुताबिक भाजपा के सदर विधायक डा मनोज प्रजापति ने डीएम से शिकायत की थी कि सीएचसी सुमेरपुर में कंप्यूटर आपरेटर साफिया,अंकित व राशिद महिला लाभार्थियों से धन उगाही करती है। डीएम ने इस मामले की जांच एसीएमओ व पीडी साधना दीक्षित को दी थी। दोनो जांच अधिकारी मौके पर जाकर जांच पड़ताल की जिसमे कोई मरीज व कोई कर्मचारी धन उगाही की बात नही की है। हालाकि दोनो जांच अधिकारी फिर से सीएचसी सुमेरपुर जाकर मामले की बारीकी से जांच करेगे। शिकायती पत्र में किसी शिकायत कर्ता का उल्लेख नही किया गया है। जिससे जांच करने में काफी परेशानी आ रही है।

# अजमेर यौन शोषण कांड में छह दोषियों को आजीवन कारावास

**भाषा।** जयपुर



● **100 से अधिक लड़कियों के यौन शोषण में नफीस चिश्ती, सलीम चिश्ती, इकबाल भाटी, सोहेल गनी, सईद जमीर हुसैन और नसीम दोषी करार**

**अजमेर की** एक विशेष अदालत ने 1992 के बहुचर्चित ब्लैकमेल व यौन शोषण कांड में छह शेष और आरोपियों को दोषी मानते हुए उन्हें मंगलवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। दोषियों पर पांच-पांच लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। इस बहुचर्चित कांड में अजमेर शहर की 100 से अधिक लड़कियों का यौन शोषण किया गया था। अभियोजन पक्ष के वकील वीरेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की सुनवाई पॉक्सो अदालत में हो रही थी। न्यायाधीश रंजन सिंह ने छह आरोपियों को अपराध में शामिल होने का दोषी ठहराया और फैसला सुनाया। साल 1992 के इस कुख्यात मामले में आठ दोषियों को 1998 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी, एक को 2007 में यही सजा दी गई थी और छह को मंगलवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। सिंह ने बताया कि एक आरोपी ने 1994 में आत्महत्या कर ली थी और एक आरोपी अब भी फरार है। इस मामले में कुल 18 आरोपी थे। वीरेंद्र सिंह के अनुसार, पहला आरोप पत्र 12 आरोपियों के खिलाफ दाखिल किया गया था। इनमें से एक आरोपी नसीम उर्फ टार्जन 1994 में फरार हो गया था। जहूर चिश्ती को भारतीय दंड संहिता की धारा 377 (अप्राकृतिक यौन संबंध) का दोषी पाया गया और उसका मामला दूसरी अदालत में स्थानांतरित कर दिया गया। फारूक चिश्ती का मुकदमा अलग से चला क्योंकि वह सिजोफ्रेनिया (इस बीमारी में मरीज़ की ठीक से सोचने, महसूस करने, और बर्ताव करने की क्षमता पर असर पड़ता है) का मरीज बन गया था और एक आरोपी ने आत्महत्या कर ली थी। शेष आठ दोषियों को 1998 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई और फारूक चिश्ती को 2007 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। वकील ने कहा कि छह लोगों- नफीस चिश्ती, सलीम चिश्ती, इकबाल भाटी, सोहेल गनी, सईद जमीर हुसैन और अलमास के खिलाफ अलग से आरोप पत्र दाखिल किया गया। अलमास फरार है। इनमें से पांच आरोपी नफीस चिश्ती, सलीम चिश्ती, इकबाल भाटी, सोहेल गनी, सईद जमीर हुसैन और एक अन्य नसीम उर्फ टार्जन को दोषी मानते हुए मंगलवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। इस मामले में जिन अन्य दोषियों को पहले सजा दी गई थी, या वे तो अपनी सजा पूरी कर चुके हैं या अदालतों द्वारा बरी कर दिए गए हैं। वकील ने कहा कि इन छह के लिए अलग से सुनवाई हुई क्योंकि पहला आरोप पत्र दाखिल करने के समय इनके खिलाफ जांच लंबित थी। मामले में 11 से 20 साल की उम्र की पीड़ित लड़कियां अजमेर के एक मशहूर निजी स्कूल में पढ़ती थीं। उन्हें एक फार्म हाउस में बुलाया गया, जहां उनके साथ दुष्कर्म किया गया। उन्होंने कहा कि अदालत ने नफीस चिश्ती, नसीम उर्फ टार्जन, सलीम चिश्ती, इकबाल भाटी, सोहेल गनी और सैयद ज़मीर हुसैन सहित प्रत्एक दोषी पर पांच लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। एक दोषी इकबाल भाटी को अदालत में पेश होने के लिए एम्बुलेंस में दिल्ली से अजमेर लाया गया था।

# राहुल की नागरिकता से संबंधित स्वामी की याचिका को जनहित याचिका मानकर सुनवाई करेगी अदालत

**भाषा।** नई दिल्ली



**कांग्रेस के** नेता राहुल गांधी की भारतीय नागरिकता रद्द करने संबंधी भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी की याचिका पर दिल्ली उच्च न्यायालय जनहित याचिका की तरह सुनवाई करेगा।स्वामी ने अपनी याचिका में अदालत से आग्रह किया है कि वह गृह मंत्रालय को उनके अभ्यावेदन पर फैसला लेने का निर्देश दे।मंगलवार को शुरु में अदालत ने स्वामी से पूछा कि इस मामले में उनका कानूनी रूप से क्या अनुमेय अधिकार है। न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने कहा कि यदि कोई अधिकार है तो इसे केवल जनहित माना जा सकता है, इससे ज्यादा नहीं।न्यायाधीश ने कहा, श्री स्वामी, मुझे कानूनी रूप से स्वीकार्य कोई ऐसा अनुमेय अधिकार नहीं मिला है, जो इस मामले में लागू होता हो। अदालत में खुद पेश हुए स्वामी ने इस पर कहा कि यदि उच्च न्यायालय को लगता है कि इस याचिका पर जनहित याचिका के रूप में सुनवाई की जानी चाहिए, तो न्यायालय को अधिकार है कि वह इसे जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करने वाली पीठ के पास भेज दे।उन्होंने कहा, यह भारत सरकार से जुड़ा मामला है। मैं व्यक्तिगत लाभ के लिए ऐसा नहीं कर रहा हूं। स्वामी ने कहा कि उनकी ओर से गृह मंत्रालय को भेजी गई शिकायत स्वीकार कर ली गई थी और राहुल गांधी से इस पर प्रतिक्रिया देने के लिए कहा गया था। उन्होंने कहा कि हालांकि तब से इस मामले पर कोई प्रगति नहीं हुई है और न ही उन्हें कोई सूचना दी गई है।

## हाईकोर्ट ने जाति व्यवस्था को असंवैधानिक घोषित करने संबंधी याचिका खारिज की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने जाति व्यवस्था को असंवैधानिक घोषित करने के निर्देश देने का अनुरोध करने वाली याचिका को मंगलवार को खारिज कर दिया। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि हस्तक्षेप का कोई मामला नही बनता। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा, संविधान मे शुरुआत से ही अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों का उल्लेख है। उच्चतम न्यायालय वजीर सिंह पूनिया द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें कहा गया था कि जाति व्यवस्था मौलिक अधिकारों के खिलाफ है।

## आइस मेक का 500 करोड़ राजस्व का लक्ष्य

**मुंबई।** आइस मेक रेफ्रिजरेशन लिमिटेड जो कूलिंग समाधानों में अग्रणी इनोवेटर है और भारत में 50 से अधिक प्रकार के रेफ्रिजरेशन उपकरणों का एक प्रमुख निर्माता है, ने चालू वित्त वर्ष के लिए ?500 करोड़ राजस्व का लक्ष्य रखा है। कंपनी ने वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में 7.58 प्रतिशत की समेकित राजस्व वृद्धि दर्ज कीए जो 85.33 करोड़ तक पहुँच गई। हालाँकिए रणनीतिक भर्तियों, परिचालन व्यय और अप्रैल और मई में चुनाव आचार संहिता के प्रभाव से संबंधित बढ़ी हुई लागतों के कारणए वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही के लिए समेकित शुद्ध लाभ 32प्रतिशत घटकर 3.64 करोड़ रह गया। हाल ही में विश्लेषकों के साथ बातचीत के दौरान कंपनी ने भविष्य की वृद्धि के लिए कई प्रमुख रणनीतियों की रूपरेखा तैयार की। आइस मेक रेफ्रिजरेशन लिमिटेड के सीएमडी चंद्रकांत पटेल ने विशेष रेफ्रिजरेशन समाधान पेश करके कोल्ड चेन सेगमेंट विशेष रूप से फ ार्मास्यूटिकल्स और खाद्य प्रसंस्करण पर कंपनी के फोकस पर जोर दिया।

## ऑलकार्गो गति 40 साल पूरे किए

**मुरादाबाद।** भारत की अग्रणी और प्रमुख एक्सप्रेस डिस्ट्रिब्यूशन एंड सप्लाई चेन मैनेजमेंट कंपनियों में शुमार ऑलकार्गो गति लिमिटेड (पूर्व में गति) का पीतल नगरी मुरादाबाद से रिश्ता अब 40 साल का हो गया हैं,ऑलकार्गो गति साल 1983 से ही उत्तर प्रदेश के इस शहर में अपनी लॉजिस्टिक सेवाएं उपलब्ध करा रही है जो पीतल के हस्तशिल्प उद्योग के लिए पूरी दुनिया में मशहूर है। यह भारत के 739 में से 735 जिलों को कवर करती है और सबसे व्यापक ट्रांसपोर्टेशन नेटवर्क की पेशकश करती है. इस समय ऑलकार्गो गति मुरादाबाद में ऐसी कई कलस्टर इकाइयों में अपनी सेवाएं देती है जो खेल की ट्रॉफी के साथ-साथ पीतल के अन्य उत्पाद बनाती हैं। मुरादाबाद के साथ ऑलकार्गो गति के लंबे समय के रिश्ते को लेकर ऑलकार्गो गति लिमिटेड के चीफ कॉमर्शियल ऑफिसर उदय शर्मा ने कहा, लंबे समय से हमारी मौजूदगी और मार्केट के विभिन्न पहलुओं को लेकर हमारी व्यापक समझ हमें मुरादाबाद के ग्राहकों को बेजोड़ सर्विस और वैल्यू प्रदान करने में सक्षम बनाती है।

## देहरादून पुलिस ने आईएसबीटी दुष्कर्म प्रकरण में दिल्ली से साक्ष्य एकत्रित किए

**देहरादून।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून मे अंतरराज्र्यीय बस अड्डे (आईएसबीटी) पर नाबालिग लड़की के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने दिल्ली मे कश्मीरी गेट स्थित बस अड्डे से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित कर लिए है। देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि राजकीय बालिका निकेतन मे बुधवार को पीड़ित बालिका के बयान दर्ज कराए जाएंगे, जबकि मामले की सभी कड़ियां जोड़ने के लिए आरोपियो का शीघ्र हिरासत रिमांड भी लिया जाएगा। इस मामले की जांच के लिए सिंह ने एसआईटी का गठन कर उसे घटना से संबंधित साक्ष्यो को एकत्रित करने के निर्देश दिए थे जिसके बाद एक टीम को दिल्ली भेजा गया था।

# पश्चिम बंगाल में उथल-पुथल की स्थिति, लोगों का मौजूदा सरकार से भरोसा उठ गया है : राज्यपाल

**भाषा।** कोलकाता



**पश्चिम बंगाल** के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कोलकाता के एक सरकारी अस्पताल में एक प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ कथित बलात्कार और हत्या की घटना को समाज के लिए सबसे शर्मनाक पल करार दिया। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में उथल-पुथल की स्थिति है और लोगों का मौजूदा सरकार के ऊपर से भरोसा उठ गया है। मृतक चिकित्सक के लिए इंसाफ की मांग को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा हाल ही में आयोजित एक रैली का जिक्र करते हुए बोस ने उनके रुख पर सवाल उठाया और आरोप लगाया कि उनकी टिप्पणियां केवल बयानबाजी भर हैं। पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में बोस ने कहा, बंगाल में उथल-पुथल की स्थिति है। छात्रों का सरकार के ऊपर से भरोसा उठ गया है, युवा डरे हुए हैं और महिलाएं निराशा की स्थिति में हैं। ऐसी भावना है कि जिस सरकार पर नागरिकों की सुरक्षा का जिम्मा है, वह अपनी भूमिका निभाने में विफल साबित हो रही है। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में नौ अगस्त को एक स्नातकोत्तर प्रशिक्षु महिला डॉक्टर की कथित तौर पर बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस मामले में अगले दिन एक नागरिक स्वयंसेवक को गिरफ्तार किया था, जिसका अस्पताल में अक्सर आना-जाना था। जूनियर डॉक्टरों के घटना के विरोध में हड़ताल पर चले जाने से पूरे पश्चिम बंगाल में सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह से प्रभावित हुई हैं। प्रदर्शनकारी डॉक्टर पीड़िता के लिए इंसाफ के साथ-साथ कार्यस्थल पर सुरक्षा के बेहतर उपाय सुनिश्चित करने की मांग कर रहे हैं। बोस ने कहा, छात्रों का पुलिस के ऊपर से भी भरोसा उठ गया है। युवाओं, खासकर महिला डॉक्टरों और पैरामेडिक कर्मियों में निराशा की भावना बढ़ रही है। जहां तक नागरिकों का सवाल है, वे सभी इस बात से व्यथित हैं कि जब कार्वाई की मांग की जाती है तो सरकार कार्वाई नहीं करती है। राज्यपाल ने आरोप लगाया कि कोलकाता पुलिस का अपराधीकरण और राजनीतिकरण हो गया है। उन्होंने सरकारी कार्यों के कथित तौर पर नागरिकों की जरूरतों के अनुरूप न होने पर चिंता जाहिर की।

## हर उम्र में लोगों को सक्रिय बने रहना चाहिए : धनखड़

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि लोगों को हर उम्र में सक्रिय बने रहना चाहिए और काम के लिए आयु सीमा होने की धारणा का कोई आधार नहीं है। उन्होंने यहां राज्यसभा इंटर्न के एक समूह को संबोधित करते हुए इस भारतीय दर्शन का हवाला दिया कि कर्म ही पूजा है। धनखड़ ने कहा, हमें आखिरी सांस तक काम करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा, काम करने के लिए एक उम्र सीमा होने की धारणा का कोई आधार नहीं है। व्यक्ति को ताउम्र सक्रिय रहना चाहिए। उपराष्ट्रपति सचिवालय के अधिकारियों ने उल्लेख किया कि हाल में अभिनेता अमिताभ बच्चन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में इसी तरह की भावना व्यक्त की थी। बच्चन ने रविवार को अपने ब्लॉग पर किए गए एक पोस्ट में कहा था कि उनके सहकर्मी अक्सर उनसे पूछते हैं कि वह इस उम्र में भी क्यों काम कर रहे हैं, लेकिन उनके पास इस सवाल का कोई और जवाब नहीं है, सिवाय इसके कि यह काम करने का महज एक और अवसर है।

## हेमा समिति की रिपोर्ट को लेकर केरल में राजनीतिक तूफान

**तिरुवनंतपुरम।** न्यायमूर्ति हेमा समिति की रिपोर्ट में मलयालम सिनेमा में महिलाओं के यौन उत्पीड़न पर आश्चर्यजनक खुलासों ने मंगलवार को केरल में राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया। विपक्षी दलों ने रिपोर्ट मिलने के बावजूद पिछले चार साल में इस पर चुप्पी साधने तथा कोई कार्रवाई न करने के लिए वाम मोर्चे की सरकार की आलोचना की जबकि सरकार ने पीड़ितों को समर्थन दिया। कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) ने सवाल उठाया कि क्या सरकार ने आरोपियों को बचाने के लिए रिपोर्ट को गोपनीय रखा। उसने आरोप लगाया कि पिनराई विजयन सरकार असहाय पीड़ितों के बजाय शिकारियों का पक्ष ले रही थी। सरकार तथा संस्कृति मामलों के मंत्री साजी चेरियन पर तीखा प्रहार करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आरोप लगाया कि वह आरोपियों द्वारा किए गए अपराधों के बारे में सूचना मिलने के बावजूद उनके खिलाफ कोई कानूनी कार्वाई करने में विफल रहे। बहरहाल, सरकार ने आरोपों से इनकार किया और स्पष्ट किया कि उन्होंने समिति की सिफारिशों तथा सुझावों को लागू करने के कदम उठाना पहले ही शुरू कर दिया

# भाजपा ने केंद्रीय मंत्री बिट्टू को राजस्थान, जॉर्ज कूरियन को मप्र से बनाया रास उम्मीदवार

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को राज्यसभा की नौ सीट के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी। केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कूरियन को मध्य प्रदेश से, जबकि रवनीत सिंह बिट्टू को राजस्थान से प्रत्याशी बनाया गया है।पार्टी की ओर से जारी उम्मीदवारों की सूची के मुताबिक, करीब दो माह पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुईं किरण चौधरी को हरियाणा से उम्मीदवार बनाया है। चौधरी ने मंगलवार सुबह हरियाणा विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था।कांग्रेस नेता दीपेंद्र सिंह हुड्डा के रोहतक क्षेत्र से लोकसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद हरियाणा में राज्यसभा की एक सीट पर उपचुनाव की आवश्यकता पैदा हुई है।इस सीट के लिए नामांकन दाखिल करने का आखिरी दिन बुधवार है। विधानसभा में भाजपा विधायकों की संख्या को देखते हुए पार्टी की इस सीट से जीत तय मानी जा रही है।भाजपा ने वरिष्ठ अधिवक्ता और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा को बिहार से उम्मीदवार बनाया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा बिहार से राज्यसभा की दूसरी सीट के लिए सत्ताधारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार हैं।

# आरएसएस की अखिल भारतीय समन्वय बैठक 31 अगस्त से पालक्कड़ में : सुनील



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की तीन दिवसीय अखिल भारतीय समन्वय बैठक 31 अगस्त से दो सितंबर तक केरल के पालक्कड़ में संपन्न होगी, जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सहित संघ से जुड़े अन्य संगठनों के साथ परस्पर सहयोग तथा समन्वय को और अधिक मजबूत बनाने के उपायों तथा अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी। आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने मंगलवार को एक बयान में यह जानकरी दी। इस बैठक में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले सहित संघ के सभी छह सह सरकार्यवाह और अन्य प्रमुख पदाधिकारी भाग लेंगे।इस बैठक को अहम माना जा रहा है क्योंकि यह बैठक लोकसभा चुनावों के बाद हो रही है, जिसमें भाजपा का प्रदर्शन अपेक्षाकृत कमजोर रहा था। इस बार लोकसभा में भाजपा के सदस्यों की संख्या 303 से घटकर 240 आ गई है।यह इसलिए भी अहम है क्योंकि इस बैठक के बाद हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा के चुनाव होने हैं। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में चुनाव की तारीखों की घोषणा हो चुकी है। जम्मू-कश्मीर में 18 सितंबर, 25 सितंबर और एक अक्टूबर को तीन चरणों में जबकि हरियाणा में एक अक्टूबर को मतदान होगा। मतगणना चार अक्टूबर को होगी। पिछले सप्ताह आरएसएस और केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा के शीर्ष नेताओं ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर पार्टी और संघ के बीच समन्वय मजबूत करने और आगामी चुनावों सहित कई मुद्दों पर चर्चा की थी।

## ज्योतिषी रमेश तिवारी हत्याकांड में 12 लोगों को उम्र कैद

**जौनपुर।** जौनपुर की एक अदालत ने ज्योतिषी रमेश तिवारी की हत्या के मामले में 12 आरोपियों को दोषी करार देते हुए मंगलवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। तिवारी को समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक मुलायम सिंह यादव और उनके परिवार का करीबी माना जाता था। जिला शासकीय अधिवक्ता सतीश चंद्र पांडेय ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के ज्योतिषी रहे रमेश चन्द्र तिवारी की 2012 में सरपतहां के ऊंचगांव में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनके मुताबिक, इस मामले में अपर सत्र न्यायाधीश (चतुर्थ) रूपाली सक्सेना ने शूटर विपुल समेत 12 आरोपितों को दोषी करार दिया और उन्हें आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई। न्यायाधीश ने दोषियों पर 30-30 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया। पांडेय ने बताया कि 15 नवंबर 2012 की सुबह ऊंचगांव में ज्योतिषी रमेश चन्द्र तिवारी की उनके घर में घुसकर पुलिस की वर्दी पहने दो बदमाशों ने कार्बाइन व पिस्तौल से गोलीबारी कर हत्या कर दी थी। इस घटना में रमेश के भाई राजेश भी घायल हुए थे। पांडेय ने बताया कि मृतक के भाई उमेश तिवारी ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। उनके मुताबिक, मामले की तफ्तीश के दौरान शूटर विपुल सिंह, हत्या के षड्यंत्र में शामिल धीरेंद्र सिंह, झारखंडे सिंह, सूबेदार सिंह, कौशल किशोर सिंह, विजय बहादुर सिंह, वीरेंद्र बहादुर सिंह, लाल शंकर उपाध्याय, अमित उर्फ पंडित, अरविंद, शैलेंद्र, तन्नू सिंह, शेर बहादुर सिंह और अमरजीत सिंह का नाम प्रकाश में आया।

# गंगा नदी के सुरक्षा तटबंध का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त, भागलपुर जिले के कई गांवों में घुसा पानी

**भाषा।** भागलपुर

**बिहार के** भागलपुर जिले में गंगा नदी के सुरक्षा तटबंध का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो जाने से गोपालपुर अनुमंडल के कई गांव मंगलवार को जलमग्न हो गए। बिहार के जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने मंगलवार को कहा कि आज सुबह करीब पौने 10 बजे भागलपुर जिलान्तर्गत इस्माइलपुर-बिंदटोली तटबंध का करीब 60 मीटर हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। उन्होंने कहा कि इस कारण गोपालपुर प्रखंड अंतर्गत करारी तीनटंगा पंचायत के बुद्धुचक एवं निकटवर्ती क्षेत्रों में गंगा नदी का पानी घुस गया। उनके मुताबिक, अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है और प्रभावित इलाकों के ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया गया है। चौधरी ने कहा कि तटबंध टूटने के बाद तत्काल मरम्मत के लिए बाहर से आवश्यक सामान मंगाया गया है। चौधरी ने कहा, गंगा नदी का जलस्तर भागलपुर गेज स्थल पर 13 अगस्त से 18 अगस्त तक लगातार खतरे के निशान के ऊपर बना रहा था। 19 अगस्त को गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे हुआ एवं जलस्तर में घटने की प्रवृति बनी हुई है। चौधरी ने कहा कि जलस्तर में कमी होने के बीच तटबंध क्षतिग्रस्त हुआ है। अधिकारियों ने कहा कि राज्य और नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में लगातार बारिश के कारण कई स्थानों पर नदियां खतरे के स्तर से ऊपर बह रही हैं।

# देश के जलाशयों का भंडारण स्तर 10 साल के औसत से 14 प्रतिशत अधिक : सीडब्ल्यूसी

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) की ताजा रिपोर्ट में बताया गया कि इस वर्ष देश के जलाशयों के भंडारण स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है जिसके तहत वर्तमान में भंडारण स्तर दस साल के औसत से 14 प्रतिशत अधिक है। जलाशय भंडारण के संबंध में जारी हालिया बुलेटिन के अनुसार देशभर के 150 प्रमुख जलाशयों का भंडारण स्तर 124.016 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) है, जो इन जलाशयों की कुल क्षमता का 69 प्रतिशत है। पिछले वर्ष इसी अवधि में भंडारण स्तर 111.85 बीसीएम था यानी इस वर्ष काफी अच्छी वृद्धि देखी गई है। जलाशयों का मौजूदा भंडारण स्तर दस साल के औसत से भी अधिक है। दस साल के औसत स्तर को सामान्य भंडारण माना जाता है जो 108.79 बीसीएम था। अगर क्षेत्रवार देखें तो देश के विभिन्न हिस्सों में भंडारण स्तर अलग-अलग है। उत्तरी क्षेत्र में भंडारण स्तर इस समय, कुल क्षमता का 51 प्रतिशत है, जो पिछले वर्ष के 88 प्रतिशत से कम है और सामान्य भंडारण स्तर 71 प्रतिशत से कम है। उत्तरी क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश, पंजाब और राजस्थान आते हैं। इसके विपरीत, पूर्वी क्षेत्र में सुधार देखा गया है जहां भंडारण स्तर, क्षमता का 53 प्रतिशत है, जो पिछले वर्ष के 38 प्रतिशत से अधिक है और 50 प्रतिशत के सामान्य स्तर से बेहतर है। पूर्वी क्षेत्र में असम, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, नगालैंड और बिहार आते हैं। गुजरात और महाराष्ट्र सहित पश्चिमी क्षेत्र के जलाशयों में भी सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई जहां के जलाशय कुल क्षमता के 72 प्रतिशत तक भर गए, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में भंडारण स्तर 68 प्रतिशत था और सामान्य भंडारण स्तर 61 प्रतिशत था। इसी तरह, मध्य क्षेत्र के जलाशयों में भंडारण स्तर कुछ क्षमता का 72 प्रतिशत है जो पिछले वर्ष के 69 प्रतिशत और सामान्य भंडारण स्तर के 62 प्रतिशत से बेहतर है।

## क्विक न्यूज

### राज्यसभा सदस्य संजय सिंह और अन्य को गिरफ्तार कर 28 अगस्त को अदालत में पेश करने का आदेश

**सुलतानपुर (उप्र)।** सुलतानपुर की एक अदालत ने दो दशक से भी ज्यादा पुराने एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह और समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता अनूप संडा के पेशी पर नही आने पर कड़ी आपत्ति जताई और स्थानीय पुलिस को उन्हें गिरफ्तार कर सुनवाई की अगली तारीख 28 अगस्त को अदालत में पेश करने का आदेश दिया। सांसद।विधायक अदालत के विशेष न्यायाधीश शुभम वर्मा ने सिंह, संडा और अन्य के खिलाफ जारी गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट को भी बरकरार रखा। एक न्यायिक अधिकारी ने नाम उजागर नही करने की शर्त पर पीटीआई-भाषा को बताया, अदालत ने पुलिस को सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर 28 अगस्त तक अदालत में पेश करने का निर्देश दिया है। संजय सिंह के अधिवक्ता मदन सिंह ने बताया कि सिंह, संडा और चार अन्य आरोपियों के खिलाफ गत 13 अगस्त को गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। उस पर मंगलवार को सुनवाई हुई। उन्होंने बताया कि सिंह और संडा की जमानत याचिका इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में दाखिल की गई हैं जिस पर 22 अगस्त को सुनवाई की जाएगी।

### न्यायालय ने तीस्ता सीतलवाड़ को सम्मेलन के लिए मलेशिया यात्रा करने की अनुमति दी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ को एक सम्मेलन के लिए 31 अगस्त से 10 सितंबर तक मलेशिया यात्रा की अनुमति दे दी तथा आरोपी से एक शपथपत्र दाखिल करने को कहा कि वह निर्धारित समय पर भारत लौट आएगी। शीर्ष न्यायालय ने 2002 में गोधरा कांड के बाद हुए दंगों के मामलों में निर्दोष लोगों को फंसाने के लिए कथित तौर पर दस्तावेज तैयार करने के मामले में तीस्ता को पिछले वर्ष जुलाई में नियमित जमानत दे दी थी। मंगलवार को सुनवाई के दौरान तीस्ता की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ को बताया कि याचिकाकर्ता ने विदेश यात्रा की अनुमति के लिए आवेदन किया है, क्योंकि शीर्ष अदालत ने पिछले साल जुलाई में कहा था कि उसका पासपोर्ट सत्र अदालत के पास ही रहेगा। उन्होंने अपनी मुवक्किल की ओर से पीठ से कहा, मैं (सीतलवाड़) आपसे 31 अगस्त से 10 सितंबर तक मलेशिया में नस्लवाद विरोधी सम्मेलन में भाग लेने की अनुमति मांग रही हूं। गुजरात सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उन्हें अदालत के समक्ष हलफनामा दायर करने के लिए कहा जाना चाहिए।

### झारखंड में सरकारी चिकित्सकों ने बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली का बहिष्कार किया

**रांची।** झारखंड में सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों ने मंगलवार को **बायोमेट्रिक**उपस्थिति प्रणाली का बहिष्कार किया और इसे आपातकालीन सेवाओं के लिए अव्यवहारिक करार दिया। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि वह बायोमेट्रकि उपस्थिति प्रणाली के संबंध मे डॉक्टरो द्वारा उठाए गए मुद्दो पर विचार करेगा। चिकित्सकों ने दावा किया कि वे अपने कार्यस्थल - अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्र - पर समय पर पहुंच गए, लेकिन विरोध के तौर पर **बायोमेट्रिक** उपस्थिति नही दर्ज कराई, बल्कि इसके बजाय उन्होने पुराने तरीके से हाजिरी लगाई। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के एक अधिकारी ने बताया कि **बायोमेट्रिक** उपस्थिति प्रणाली का बहिष्कार करने का फैसला 11 अगस्त को आईएमए की झारखंड इकाई और झारखंड स्वास्थ्य सेवा संघ (जेएचएसए) की संयुक्त बैठक में लिया गया। यह बैठक सरकार के उस आदेश के बाद हुई, जिसमे सभी सरकारी कर्मचारियो को बायोमेट्रकि उपस्थिति प्रणाली का उपयोग करने के लिए कहा गया है। जेएचएसए के राज्य सचिव डॉ ठाकुर मृत्युंजय कुमार सिंह ने कहा कि पत्र मे आपातकालीन सेवाओ का जिक्र नही है। उन्होने कहा, इसमे सामान्य कर्मचारियों के लिए सुबह 10:30 बजे से शाम पांच बजे तक ड्यूटी का समय तय किया गया है, जबकि सचिवालय कर्मचारियों के लिए यह समय सुबह 10:30 बजे से शाम छह बजे तक है।

### गृहिणियों के जोश का होगा सम्मान

**नई दिल्ली।** टाटा टी के विविधतापूर्ण पोर्टफोलियो का एक प्रमुख ब्रांड, टाटा टी अग्नि ने एक नया कैम्पेन शुरू किया है। बिना थके, पूरे निस्वार्थ भाव और अटूट जोश के साथ हर दिन काम करने वाली गृहिणियों का सम्मान टाटा टी अग्नि ने इस नए कैम्पेन में किया है। जोश जगाए हर रोज - टाटा टी अग्नि ब्रांड की इस पहचान को घर-घर की गृहिणियों की ऊर्जा के साथ जोड़कर हर गृहिणी की निष्ठा को अभिवादन किया गया है। जुनून के कई रूप होते हैं, हर व्यक्ति के जुनून के पीछे उसकी अनूठी भावना होती है। बाधाओं और रूढ़ियों को तोड़कर साहस से आगे बढ़ रही खिलाड़ी की दहाड़ हो या शांत रहकर, दृढ़तापूर्वक काम करने वाली एक गृहिणी हो, उनका जोश ही उन्हें आगे लेकर जाता है। टीवीसी के लॉन्च के बारे में बोलते हुए, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के पैकेज्ड बेवरेजेस के अध्यक्ष पुनीत दास ने कहा, टाटा टी अग्नि टाटा टी पोर्टफोलियो के सबसे बड़े ब्रांडों में से एक है, जो पूरे देश भर में उपलब्ध है। इस नए कैम्पेन में हम भारत भर की गृहिणियों को सम्मानित कर रहे हैं, वे हमारी मुख्य उपभोक्ता भी हैं। हर गृहिणी की ऊर्जा और जोश असीम है और इसीलिए वे ब्रांड अग्नि की भीतर के जोश की भावना को दर्शाती हैं। यह टीवीसी सभी गृहिणियों को हमारे जीवन में उनकी विशेष भूमिका के लिए सलाम करता है। कैम्पेन की परिकल्पना और निर्माण मीडिया मॉन्क्स इंडिया ने किया है।

### फिर पुराने सीरियल्स को दिखाएगा टाटा प्ले

**मुंबई।** टाटा प्ले ले कर आया है एक नई सेवा, टाटा प्ले सुपरहिट सीरियल्स जो पुराने दिनों की याद दिलाएगी। यह सेवा सन 2000 के प्रतिष्ठित टीवी कार्यक्रम दर्शकों के लिए लेकर आई है। स्टार प्लस के सौजन्य से पेश की गई यह सेवा चैनल के सबसे लोकप्रिय कार्यक्रम दिखाएगी, जिन्होंने लाखों लोगों के दिलों को छू लिया था और आज भी लोकप्रिय बने हुए हैं। दर्शकों द्वारा इन्हें देखने की मांग की जा रही थी क्योंकि अब वो किसी भी टीवी चैनल पर प्रसारित नहीं होते हैं। टाटा प्ले सुपरहिट सीरियल उस दशक में राज करने वाले आकर्षक कार्यक्रमों की श्रृंखला लेकर आया है। मजबूत इच्छाशक्ति वाले महिला किरदारों और जटिल पारिवारिक कहानियों, जैसे 'कहानी घर घर की', 'कसौटी जिंदगी के', 'कुमकुम - एक प्यारा सा बंधन', 'कहीं किसी रोज' तथा 'हातिम'जैसे ऐतिहासिक किरदारों और कहानियों से लेकर प्रेम कहानी, 'नाव्या' तक इस सेवा द्वारा साल 2000 के समय के स्टार प्लस के लोकप्रिय कार्यक्रम दिखाए जाएंगे।इस लॉन्च के बारे में टाटा प्ले की चीफ कमर्शियल एवं कंटेंट ऑफिसर, पल्लवी पुरी ने कहा, ''हमारी शोध में सामने आया कि इन लोकप्रिय क्लासिक कार्यक्रमों की काफी मांग है।

### राजाधिराज लव लाइफ लीला का शानदार प्रीमियर

**मुंबई।** नीता मुकेश अंबानी सांस्कृतिक केंद्र के द ग्रैंड थिएटर में संगीत.नाटक राजाधिराज . लव लाइफलीलाका शानदार प्रीमियर हुआ। धार्मिक गुरुओं, बॉलीवुड की हस्तियों और अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा बढ़ाई। शो का भव्य शुभारंभ 15 अगस्त2024 को हुआ। इसमें भगवान श्री कृष्ण के दिव्य प्रेमए जीवन और लीला की कहानी का बारीक तानाबाना दिखता है। इसकी उत्कृष्ट कलाकरी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्री कृष्ण के दिव्य स्वरूप ,लड्डू गोपालए श्रीनाथजी और राजाधिराज के चित्रण से भाव विभोर दर्शक उठ कर तालियां बजाते रहे। राजाधिराज . लव लाइफलीलाष् के निर्माता धनराज नाथवानी स्वयं श्री कृष्ण के अनन्य भक्त हैं। उन्होंने अपनी असीम आस्था व्यक्त करते हुए कहा कि राजाधिराज . लव लाइफलीलाके प्रीमियर और पहले शो में लोगों का असीम स्नेह देख कर हम वास्तव में धन्य हो गए। नाथद्वारा मंदिर बोर्ड के अध्यक्ष पूज्य तिलकायत गोस्वामीराकेशजी महाराजश्री और नाथद्वारा के उत्तराधिकारी एवं श्रीनाथजी मंदिर के परिचारक भूपेशकुमारजी विशाल बावाद्ध के आशीर्वाद से यह प्रीमियर धन्य हो गया।

# हैरिस ऐतिहासिक राष्ट्रपति साबित होंगी : बाइडन

भाषा। शिकागो




**अमेरिका के** राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार रात डेमोक्रेटिक पार्टी की कमान आधिकारिक तौर पर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को सौंप दी। उन्होंने कमला को लोकतंत्र की रक्षा के लिए सबसे उपयुक्त व्यक्ति करार देते हुए कहा कि वह एक ऐतिहासिक राष्ट्रपति साबित होंगी। बाइडन (81) जब शिकागो में आयोजित डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में पहुंचे, तो वहां मौजूद हजारों नेताओं और कार्यकर्ताओं की भीड़ ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका स्वागत किया। इस सम्मेलन के दौरान कमला (59) बृहस्पतिवार को आधिकारिक तौर पर डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी स्वीकार करेंगी। पांच नवंबर को प्रस्तावित राष्ट्रपति चुनाव में उनका मुकाबला रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप (78) से होगा। बाइडन ने उत्साह से भरपूर नेताओं और कार्यकर्ताओं से सवाल किया, क्या आप कमला हैरिस को अमेरिकी की राष्ट्रपति चुनने के लिए तैयार हैं। उन्होंने देशवासियों से कमला के पक्ष में मतदान करने की अपील भी की। बाइडन ने दावा किया कि कमला एक ऐतिहासिक राष्ट्रपति साबित होंगी। उन्होंने कहा, मुझे अपने काम से प्यार है। मुझे अपने देश से और भी ज्यादा प्यार है। हमें अपने लोकतंत्र को बचाए रखने की जरूरत है। हमें डोनाल्ड ट्रंप को हराने और कमला (हैरिस) व टिम (वाल्ज) को (क्रमशः: अमेरिका का राष्ट्रपति तथा उपराष्ट्रपति चुनने के लिए आपकी जरूरत है। बाइडन ने कहा कि ट्रंप को 2024 में महिलाओं की ताकत का अंदाजा लगेगा। उन्होंने कहा कि कमला जल्द अमेरिका की 47वीं राष्ट्रपति के रूप में सेवाएं देंगी। बाइडन ने कहा, अमेरिका का भविष्य देशवासियों के हाथों में हैं। हमने 2020 में लोकतंत्र की रक्षा की और हमें 2024 में फिर ऐसा करना है। उन्होंने कहा, अमेरिका, अमेरिका, मैंने अपने स्तर पर आपकी सर्वश्रेष्ठ सेवा की। मैंने अपने करियर में कई गलतियां कीं, लेकिन मैंने अपने स्तर पर आपकी सर्वश्रेष्ठ सेवा की। बाइडन ने कहा, मैं आपसे पूछता हूं : क्या आप आजादी के लिए मतदान करने को तैयार हैं। क्या आप अमेरिका के लिए, लोकतंत्र के लिए मतदान करने को तैयार हैं। और मैं आपसे पूछता हूं : क्या आप कमला हैरिस और टिम वाल्ज को (क्रमशः) राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनने को तैयार हैं। चार दिवसीय डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में बाइडन की बेटी ऐश्ले ने उनका स्वागत किया।

### कमला हैरिस के पास अमेरिका को आगे ले जाने की खूबी, अनुभव और दृष्टिकोण है : हिलेरी क्लिंटन

**शिकागो।** अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने सोमवार को कहा कि उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के पास देश को आगे ले जाने की खूबी, तजुर्बा और दृष्टिकोण है। हिलेरी ने कमला को नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए आधिकारिक तौर पर डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार घोषित किए जाने के उद्देश्य से शिकागो में आयोजित डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में देश भर के हजारों पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। अमेरिका की प्रथम महिला रह चुकीं हिलेरी ने कहा, कमला के पास हमें आगे ले जाने की खूबी, अनुभव और दृष्टिकोण है। अमेरिका में 2016 में हुए राष्ट्रपति चुनाव में हिलेरी ने डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार के रूप में किस्मत आजमाई थी।

## अमेरिकी खुफिया अधिकारियों ने ईरान पर ट्रंप, हैरिस के प्रचार अभियान में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया

भाषा। वाशिंगटन



**अमेरिका के** खुफिया अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि उन्हें विश्वास है कि डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति चुनाव के लिए प्रचार अभियान में हस्तक्षेप करने के लिए ईरान जिम्मेदार है। इसे अमेरिकी चुनाव के नतीजों को संभावित रूप से बदलने और देश की राजनीति में दखल देने के ईरान के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) और अन्य संघीय एजेंसियों के आकलन में पहली बार अमेरिकी सरकार ने हैकिंग के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराया है जिससे चुनाव में विदेशी हस्तक्षेप के खतरे को लेकर चिंता बढ़ गई है। अधिकारियों का मानना है कि ईरान ने ट्रंप के अभियान के अलावा कमला हैरिस के राष्ट्रपति चुनाव के लिए प्रचार अभियान को भी हैक करने की कोशिश की। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के मिशन ने हैकिंग में शामिल होने से इनकार करते हुए कहा कि ईरान का चुनाव में हस्तक्षेप करने का ना तो उद्देश्य है और न ही इरादा है और उसने अमेरिका को सबूत उपलब्ध कराने की चुनौती दी है।यह बयान ऐसे वक्त में दिया गया है जब अमेरिका हमास के इस्माइल हनिया की हत्या को लेकर इजराइल पर बदले की कार्वाई के खतरे को रोकने की उम्मीद कर रहा है।

## हम देश के भविष्य के लिए अपने साझा दृष्टिकोण को लेकर एकजुट हैं : हैरिस

भाषा। शिकागो

**उपराष्ट्रपति** कमला हैरिस ने सोमवार को कहा कि देश के भविष्य के लिए अमेरिकी अपने साझा दृष्टिकोण को लेकर एकजुट हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रीय सम्मेलन में अचानक पहुंचीं हैरिस (59) ने देश भर से एकत्र हुए पार्टी के हजारों सदस्यों के उत्साह और जोश के बीच कहा, आज रात सभी को देखकर मुझे हमारे महान राष्ट्र की खूबसूरती का भली भांति अंदाजा हो गया है। हर कोने और हर क्षेत्र से आए लोग हमारे देश के भविष्य के लिए हमारे साझा दृष्टिकोण को लेकर यहां एकजुट हैं। उन्होंने कहा,इस नवंबर में हम एक साथ आएंगे और एक स्वर में घोषणा करेंगे कि हम एक राष्ट्र के रूप में आशावाद, उम्मीद और विश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

## स्पेन की एक महिला का 117 वर्ष की आयु में निधन

**मैड्रिड।** दुनिया में सबसे बुजुर्ग समझी जाने वाली अमेरिकी मूल की स्पेनवासी मारिया ब्रान्यास का 117 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके परिवार ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ब्रान्यास के एक्स अकाउंट पर उनके परिवार ने लिखाः मारिया ब्रान्यास हम सब को छोड़कर चली गईं। वह जिस तरह से जाना चाहती थी, वैसे ही चली गईंः बिल्कुल शांत, चिरनिन्द्रा में और बिना किसी पीड़ा के। जेरोन्टोलॉजी रिसर्च ग्रुप ने पिछले वर्ष हुई फ्रांसीसी नन लुसिले रैंडन की मृत्यु के बाद ब्रान्यास को विश्व का सबसे बुजुर्ग व्यक्ति बताया है। यह ग्रुप 110 या उससे अधिक आयु के माने जाने वाले लोगों के विवरण को प्रमाणित करता है। ब्रान्यास का चार मार्च, 1907 को सैन फ्रांसिस्को में जन्म हुआ था।

## श्रीलंका ने पहली बार चुनाव के प्रचार के सिलसिले में व्यय सीमा तय की

**कोलंबो।** जनवरी 2023 में चुनाव व्यय विनियमन अधिनियम लागू होने के बाद श्रीलंका में 21 सितंबर को श्रीलंका में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के प्रचार अभियान में पहली बार व्यय संबंधी नियम लागू होंगे। सोलह अगस्त को जारी की गई और सोमवार को प्रकाशित गजट अधिसूचना के अनुसार हर उम्मीदवार को चुनाव प्रचार गतिविधियों में प्रति मतदाता अधिकतम 109 रुपए खर्च करने की अनुमति है, जो कुल मिलाकर प्रति उम्मीदवार।,86,82,98,586 रुपए (लगभग 50 लाख अमेरिकी डॉलर) है। प्रत्एक उम्मीदवार के लिए व्यय सीमा कुल राशि का 60 प्रतिशत निर्धारित की गई है, जबकि राजनीतिक दलों के सचिवों को अपने उम्मीदवार के चुनाव अभियान गतिविधियों के लिए 40 प्रतिशत व्यय की अनुमति है। अधिसूचना में कहा गया है कि चुनाव परिणाम घोषित हो जाने के 21 दिन के अंदर दलों को निर्वाचन आयोग को व्यय रिपोर्ट सौंपनी होगी।

## कश्मीर का पाकिस्तान के कब्जे वाला हिस्सा दो भूकंप से दहला

**इस्लामाबाद।** कश्मीर का पाकिस्तान के कब्जे वाला हिस्सा (पीओके) मंगलवार को 5.1 तीव्रता के दो भूकंप के कारण दहल गया, और इस पर्वतीय क्षेत्र के निवासियों के बीच दहशत फैल गई। डॉन समाचार पत्र की खबर के अनुसार, भूकंप से किसी तरह के नुकसान के बारे में तत्काल कोई जानकारी नही मिली है।अमेरिकी भूगर्भीय सर्वे के अनुसार, दोनों भूकंप की तीव्रता 5.1 दर्ज की गई है और इसका केंद्र कश्मीर में था।पीओके के अलावा हट्टियां, बाला, चिनारी व चकोथी और पूरी झेलम घाटी में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप के कारण मुजफ्फराबाद में इंटरनेट सेवा अस्थाई रूप से प्रभावित हुई है।लीपा घाटी, बाग, पुंछ और हवेली जिलों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए।

## केंटकी अदालत के बाहर गोलीबारी में दो की मौत, एक घायल

**एलिजाबेथ-टाउन।** केंटकी में एक अदालत के बाहर सोमवार को एक बंदूकधारी ने एक मां और बेटी की गोली मारकर हत्या कर दी और एक अन्य व्यक्ति को घायल कर दिया। पुलिस के पीछा करने के दौरान उसने राजमार्ग पर खुद को भी गोली मार ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। एलिजाबेथटाउन पुलिस ने बताया कि संदिग्ध क्रिस्टोफर एल्डर (46) की हालत गंभीर बनी हुई है। उसने खुद को गोली मार ली थी। पुलिस के अनुसार, गोली लगने से मारी गई, एलिजाबेथटाउन निवासी एरिका रिले (37) सोमवार को सुबह एल्डर के साथ हार्डिन काउंटी में एक अदालत की सुनवाई में शामिल हुई थी। एलिजाबेथटाउन के पुलिस प्रमुख जेरेमी थॉम्पसन ने बताया कि दोनो के बीच संबंध थे। पुलिस ने सोमवार दोपहर एक प्रेस विज्ञप्ति मे बताया कि रिले की मां, हार्डिसबर्ग निवासी जेनेट रेली (71) को भी गोली लगी और अस्पताल ले जाने के बाद उनकी मृत्यु हो गई। थॉम्पसन ने बताया कि गोलीबारी पार्किंग स्थल में हुई और फिर एल्डर घटनास्थल से भाग गया।

# इजराइल ने गाजा से बरामद किए छह बंधकों के शव

● समझौता कराने में जुटे ब्लिंकन

भाषा। यरूशलम



**इजराइल की** सेना ने कहा है कि उसने पिछले साल सात अक्टूबर को हमास के हमले के दौरान बंधक बनाए गए छह लोगों के शव बीती रात बरामद किए हैं। दूसरी ओर अमेरिका, मिस्र और कतर इजराइल व हमास के बीच संघर्ष विराम समझौते की कोशिशों में जुटे हैं। सेना ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि उसके सैनिकों ने दक्षिण गाजा में बीती रात अभियान के दौरान ए शव बरामद किए हैं। हालांकि उनकी मौत कब और कैसे हुई, इसकी जानकारी नहीं दी गई है। बंधकों के परिवारों ने कहा है कि उन्हें जिंदा बंधक बनाया गया था। वहीं हमास का कहना है कि कुछ बंधक इजराइल के हवाई हमले में हताहत हुए हैं।शवों का बरामद होना हमास के लिए भी एक झटका है, जो बंधकों के बदले फलस्तीनियों कैदियों को रिहा कराना, इजराइली सैनिकों की गाजा से वापसी और दीर्घकालिक संघर्ष विराम चाहता है।हालांकि इससे इजराइल सरकार पर भी समझौते पर पहुंचने का दबाव पड़ने की संभावना है, जो चाहेगा कि जिंदा बचे बंधकों को जल्द से जल्द छुड़ाया जाए। सेना के मुताबिक, मृतकों की पहचान काइम पेरी (80), योरम मेट्ज़ेगर (80), अवराहम मंडर (79), एलेक्जेंडर डेनसिग (76), नदाव पोपलवेल (51) और यागेव बुश्ताव (35) के रूप में हुई है। मेट्ज़ेगर, मंडर, पोपलवेल और बुश्ताव उस परिवार में शामिल थे, जिसके सदस्यों का अपहरण किया गया था, हालांकि नवंबर में हुए संघर्ष विराम के दौरान उन्हें छोड़ दिया गया था।मंगलवार को किबुत्ज नीर ओज नामक कृषक समुदाय ने मंडर की मौत की पुष्टि की। किबुत्ज नीर ओज ने कहा कि उसकी मौत कई महीनों तक शारीरिक और मानसिक यातना सहने के बाद हुई। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बचाव प्रयासों की प्रशंसा की और कहा,इस भयानक नुकसान के लिए हमारा मन दुखी है।

उन्होंने एक बयान में कहा,इजराइल अपने सभी जीवित और मृत बंधकों को वापस लाने के लिए हर संभव प्रयास करना जारी रखेगा। इजराइल के रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने भी इस अभियान की प्रशंसा की।उन्होंने कहा कि यह अभियान हमास के विशाल सुरंग नेटवर्क के अंदर चलाया गया था। इस बचाव अभियान में इजराइलियों या फलस्तीनियों के हताहत होने की तत्काल कोई जानकारी नहीं मिली है।

## जिल ने डेमोक्रेटिक कन्वेंशन में अपने पति के 50 वर्ष के राजनीतिक सफर पर प्रकाश डाला

**शिकागो (अमेरिका)।** अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडन ने सोमवार रात को डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में अपने पति एवं राष्ट्रपति जो बाइडन की 50 वर्षों की जन सेवा पर प्रकाश डालते हुए एक भाषण दिया, जो उनके भी सार्वजनिक सफर के अंत का प्रतीक है।जिल बाइडन ने एक बार कहा था कि वह जानती थी कि जो बाइडन (उस वक्त डेलावेयर से सीनेटर) से शादी करने का मतलब ऐसी जिंदगी होगी जो हमेशा सुर्खियों में रहेगी और वह कभी ऐसा नही चाहती थी।सोमवार रात को सुर्खियों मे रहने की आदी हो चुकी प्रथम महिला ने अपने पति के 50 वर्ष राजनीतिक सफर को शब्दो में बयां किया। उन्होने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के लिए अपना समर्थन भी दोहराया।उन्होने कहा, जो और मै तकरीबन 50 वर्ष से साथ है और अब भी कई बार ऐसे क्षण आते है जब मुझे उनसे फिर से प्यार हो जाता है।

## युवराज मोहम्मद ने यमन में युद्ध के आदेश पर अपने पिता के जाली हस्ताक्षर किए थेः पूर्व सऊदी अधिकारी

**दुबई।** सऊदी अरब के एक पूर्व अधिकारी साद अल-जाबरी ने सोमवार को आरोप लगाया कि युवराज मोहम्मद बिन सलमान ने यमन में हूती विद्रोहियों के खिलाफ युद्ध की शुरुआत करने के लिए एक शाही आदेश पर अपने पिता के जाली हस्ताक्षर किए थे। सऊदी अरब की ओर से अल-जाबरी के आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। उन्होंने सोमवार को ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) पर प्रकाशित साक्षात्कार में यह आरोप लगाया। हालांकि उन्होंने आरोपों को समर्थन में कोई सबूत पेश नहीं किया। बाद में अल-जाबरी ने एसोसिएटेड प्रेस (एपी) को भेजे विस्तृत बयान में इन आरोपों को दोहराया है। कनाडा में निर्वासन में रह रहे पूर्व मेजर जनरल और खुफिया अधिकारी अल-जाबरी का काफी समय से सऊदी अरब के शासकों से विवाद रहा है। अल-जाबरी का कहना है कि उनके दो बेटों को एक मामले में जेल में डाल दिया गया है ताकि उन्हें सऊदी अरब लौटने पर मजबूर होना पड़े।उन्होंने एपी को बताया, मैं एक असंतुष्ट व्यक्ति नहीं हूं, न ही मैं अपनी इच्छा से इस स्थिति में पहुंचा हूं। मैं सऊदी अरब में एक उच्चस्तरीय अधिकारी था, जिसने खुद को देश की सुरक्षा के लिए समर्पित कर दिया। मुझे हजारों सऊदी और पश्चिमी देशों के निवासियों की जान बचाने के लिए जाना जाता है। अब मैं एक पिता होने के नाते अपने बच्चों को रिहा कराने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा हूं। सऊदी अरब के बादशाह सलमान (88) के बेटे और उत्तराधिकारी मोहम्मद अकसर अपने पिता की जगह नेताओं से मुलाकात करते हैं, ऐसे में अल-जाबरी के आरोप महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। अल-जाबरी ने बीबीसी को बताया कि सऊदी अरब के गृह मंत्रालय से जुड़े एक भरोसेमंद अधिकारी ने उन्हें बताया था कि युवराज मोहम्मद ने युद्ध छेड़ने के लिए एक आदेश पर अपने पिता की जगह खुद हस्ताक्षर किए थे। उस समय मोहम्मद रक्षा मंत्री हुआ करते थे। बाद में, अल-जाबरी ने एपी को बताया कि उन्होंने यमन में हूती खतरों को खत्म करने, संघर्ष करने और जमीनी हस्तक्षेप के बिना राजनीतिक व्यवस्था को लागू करने के उद्देश्य से हवाई हमलों की शुरुआत करने के लिए तत्कालीन ओबामा प्रशासन के साथ एक समझौता किया था। अल-जाबरी ने कहा कि सऊदी अरब के तत्कालीन गृह मंत्री प्रिंस मोहम्मद बिन नाएफ ने उस योजना को औपचारिक रूप देने के लिए सऊदी अरब में एक बैठक की अध्यक्षता की थी। अल-जाबरी ने बताया कि हालांकि, युवराज मोहम्मद बिन सलमान ने उस बैठक में स्पष्ट असहमति जताते हुए कहा था कि वह दो महीने में जमीनी हमले में हूतियों को हरा सकते हैं। अल-जाबरी ने एपी को बताया, आश्चर्यजनक रूप से, बाद में निर्धारित योजना की अनदेखी करते हुए, बिना बादशाह को जानकारी दिए क शाही आदेश जारी किया गया, जिसपर जाली हस्ताक्षर थे। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने अल-जाबरी के दावों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। यमन में एक दशक पहले ईरान समर्थक हूती विद्रोहियों के खात्मे के लिए सऊदी अरब के नेतृत्व में कई देशों ने सैन्य अभियान चलाया गया था, जो अब भी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। इस युद्ध में ।,50,000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और इसके कारण दुनिया की सबसे बड़ी मानवीय त्रासदियों में से एक त्रासदी खड़ी हो गई है।

# बीएनपी महासचिव ने भारत से कहा, हसीना को मुकदमे के लिए प्रत्यर्पित किया जाए



भाषा। ढाका

**बांग्लादेश** नेशनलिस्ट पार्टी के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर देश में क्रांति (सरकार के खिलाफ प्रदर्शन) को बाधित करने की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को भारत से कहा कि हसीना को प्रत्यर्पित किया जाए ताकि उन पर मुकदमा चलाया जा सके। हसीना (76) ने बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में विवादास्पद आरक्षण प्रणाली को लेकर अपनी सरकार के खिलाफ छात्रों और अन्य लोगों के भारी विरोध प्रदर्शन के बाद पांच अगस्त को इस्तीफा दे दिया था और भारत चली गई थीं। फखरुल के हवाले से डेली स्टार अखबार ने लिखा, हमारी आपसे मांग है कि आपको उन्हें कानूनी तरीके से बांग्लादेश की सरकार के हवाले कर देना चाहिए। इस देश की जनता ने उन पर मुकदमे का फैसला किया है। उन पर मुकदमा चलने दें। पूर्व राष्ट्रपति और बीएनपी संस्थापक जिया-उर-रहमान की कब्र पर पुष्पचक्र चढ़ाने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में फखरुल ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि भारत उन्हें शरण देकर लोकतंत्र

### शेख हसीना और 23 अन्य के खिलाफ बांग्लादेश के न्यायाधिकरण में एक और शिकायत दर्ज कराई गई

**ढाका।** बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण मे मंगलवार को एक नई शिकायत दर्ज कराई गई है, जिसमे पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और 23 अन्य पर मई 2013 मे एक इस्लामी समूह द्वारा आयोजित रैली के दौरान मानवता के खिलाफ अपराध और नरसंहार करने का आरोप लगाया गया। द डेली स्टार अखबार की खबर के अनुसार, उच्चतम न्यायालय के वकील गाजी एमएच तमीम ने हिफाजत-ए-इस्लाम के संयुक्त महासचिव (शिक्षा और कानून) मुफ्ती हारून इजहार चौधरी की ओर से शिकायत दर्ज कराई है। अखबार ने जांच एजेंसी के उप निदेशक (प्रशासन) अताउर रहमान के हवाले से कहा, हमने शिकायत दर्ज कर ली है और आज से जांच शुरू कर दी गई है। उन्होने कहा, जब हम प्रारंभिक जांच पूरी कर लेंगे और घटनास्थल का मौका मुआयना करेंगे और जब न्यायाधिकरण का पुनर्गठन हो जाएगा तो हम अभियोजन पक्ष के माध्यम से आरोपियो के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट के लिए अपील करेंगे।

### बांग्लादेश की अंतरिम सरकार हिंसा में हताहत लोगों के परिजनों के लिए फाउंडेशन बनाएगीः यूनुस

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने मंगलवार को कहा कि वह मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस की अध्यक्षता मे एक फाउंडेशन की स्थापना करेगी, जो उन घायलो, मृतको तथा घायलो के परिवारो की देखभाल करेगी, जिन्होने देश मे हुए अभूतपूर्व विरोध प्रदर्शन मे भाग लिया था और जिसके कारण शेख हसीना सरकार गिर गई थी। सरकारी नौकरियो मे विवादास्पद आरक्षण प्रणाली के खिलाफ जुलाई मे छात्रो द्वारा शुरू किए गए व्यापक प्रदर्शन के बाद से 44 पुलिसकर्मियो समेत 600 से अधिक लोग मारे गए है। बांग्लादेश की सरकार के मुख्य सलाहकार के आधिकारिक एक्स हैडल के अनुसार, सरकार ने जुलाई-अगस्त 2024 मे छात्रो के नेतृत्व वाली क्रांति मे भाग लेने वाले घायलो और, मृतको तथा घायलो के परिवारो की देखभाल के लिए एक फाउंडेशन स्थापित करने का निर्णय किया है।


### खालिदा के बैंक खातों पर लगी रोक 17 साल बाद हटाई जाएगी

**ढाका।** बांग्लादेश मे कर अधिकारियो ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की अध्यक्ष खालिदा जिया के बैंक खातो पर 17 साल पहले रोक लगाई गई रोक को हटाने का फैसला किया है। डेली स्टार समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रीय राजस्व बोर्ड (एनबीआर) ने सोमवार को बैंको को बीएनपी अध्यक्ष जिया के खातो पर लगी रोक हटाने का निर्देश दिया। अगस्त 2007 मे एनबीआर के केंद्रीय खुफिया प्रकोष्ठ ने बैंको को बीएनपी अध्यक्ष के खातो पर रोक लगाने का निर्देश दिया था। वह 1990 के बाद से दो बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री चुनी जा चुकी है। एनबीआर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह निर्णय सेना समर्थित तत्कालीन कार्यवाहक सरकार के दौरान गठित एक समिति की सिफारिश पर आधारित था। इसके बाद से ही उनके बैंक खातो पर रोक लगी हुई है। बीएनपी ने कई मौको पर इन पर रोक हटाने की मांग की है। बाद मे उन्हे नियमित खर्चो के लिए ढाका छावनी मे रूपाली बैंक की शहीद मोइनुल रोड शाखा से हर महीने एक निश्चित राशि निकालने की अनुमति दी गई।

# ऑस्टियोआर्थराइटिस के कारण घुटनों में दर्द है

भाषा। मेलबर्न

● सर्जरी के बिना कैसे हो सकते है ठीक



**घुटने के पुराने** ऑस्टियोआर्थराइटिस से पीड़ित अधिकांश लोग सर्जरी के बिना अपने दर्द को नियंत्रित कर सकते हैं और अपनी गतिशीलता में सुधार कर सकते हैं। स्वास्थ्य देखभाल में सुरक्षा और गुणवत्ता पर ऑस्ट्रेलियाई आयोग के अद्यतन उपचार दिशानिर्देशों में यह जानकारी दी गई है।तो घुटने का ऑस्टियोआर्थराइटिस क्या है और इसे प्रबंधित करने के सर्वोत्तम तरीके क्या हैं? 20 लाख से अधिक आस्ट्रेलियाई लोगों को ऑस्टियोआर्थराइटिस है-ऑस्टियोआर्थराइटिस जोड़ों का सबसे आम रोग है, जो 21 लाख आस्ट्रेलियाई लोगों को प्रभावित करता है। इससे अर्थव्यवस्था को हर साल 4.3 अरब आस्ट्रेलियाई डॉलर का नुकसान होता है।ऑस्टियोआर्थराइटिस आमतौर पर घुटनों को प्रभावित करता है, लेकिन यह कूल्हों, रीढ़, हाथों और पैरों को भी प्रभावित कर सकता है। यह हड्डी, उपास्थि, स्नायुबंधन और मांसपेशियों सहित पूरे जोड़ों को प्रभावित करता है। ऑस्टियोआर्थराइटिस से पीड़ित अधिकांश लोगों को लगातार दर्द होता है और उन्हें चलने और सीढ़ियाँ चढ़ने जैसे साधारण दैनिक कार्य करने में कठिनाई होती है। क्या यह टूट-फूट के कारण होता है?घुटने का ऑस्टियोआर्थराइटिस वृद्ध लोगों, अधिक वजन वाले या मोटापे से ग्रस्त लोगों और घुटने की पुरानी चोटों वाले लोगों को प्रभावित करने की सबसे अधिक संभावना है। लेकिन आम धारणा के विपरीत, घुटने का ऑस्टियोआर्थराइटिस "घिसाव और टूट-फूट" के कारण नहीं होता है।शोध से पता चलता है कि एक्स-रे पर घुटने के जोड़ में दिखाई देने वाली संरचनात्मक टूट-फूट की डिग्री किसी व्यक्ति द्वारा अनुभव किए जाने वाले दर्द या विकलांगता के स्तर से संबंधित नहीं होती है। कुछ लोगों में संरचनात्मक टूट-फूट का स्तर कम होता है और लक्षण बहुत खराब होते हैं, जबकि अन्य में संरचनात्मक टूट-फूट का स्तर उच्च होता है और लक्षण न्यूनतम होते हैं।

### एनेयूरिज्म सर्जरी से 68 वर्ष के पुरुष की जान बचाई

चिकित्सा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए एक 68 वर्ष के पुरुष रोगी की पेट की महाधमनी की एनेयूरिज्म सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। उस रोगी के पेट की महाधमी फटी हुई थी। डॉक्टर गौरंगा मजूमदार के नेतृत्व में इस सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गयाए जिन्होंने अपनी विशेषज्ञता से हृदय संबंधी देखभाल को आगे बढ़ाया और रोगी को नया जीवन दिया। पेट की फटी हुई महाधमनी के मामले में अगर तुरंत इलाज ना किया जाए यह जानलेवा हो सकती है। जिस रोगी की सर्जरी की गईए उसकी हालत काफी गंभीर थी और उसके पेट की महाधमनी में 10 सेंटीमीटर बड़ा लीकेज था। रोगी की हालत को स्थिर करने के लिएए जीवन रक्षक के रूप में एक हार्ट लंग मशीन ;सीण्पीण्बीण् पंपद्ध लगाई गई ताकि सर्कुलैटरी कोलैप्स और मृत्यु जैसे हालात को रोका जा सके। इसके बाद फटी हुई महाधमनी की मरम्मत के लिए एक एमरजेंसी एनेयूरिज्म सर्जरी की गईए जो कि शरीर की मुख्य रक्त वाहिका होती है। इस प्रक्रिया में फटी हुई महाधमनी के खराब हुए हिस्से को हटाकर उसकी जगह सिंथेटिक कपड़े की ट्यूब को लगाया गया जिसे ग्राफ्ट कहते हैं। इस प्रकार की सर्जरी अगर एनेयूरिज्म के फटने से पहले की जाए तो वह ज्यादा प्रभावी होती हैए उस स्थिती में पेट की महाधमनी में बढ़ने वाले कार्डियोवैस्कुलर रिस्क को कम किया जा सकता है। डॉक्टर मजूमदार की सर्जिकल स्किल्स की वजह से ऑपरेशन के बाद रोगी काफी हद तक स्वस्थ हो गया। सर्जरी के बाद किए गए सीण्टीण् एंजियोग्राम में इस बात की पुष्टि हुई कि सर्जरी पूरी तरह सफल रही और कहीं, किसी भी तरह की कोई दिक्कत नहीं हुई। सफलतापूर्वक की गई इस सर्जरी पर अपनी बात रखते हुए डॉक्टर गौरंगा मजूमदार ने कहा कि अपने मरीज की जान बचाने के अनुभव को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। एनेयूरिज्म सर्जरी में हुई प्रगति की वजह से हमें वह उपकरण मिले जिनसे हम यह सर्जरी कर सकेए वरना दूसरे केस में स्थिती घातक हो सकती थी।

## क्विक न्यूज

### इमरान, उनकी पत्नी पर तोशाखाना भ्रष्टाचार का तीसरा मामला दर्ज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की भ्रष्टाचार विरोधी निगरानी संस्था ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के खिलाफ मंगलवार को तोशाखाना भ्रष्टाचार का एक नया मामला दर्ज किया। यह तोशाखाना का तीसरा मामला है, जिसमें पहला मामला पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग द्वारा खान के खिलाफ दायर किया गया था, जबकि दूसरा मामला राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) द्वारा 71 वर्षीय खान और 50 वर्षीय बीबी दोनों के खिलाफ दायर किया गया था। तोशाहाना भ्रष्टाचार का नया मामला एनएबी की जांच पर आधारित है, जो देश के कोषागार से आभूषण की खरीद में नियमों के कथित उल्लंघन से संबंधित है। इस कोषागार में उन सभी उपहारों को रखा जाता है, जो विदेश यात्राओं के दौरान शीर्ष राजनीतिक पदाधिकारियों को दिए जाते हैं। एनएबी की ओर से अधिकारियों मोहसिन हारून और वकार हसन ने मामले के दस्तावेज यहां एक जवाबदेही अदालत को जमा किए। इससे पहले, एनएबी ने रावलपिंडी की अदियाला जेल में इस मामले में खान और उनकी पत्नी से पूछताछ की थी। पद पर रहते हुए विदेशी गणमान्य व्यक्तियों से प्राप्त उपहारों के कथित दुरुपयोग के लिए उन पर जांच चल रही है। एनएबी के आरोपों के अनुसार दंपति पर तोशाखाना से 7.5 करोड़ रुपए मूल्य के आभूषण खरीदने और नियमों का उल्लंघन करते हुए इन्हें बेचने का आरोप है। खान को पांच अगस्त, 2023 को दोषी करार दिया गया था और गिरफ्तार किया गया था, लेकिन बाद में उनकी सजा निलंबित कर दी गई और उन्हें जमानत दे दी गई। दूसरे मामले में, इस्लामाबाद की जवाबदेही अदालत ने 31 जनवरी को दंपति को मामूली कीमत चुकाने के बाद तोशाखाना से महंगे आभूषण रखने के मामले में दोषी ठहराया था। हालांकि, इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) ने अप्रैल में उनकी सजा को निलंबित कर दिया था।

### पाकिस्तान में हिंदुओं ने मनाया रक्षाबंधनअ पीपीपी नेता ने बिलावल भुट्टो को बांधी राखी

**पेशावर-कराची।** पाकिस्तान में हिंदू समुदाय, विशेषकर उत्तर-पश्चिमी शहर पेशावर और दक्षिणी शहर कराची में रहने वाले लोगों ने रक्षाबंधन का त्योहार उत्साह के साथ मनाया। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) की एक हिंदू सीनेटर ने पार्टी के प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी को राखी बांधी। सोमवार को रक्षाबंधन का त्योहार मनाए जाने से पहले शहर के कई मंदिरों के परिसर में अलग-अलग रंगों और डिजाइन वाली राखियां बेचने के लिए अस्थाई दुकानें खोली गईं। दुकानदारों ने राखी के साथ-साथ पूजा में इस्तेमाल होने वाली दूसरी चीजें भी बेचीं। थारपारकर सिंध से पीपीपी की सीनेटर कृष्णा कुमारी ने पार्टी अध्यक्ष बिलावल को राखी बांधी। पीपीपी नेता को राखी बांधने का एक वीडियो साझा करते हुए, कुमारी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, रक्षाबंधन की शुभकामनाएं। अध्यक्ष बिलावल भुट्टो का शुक्रिया। कुमारी ने बिलावल की बहनों आसिफा जरदारी और बख्तावर बी जरदारी को भी इस पोस्ट में टैग किया। पेशावर में कड़ी सुरक्षा के बीच त्योहार मनाया गया। त्योहार के मद्देनजर शहर और छावनी क्षेत्रों में मंदिरों के आसपास भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई। शहर के झंडा बाजार स्थित एक मंदिर में सुबह के समय पूजा के लिए बड़ी संख्या में हिंदू महिलाएं और युवतियां एकत्रित हुईं और फिर आरती की तैयारी की गई। धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेने के बाद महिलाओं ने अपने भाइयों को राखी बांधी। लाहौर से संचालित टीवी चैनल बोलदा पंजाब के अनुसार, लाहौर में पुराने कृष्ण मंदिर में भी त्योहार मनाया गया।

### विश्व फोटोग्राफी दिवस पर मिलेगा अवार्ड्स

**नई दिल्ली।** विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर, विश्वसनीय ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड वीवो कल्पना शक्ति का जश्न मनाने के लिए वीवो इमेजिन स्मार्टफोन फोटोग्राफी अवार्ड्स का दूसरा एडिशन लेकर आया है, जिससे फोटोग्राफरों को अपनी क्रि एटिविटी को आगे बढ़ाने और अपने स्मार्टफोन से अपने यूनीक पर्सपेक्टिव को सामने लाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। जानी मानी लेखक और फिल्म निर्माता ज़ोया अख्तर इसकी जूरी का नेतृत्व करेंगी, जिसमें फोटोग्राफी के दिग्गज विनीत वोहरा, राकेश पुलापा और आमिर वाणी शामिल होंगे। पुरस्कार में छह आकर्षक और अलग-अलग श्रेणियां शामिल है- नेचर एंड वाइल्डलाइफ, आर्किटेक्चर, पोर्ट्रेट, नाईट एंड लाइट, मोशन एंड स्ट्रीट फोटोग्राफी। वीवो इंडिया की हेड ऑफ कॉर्पोरेट स्ट्रेटेजी गीताज चन्नाना ने कहा, विश्व फोटोग्राफी दिवस पर, हमें दूसरी बार वीवो इमेजिन स्मार्टफोन फोटोग्राफी अवार्ड्स की घोषणा करते हुए अत्यधिक प्रसन्नता हो रही है, जिसकी थीम है जॉय ऑफ इमेजिनेशन। यह थीम क्रिएटिविटी को दर्शाती है, जिससे हम लिबरेटिंग मीडियम ऑफ फोटोग्राफी से अपनी गहरी भावनाओं को बिना शब्दों के व्यक्त कर सकते हैं। लेखिका और फिल्म निर्माता जोया अख्तर ने कहा, मुझे वीवो के साथ एक बार फिर वीवो इमेजिन अवार्ड के लिए जुड़ने की अत्यधिक खुशी हो रही है। भारत असाधारण प्रतिभाओं से भरा पड़ा है और क्रिएटिव और विसुअल स्टोरीटेलिंग की मेरी यात्रा ने विसुअल नेरेटिव की शक्ति को दिखाया है। प्रतिभागी आधिकारिक वीवो वेबसाइट के माध्यम से अपनी एंट्री19 अगस्त से जमा करेंगे, जिसमें बेसिक डिटेल प्रदान करना, श्रेणियाँ (नेचर एंड वाइल्डलाइफ, आर्किटेक्चर, पोर्ट्रेट, नाईट एंड लाइट, मोशन एंड स्ट्रीट फोटोग्राफी) चुनना और अपनी खींची गई तस्वीरें अपलोड करना शामिल है। प्रविष्टियाँ जमा करने की अंतिम तिथि 8 सितंबर है। जूरी एंट्री के पूल में से 30 फाइनलिस्ट का चयन करेगी। टॉप30 फाइनलिस्ट को अंतिम चुनौती दी जाएगी। फाइनलिस्ट को चुनौती पूरी करने और अपनी एंट्री जमा करने के लिए कुछ दिन मिलेंगे। शीर्ष 6 फाइनलिस्ट को मुंबई में ग्रैंड फिनाले इवेंट में आमंत्रित किया जाएगा।ज ग्रैंड जूरी पुरस्कार विजेता को 5लाख रुपये मिलेंगे, और छह श्रेणी के विजेताओं को इवेंट में प्रत्येक को एक वीवो एक्स100प्रो मिलेगा।

### सिमिरन का पंजाबी पॉप दुनिया में छा जाएगा

**नई दिल्ली।** अपनी मीठी आवाज और आकर्षक व्यक्तित्व के लिए मशहूर, सिमिरन कौर धाडली ने अपनी लेटेस्ट रिलीज़ टाईम है नी में अपना सिग्नेचर स्टाईल पेश किया हैए जो पॉप की दुनिया में एक अलग प्रभाव छोड़ेगा। अपनी मोहक धुनों और शक्तिशाली संदेश के साथ यह गीत केवल एक धुन ही नहीं बल्कि स्वयं की गरिमा और आत्मविश्वास का प्रतिनिधित्व करता है। यह एक शक्तिशाली गीत है, जो अपने साहसी बोलों के साथ व्यक्तिगत सशक्तीकरण, स्वयं गरिमा, और दिखावटी संबंध त्यागने का विश्लेषण किया गया है। अपनी आकर्षक धुन और जीवंत लय के साथ यह गीत सिमिरन की पारंपरिक पंजाबी ध्वनियों के साथ आधुनिकता का मिश्रण पेश करता है। इसके बोल तीक्ष्ण बुद्धि और भावनात्मक गहराई के साथ लिखे गए हैं, जो उस हर व्यक्ति के हृदय को छू लेंगे। जिसने कभी भी अपमानित या तिरस्कृत महसूस किया है। इस गीत की रिलीज़ के बारे में परफ ॉर्मर, लिरिसिस्ट, और कंपोज़र, सिमिरन कौर धाडली ने कहा कि यह ट्रैक ईम है नी व्यक्तिगत स्वतंत्रता की खुशी मनाता है। यह उस हर महिला का स्मरण कराता है, जो बिना किसी शर्मिंदगी के अपने समय को प्राथमिकता देती है। मैं एक ऐसा गीत बनाना चाहती थी जो हर महिला को मजबूत और प्रबल महसूस कराए। इस गीत के माध्यम से मैंने संदेश दिया है, आपका समय बहुमूल्य है और इसकी हकदार केवल आप है। मुझे उम्मीद है कि दर्शकों को टाईम है नी में वही ऊर्जा और शक्ति महसूस होगी। देसी ट्रैप म्यूज़िक द्वारा निर्मित, ईम है नी में पारंपरिकता और आधुनिकता का मिश्रण है। आधुनिक बढ़त के साथ शक्तिशाली स्वरों ने इस ट्रैक में एक ऐसी धुन तैयार कर दी हैए जिसे सुनकर कोई भी अपने आप को रोक नहीं पाएगा।

# बुमराह पिछले पांच-छह साल में कई प्रारूप में खेलने वाला सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजः पोंटिंग

भाषा। दुबई





**ऑस्ट्रेलिया के** पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह पिछले पांच या छह वर्षों में कई प्रारूपों में खेलने वाले सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। पोंटिंग ने कहा कि बुमराह के लंबे समय तक खेलने को लेकर कुछ चिंताएं हो सकती हैं लेकिन उन्होंने हमेशा चोटों से उबरकर मजबूत वापसी की है। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यु पर कहा, मैं यह लंबे समय से कहता रहा हूं कि वह पिछले पांच या छह साल से विश्व क्रिकेट में शायद कई प्रारूप में खेलने वाले सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। उन्होंने कहा, कुछ साल पहले जब चोटें लगी तो कुछ डर था कि क्या वह पहले जैसा प्रदर्शन कर पाएंगे? लेकिन मुझे लगता है कि उन्होंने वापसी करके वास्तव में बेहतर प्रदर्शन किया है।

ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व कप्तान ने कहा, इन खिलाड़ियों के बारे में हमेशा सही जानकारी पाने का सबसे अच्छा तरीका (अन्य) खिलाड़ियों से पूछना है। और जब आप विपक्षी बल्लेबाजों से उनके (बुमराह) बारे में बात करते हैं तो हमेशा यही जवाब होता है कि नहीं, वह एक बुरा सपना हैंउ आप कभी नहीं जानते कि क्या होने वाला है। उन्होंने कहा, कोई गेंद स्विंग करेगी, कोई सीम होगी, वह इन स्विंग गेंदबाजी करेगा, वह आउट स्विंग गेंदबाजी करेगा। टी20 विश्व कप में 15 विकेट लेकर बुमराह ने भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई और पोंटिंग ने 30 वर्षीय बुमराह की जमकर तारीफ की। पोंटिंग ने कहा, अगर मैं टी20 विश्व कप में उनके प्रदर्शन को देखूं तो – गति अब भी वही है, सटीकता या वह जो दे सकते हैं, उसमें कुछ भी नहीं बदला है। उन्होंने कहा, कौशल भी समान है। वह साल दर साल बेहतर होते जा रहे हैं। जब आपके पास वह कौशल और निरंतरता होती है जो उनके पास है, तो आप एक महान खिलाड़ी बनने जा रहे हैं। (ग्लेन) मैकग्रा को देखें, (जेम्स) एंडरसन को देखें, इन लोगों को देखें। उनका कौशल इतने लंबे समय तक कायम रहा जो उन्हें बाकी लोगों से अलग करता है।

## यानिक सिनर और आर्यना सबालेंका को सिनसिनाटी ओपन के खिताब

**मेसन (अमेरिका)।** विश्व के नंबर एक पुरुष खिलाड़ी यानिक सिनर और महिलाओं में नंबर दो आर्यना सबालेंका ने सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में सीधे सेटों में जीत हासिल करके खिताब जीते। यह दोनों खिलाड़ी सिनसिनाटी ओपन में पहली बार चैंपियन बने। सबालेंका ने जेसिका पेगुला को 6-3, 7-5 से हराकर जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के बाद पहली बार कोई खिताब जीता। सिनर ने अमेरिका के फ्रांसिस टियाफो को 7-6(4) 6-2 से हराया। वह 2008 में एंडी मरे के बाद सबसे कम उम्र में सिनसिनाटी ओपन का खिताब जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। मरे ने 21 वर्ष की उम्र में यहां खिताब जीता था। सिनर और टियाफो दोनों पहली बार सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में पहुंचे थे। इससे पहले यहां उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तीसरे दौर में पहुंचना था। यह टूर्नामेंट 26 अगस्त से न्यूयॉर्क में शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में महत्वपूर्ण माना जाता है।

### अश्मिता-मालविका जापान ओपन से बाहर

**योकोहामा (जापान) /** भारत की अश्मिता चालिहा और मालविका बंसोड़ मंगलवार को यहां जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के शुरुआती दौर में हारकर बाहर हो गईं। अश्मिता जहां चीनी ताइपे की शीर्ष वरीयता प्राप्त ताई जु यिंग से 16-21, 12-21 से हार गईं, वहीं मालविका को यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा ने 23-21, 21-19 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। इसके बाद महिला एकल में आकर्षी कश्यप ने भी निराश किया। वह पहले दौर में दक्षिण कोरिया की किम गा यून से 13-21 12-21 से हार गई। मिश्रित युगल में सतीश कुमार करुणाकरन और आद्या वरियाथ की भारतीय जोड़ी पहले दौर की चुनौती से पार नहीं पा सकी। इस जोड़ी को रेहान नौफल कुशर्जंतो और लिसा अयु कुसुमावती की इंडोनेशिया की जोड़ी से 10-21, 18-21 से हारकर का सामना करना पड़ा। पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों में से कोई भी इस प्रतियोगिता में नहीं खेल रहा है।

## डॉक्टर या इंजीनियर बनना जरूरी नहीं, खेलों से भी बन सकती अच्छी जिंदगीः मनु



**चेन्नई।** ओलंपिक में ऐतिहासिक प्रदर्शन के साथ स्वदेश लौटी भारतीय निशानेबाज मनु भाकर ने मंगलवार को यहां एक स्कूल में सम्मानित होने के बाद छात्रों को खेलों में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इससे जिंदगी अच्छी बनाई जा सकती है। हरियाणा की इस 22 साल की निशानेबाज ने पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक अपने नाम किए। वह ओलंपिक के किसी एक सत्र में दो पदक जीतने वाली देश की पहली खिलाड़ी हैं। मनु ने यहां वेलाम्मल नेक्सस स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में कहा, तोक्यो ओलंपिक में निराशा मिलने के बाद मेरे लिए फिर से आत्मविश्वास हासिल करना काफी मुश्किल था। मैं उस समय विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर थी लेकिन अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी थी। उन्होंने कहा, मैं विफलता के बाद सफलता के स्वाद को जानती हूं। खेलों की यही खूबसूरती है। आप एक प्रतियोगिता में हारते है तो दूसरे में जीतते है। लेकिन ऐसा तभी होगा जब आप लगातार कड़ी मेहनत करना जारी रखेंगे। मनु ने युवा छात्रों से खेल को करियर विकल्प के रूप में अपनाने की सलाह देने के साथ बड़े सपने देखने और कड़ी मेहनत पर जोर दिया। उन्होंने कहा, लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, हमें बहुत कड़ी मेहनत और प्रयास करना चाहिए। यह हमेशा किसी बड़े लक्ष्य के साथ शुरू नहीं होता है, आपको इसे हासिल करने के लिए निरंतर काम करते रहना होता है। उन्होंने कहा, आप अगर बड़े सपने देख सकते हैं, तो आप बड़ा हासिल कर सकते हैं।

### पेरिस पैरालंपिक के लिए भारतीय दल के मिशन प्रमुख बने सत्य प्रकाश

**नई दिल्ली।** भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश सांगवान को आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए मंगलवार को भारतीय दल का मिशन प्रमुख नियुक्त किया गया। सांगवान को पैरालंपिक अभियान के साथ जुड़े रहने का एक दशक से भी अधिक समय का अनुभव है। मिशन प्रमुख के रूप में वह 84 पैरा खिलाड़ियों के भारत के अब तक के सबसे बड़े दल की अगुआई करेंगे। भारतीय खिलाड़ी 12 खेलों में चुनौती पेश करेंगे। सांगवान ने कहा, यह जिम्मेदारी मिलना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। मैं यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हूं कि हमारे खिलाड़ियों के पास पैरालंपिक में सफल होने और भारत को गौरवांवित करने के लिए आवश्यक सभी चीजें हों। पीसीआई अध्यक्ष देवेंद्र झझारिया ने कहा, सत्य प्रकाश सांगवान एक दशक से अधिक समय से भारतीय पैरालंपिक समिति का अभिन्न अंग रहे हैं। उनका समर्पण और नेतृत्व हमेशा हमारे खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा रहा है।

### सिनर डोपिंग जांच में पॉजिटिव पाए जाने के बाद भी निलंबन से बचे

**इंडियन वेल्स।** टेनिस के शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल यानिक सिनर मार्च में प्रतिबंधित एनाबॉलिक स्टेरॉयड के इस्तेमाल का दोषी पाए जाने के बाद भी निलंबन से बच गए। स्वतंत्र न्यायाधिकरण (ट्रिब्यूनल) ने अपने फैसले में माना कि सिनर ने जानबूझ कर ऐसा नही किया था इसलिए उन्हें निलंबित नही किया गया।

### सुब्रतो कप में श्रीलंका स्कूल एफए, मिनर्वा पब्लिक स्कूल जीते

**बेंगलुरू।** श्रीलंका स्कूल फुटबॉल एसोसिएशन और मोहाली के मिनर्वा पब्लिक स्कूल ने मंगलवार को यहां सुब्रतो कप सब जूनियर लड़कों के अंतर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन बड़े अंतर से जीत दर्ज की। एस्टन हाकेन की हैट्रिक से श्रीलंका स्कूल एफए ने ग्रुप बी मुकाबले में ज्ञानमाता हाई स्कूल को 10-0 से हराया। विजेता टीम की ओर से उमर, अरीब फकीर और विशान एंजेलो ने भी दो-दो गोल दागे जबकि मुर्शीद ने एक गोल किया।

### भुवनेश्वर में रोड शो करेगी भारतीय हॉकी टीम

भुवनेश्वर। ओडिशा के खेल एवं युवा मामलों के मंत्री सूर्यबंशी सूरज ने कहा कि राज्य हाल ही में संपन्न पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के स्वागत के लिए तैयार है। सूरज ने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी बुधवार को यहां लोक सेवा भवन के कन्वेंशन सेंटर में भारतीय हॉकी टीम के सदस्यों को सम्मानित करेंगे। उन्होने कहा कि ओलंपिक के नायकों के भव्य स्वागत की योजना बनाई गई है। मंत्री ने कहा, टीम कल दोपहर करीब 12 बजे ओडिशा पहुंचेगी और बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से कलिंग स्टेडियम तक रोड शो करेगी।

### ध्रुव चव्हाण ने पोलो कप का खिताब जीता

**चेन्नई।** मुंबई के ध्रुव चव्हाण ने मंगलवार को यहां पोलो कप इंडिया 2024 रेसिंग प्रतियोगिता में आदित्य पटनायक को पछाड़कर खिताब जीता। ओजस सुर्वे तीसरे स्थान पर रहे। मद्रास अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर पहली रेस जीतकर आदित्य ने बढ़त बनाई लेकिन ध्रुव ने अगली रेस जीतकर उनकी बराबरी पर ली। आदित्य ने दूसरे दौर की भी पहली रेस जीती लेकिर ध्रुव ने अपने प्रदर्शन के अधिक निरंतरता दिखाते हुए बाकी रेस में महत्वपूर्ण अंक जुटाकर खिताब अपने नाम किया। रोमिर आर्या को बेस्ट रूकी ऑफ द सीजन चुना गया जबकि मुंजाल सावला ने मास्टर चैंपियनशिप जीती।

### मुंबई में तीन दिसंबर से छठी टेनिस प्रीमियर लीग में हिस्सा लेंगे नागल, गेस्टन

**मुंबई।** दिग्गज भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल और फ्रांस के ह्यूगो गेस्टन यहां तीन से आठ दिसंबर तक होने वाली छठी टेनिस प्रीमियर लीग के पुरुष वर्ग में मुख्य आकर्षण होंगे। क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (सीसीआई) में होने वाले इस टूर्नामेंट के दुनिया की 41वें नंबर की खिलाड़ी पोलैंड की मेग्डा लिनेट और आर्मेनिया की दुनिया की 52वें नंबर की एलिना एवानेस्यान महिला वर्ग में शीर्ष खिलाड़ी होंगी। यह टूर्नामेंट 25 अंक प्रारूप में खेला जाएगा जिसमें प्रत्येक फ्रेंचाइजी को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए पांच मुकाबले मिलेंगे। दो फ्रेंचाइजी के बीच होने वाले मुकाबले में पुरुष एकल, महिला एकल, मिश्रित युगल और पुरुष युगल मैच होंगे जिसमें कुल 100 अंक दांव पर लगे होंगे।

# टी-20 विश्वकप : न्यूयॉर्क की छह पिचो को संतोषजनक रेटिंग

● आठ मैच खेले गए थे



**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के मैच रेफरी ने टी20 विश्व कप के दौरान न्यूयॉर्क में खेले गए आठ मैचों में से भारत बनाम पाकिस्तान सहित छह मैचों की पिच को लेकर नरम रूख अपनाते हुए उसे संतोषजनक रेटिंग दी है। अस्थाई नासाउ काउंटी क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैचों में से आयरलैंड के खिलाफ भारत के शुरुआती मैच के अलावा श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच के लिए इस्तेमाल की गई पिच को मैच रेफरी से असंतोषजनक रेटिंग मिली है। आईसीसी ने अमेरिका में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए न्यूयॉर्क में मैचों का आयोजन किया था लेकिन खराब पिच और धीमी आउटफील्ड के कारण उसे आलोचना का सामना करना पड़ा था। आईसीसी ने टूर्नामेंट खत्म होने के काफी समय के बाद मंगलवार को अपनी वेबसाइट पर पिच रेटिंग प्रकाशित की। यह टूर्नामेंट एक से 29 जून तक अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेला गया था। न्यूयॉर्क में सभी आठ मैच कम स्कोर वाले रहे थे। टूर्नामेंट के आयोजन के दौरान और उसके बाद विशेषज्ञों और प्रशंसकों ने इन पिचों की तीखी आलोचना की थी। भारत ने न्यूयॉर्क में ग्रुप चरण के तीन मैच खेले जबकि फोर्ट लॉडरहिल में कनाडा के खिलाफ उसका मैच बारिश की भेंट चढ़ गया। ड्रॉप इन पिच का मतलब ऐसी पिच होती है जिसे मैदान या स्थल से दूर कहीं बनाया जाता है और बाद में स्टेडियम में लाकर बिछा दिया जाता है। न्यूयॉर्क में इस्तेमाल की गई पिचें एडीलेड ओवल के मुख्य क्यूरेटर डेमियर हॉग के नेतृत्व में तैयार की गई थी। इन पिचों को मई के पहले सप्ताह में न्यूयॉर्क पहुंचाया गया था और पूरा परीक्षण किए बिना इस पर दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच उद्घाटन मैच खेला गया था न्यूयॉर्क में खेले गए आठ मैचों में पहली पारी का औसत स्कोर 107.6 था। रंजन मदुगले, डेविड बून, जेफ क्रो और रिची रिचर्डसन न्यूयॉर्क के मैचों के लिए चार मैच रेफरी थे। बारबाडोस में अफगानिस्तान के खिलाफ भारत के सुपर आठ मैच की पिच को संतोषजनक रेटिंग दी गई थी। टूर्नामेंट के फाइनल मैच की पिच को बहुत अच्छा रेटिंग मिली। बहुत अच्छा रेटिंग हासिल करने वाली यह इकलौती पिच रही। प्रतियोगिता के 52 मैचों में से केवल तीन मैचों को असंतोषजनक रेटिंग दी गई। इसमें तीसरा मैच त्रिनिदाद में अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला गया सेमीफाइनल था, जहां अफगानिस्तान की टीम 56 रन पर आउट हो गई थी।

### महिला टी20 विश्व कप बांग्लादेश से यूएई स्थानांतरितः आईसीसी

**दुबई।** आईसीसी ने मंगलवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के सत्ता से बाहर होने के बाद बांग्लादेश में व्याप्त अशांति के कारण महिला टी20 विश्व कप को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में स्थानांतरित किया जाएगा। इस विश्व कप को तीन से 20 अक्टूबर तक दुबई और शारजाह में आयोजित किया जाएगा। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस ने कहा, बांग्लादेश के लिए महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी नही करना निराशाजनक है क्योंकि हम जानते है कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने एक यादगार आयोजन की तैयारी की थी।

## मयंक रावत के ऑलराउंड खेल से ईस्ट दिल्ली राइडर्स की डीपीएल में दूसरी जीत



**नई दिल्ली।** मयंक रावत के ऑलराउंड खेल से ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने मंगलवार को यहां वर्षा से प्रभावित मुकाबले में पुरानी दिल्ली को पांच विकेट से हराकर दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में दूसरी जीत दर्ज की। पुरानी दिल्ली के 143 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने 57 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे लेकिन रावत की 27 गेंद में 55 रन की पारी से 16 ओवर में पांच विकेट पर 145 रन बनाकर मैच जीत लिया। रावत ने इससे पहले गेंदबाजी में भी कमाल करते हुए दो विकेट चटकाए। मैदान गीला होने के कारण मुकाबले को 18 ओवर का कर दिया गया जिसके बाद पुरानी दिल्ली ने आठ विकेट पर 142 रन बनाए जिसके जवाब में ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने 16 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।पुरानी दिल्ली के लिए मयंक गुसाईं ने 33 गेंद में तीन छक्कों से 35 जबकि युग गुप्ता ने 22 गेंद में नाबाद 34 रन बनाए। ईस्ट दिल्ली राइडर्स के लिए सिमरजत सिंह सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 28 रन देकर तीन विकेट चटकाए। ईस्ट दिल्ली की तरह पुरानी दिल्ली की शुरुआत भी खराब रही थी और टीम एक समय 63 रन पर सात विकेट गंवाने के बाद संकट में थी लेकिन आठ विकेट पर 142 रन का सम्मानजनक स्कोर बनाने में सफल रही।

## प्रज्ञानानंदा ने अब्दुसत्तोरोव से ड्रॉ खेला


### सिंकफील्ड कपः गुकेश व लिरेन बराबरी पर



**सेंट लुई (अमेरिका)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में चीन के गत विश्व चैंपियन डिंग लिरेन से ड्रॉ खेला।विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर गुकेश और मौजूदा विश्व चैंपियन लिरेन ने अपना असली दमखम नहीं दिखाया और बाजी ड्रॉ करने को तरजीह दी। इन्हीं दोनों के बीच इस साल के अंत में विश्व चैंपियनशिप मुकाबले को देखते हुए दोनों ने अपनी असली तैयारी का नजारा पेश नहीं किया। सेंट लुई रेपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट में लचर प्रदर्शन के बाद भारत के आर प्रज्ञानानंदा ने अपनी पहली बाजी उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ ड्रॉ खेली। दोनों टूर्नामेंट के बीच अधिक समय नहीं होने के बावजूद प्रज्ञानानंदा ने वापसी करते हुए बेहतर प्रदर्शन किया और अब्दुसत्तोरोव को बराबरी पर रोक दिया। सेंट लुई रेपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट में खिताब जीतन वाले फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए अमेरिका के फाबियानो क-रुआना को हराया। यह मुकाबला ग्रैंड शतरंज टूर की रैंकिंग के हिसाब से महत्वपूर्ण था। पिछले हफ्ते खिताब जीतकर करुआना को पछाड़कर ग्रैंड शतरंज टूर में बढ़त बनाने वाले फिरोजा के पास अब ओवरऑल खिताब जीतने का अच्छा मौका है। दस खिलाड़ियों के डबल राउंड रोबिन टूर्नामेंट में अब आठ और दौर का खेल बचा है। टूर्नामेंट की कुल इनामी राशि 350000 डॉलर है जबकि इसके अलावा ग्रैंड शतरंज टूर की 175000 डॉलर की बोनस इनामी राशि अलग से है।

## समोआ के विसेर ने बनाया नया रिकॉर्ड

### टी20 में एक ओवर में 39 रन बनाए



**नई दिल्ली।** समोआ के मध्यक्रम के बल्लेबाज डेरियस विसेर ने मंगलवार को राजधानी शहर एपिया में टी20 विश्व कप पूर्वी एशिया प्रशांत क्षेत्र क्वालीफायर में वनातु के खिलाफ एक ओवर में 39 रन बनाकर टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में नया रिकॉर्ड बनाया। विसेर ने तेज गेंदबाज नलिन निपिको के एक ओवर में छह छक्के मारे। इस ओवर में तीन नोबॉल भी शामिल थीं जिससे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक ओवर में सर्वाधिक रन का नया रिकॉर्ड बन गया।सिडनी में ग्रेड क्रिकेट खेलकर अपने खेल को निखारने वाले इस 28 वर्षीय बल्लेबाज का यह केवल तीसरा टी20 मैच था। उन्होंने 62 गेंदों में पांच चौकों और 14 छक्कों की मदद से 132 रन बनाए। विसेर को वास्तविक पावर हिटर माना जाता है। एक बार न्यू साउथ वेल्स में हाइप क्रिकेट अकादमी में शॉट स्पीड सत्र का आयोजन किया गया था जिसमें विसेर पहले स्थान पर रहे थे। उनके शॉट की गति 160 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक आंकी गई थी।समोआ के कप्तान जसमत कालेब ने पीटीआई से कहा, उन्होंने क्लीन हिटिंग की। हमें नहीं पता था कि यह विश्व रिकॉर्ड है। पारी समाप्त होने के बाद हमें इसका पता चला। लेकिन मैं उसके लिए खुश हूं। मुझे खुशी है कि हमारी टीम जीत हासिल करने में सफल रही। अब हमारा ध्यान अगले मैच पर है। समोआ अपना अगला मैच बुधवार को फिजी से खेलेगा। इससे पहले पांच अवसरों पर किसी गेंदबाज ने एक ओवर में 36 रन दिए। इन गेंदबाजों में स्टुअर्ट ब्रॉड (2007), अकिला धनंजय (2021), करीम जन्नत (2024), कामरान खान (2024) और अजमतुल्लाह उमरजई (2024) शामिल हैं।भारत के युवराज सिंह ने 2007 में खेले गए पहले टी20 विश्व कप में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ब्रॉड के एक ओवर में छह छक्के लगाए थे, जबकि वेस्टइंडीज के बल्लेबाज कीरोन पोलार्ड ने कूलिज, एंटीगा में द्विपक्षीय श्रृंखला के मैच में धनंजय के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की थी। नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी ने एसीसी प्रीमियर कप में कतर के कामरान खान पर छह छक्के लगाए, जबकि वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन ने इस साल जून में ग्रोस आइलेट में टी20 विश्व कप के दौरान अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज अजमतुल्लाह उमरजई पर छह छक्के लगाए। रोहित शर्मा और रिंकू सिंह ने मिलकर बेंगलुरु में द्विपक्षीय मैच के दौरान अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज करीम जनत के एक ओवर में 36 रन बनाए। भारत ने यह मैच दूसरे सुपर ओवर में जीता था। विसेर इस प्रारूप में शतक बनाने वाले समोआ के पहले बल्लेबाज हैं। उनकी इस पारी के बावजूद समोआ की टीम 174 रन पर आउट हो गई। विसेर के बाद उनकी टीम की तरफ से दूसरा सर्वोच्च स्कोर कप्तान जसमत का 16 रन था। वनातु की टीम ने इसके जवाब में अच्छी चुनौती पेश की लेकिन आखिर में वह नौ विकेट पर 164 रन ही बना पाई और 10 रन से मैच हार गई।

## मंधाना आईसीसी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंची



**दुबई।** भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को जारी महिलाओं की नवीनतम आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) एकदिवसीय रैंकिंग में एक पायदान के सुधार के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। मंधाना के नाम 738 रेटिंग अंक है और वह वनडे प्रारूप में भारत की शीर्ष रैंकिंग वाली बल्लेबाज है। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इस सूची में अपना नौवां स्थान बरकरार रखा है। श्रीलंका की दिग्गज बल्लेबाज चमारी अट्टापट्टू तीसरे से चौथे स्थान पर खिसक गई जबकि टीम की उनकी साथी बल्लेबाज नीलाक्षिका डी सिल्वा (तीन पायदान ऊपर 32वें), हर्षिता समरविक्रमा (आठ स्थान के सुधार के साथ 44वें) और कविशा दिलहारी (चार स्थान के सुधार के साथ 50वें पायदान) ने अपनी रैंकिंग में सुधार किया। मंधाना टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में अपने चौथे स्थान का बचाव करने में सफल रही। समरविक्रमा और आयरलैंड की सलामी बल्लेबाज गैबी लुईस करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करने में सफल रहे। श्रीलंका और आयरलैंड के बीच खेले गए दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में 44 गेंद में 65 रन बनाने वाली समरविक्रमा तीन स्थान के सुधार के साथ 13वें तो वहीं 75 गेंद में 119 रन की मैच जिताऊ पारी खेलने वाली लुईस चार स्थान के सुधार के साथ 21 स्थान पर पहुंच गई। लुईस इससे पहले जुलाई 2022 में इस रैंकिंग पर पहुंची थी।

### भारत को मौकों को गोल में बदलने के कौशल को सुधारना होगाः अंडर 20 फुटबॉल टीम के मुख्य कोच

**काठमांडू।** मुख्य कोच रंजन चौधरी ने मंगलवार को कहा कि भूटान पर।-0 से संघर्षपूर्ण जीत के बाद भारतीय टीम को सैफ अंडर 20 चैंपियनशिप के आगामी मैचों में मौकों को गोल में बदलने के कौशल में सुधार करना होगा। अपने शुरुआती मैच में जीत के बाद भारत ग्रुप बी में तीन अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर है।

## क्विक न्यूज

### बांग्लादेश को पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों की चुनौती से निपटने में शाकिब पर भरोसा

रावलपिंडी (पाकिस्तान)। बांग्लादेश की टीम पाकिस्तान के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट में बुधवार को यहां जब मैदान पर उतरेगी तो उसे तेज गेंदबाजों की चुनौती से निपटने के लिए अपने सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक हरफनमौला शाकिब अल हसन से विशेष प्रदर्शन की उम्मीद होगी। पूर्व कप्तान शाकिब दुनिया के सर्वश्रेष्ठ हरफनमौला खिलाड़ियों में शुमार है जो वामहस्त बल्लेबाजी और गेंदबाजी से अपने दम पर टीम को जीत दिलाने का माद्दा रखते है। रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाने वाले पहले टेस्ट की पूर्व संध्या पर बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हसन शंटो ने कहा, वह (शाकिब) काफी लंबे समय से खेल रहे है। उन्हें अपनी भूमिका के बारे में पता है। उन्होने कहा, वह जानते है कि खुद को कैसे तैयार करना है, इसलिए मै उनके राजनीतिक करियर के बारे में नही सोच रहा हूं और मुझे उम्मीद है कि वह इस श्रृंखला में कुछ खास करेंगे। वह एक पेशेवर क्रिकेटर है और ईमानदारी से कहूं तो हम सभी उसके साथ एक क्रिकेटर की तरह ही व्यवहार करते है। बांग्लादेश मे राजनीतिक उथल-पुथल के दौरान शाकिब कनाडा मे टी20 लीग में खेल रहे थे।

### शहीद भगत सिंह जिला बैडमिंटन टूर्नामेंट आज से, 350 से अधिक शटलर दिखाएंगे दम

**लखनऊ।** शहर के 350 से अधिक शटलर लखनऊ में आगामी 22 से 25 अगस्त तक होने वाले शहीद भगत सिंह लखनऊ जिला बैडमिंटन टूर्नामेंट-2024 में विभिन्न आयु वर्गो में चुनौती पेश करने उतरेंगे। लखनऊ जिला बैडमिंटन संघ के अनुमोदन से ब्रांडेड बडीज फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट के बारे मे आयोजित एक प्रेस वार्ता में आयोजन अध्यक्ष राज शर्मा ने बताया कि चार दिवसीय इस टूर्नामेंट के मुकाबले केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बैडमिंटन हाल में होंगे। इसका फाइनल 25 अगस्त को हागा। इस टूर्नामेट में अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15, अंडर-17, अंडर-19 और सीनियर पुरुष व महिला वर्ग में खिलाड़ी एकल व युगल स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगे। वहीं अंडर-17, 19 के साथ सीनियर श्रेणी में मिश्रित युगल के भी मुकाबले खेले जाएंगे। राज शर्मा ने बताया कि यह टूर्नामेंट शहीद भगत सिंह की विरासत को सम्मानित करता है और युवा प्रतिभाओं को अपना कौशल दिखाने का मंच प्रदान करता है। प्रतियोगिता में लगभग 400 मैच खेले जाएंगे और विजेताओं को ट्रॉफी व अन्य पुरस्कार दिए जाएंगे। इसके अलावा सभी श्रेणियों को मिलाकर पुरुष व महिला वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का भी चुनाव होगा।

### साहसी खोजकर्ता दिखाएंगे रोमांच

**मुंबई।** एक रोमांच अनुभव के लिए तैयार हो जाइए क्योंकि भारत में टॉप युवा मनोरंजन ब्रांड एमटीवी ने एमटीवी डार्क स्क्रॉल मुकाबला अंजान से! लॉन्च किया है। हॉरर और रियलिटी के अभिनव मिश्रण के साथ एमटीवी के इस नए रोमांचक शो को होस्टलोकप्रिय अभिनेता, अमित सध कर रहे हैं, और इसमें 9 साहसी खोजकर्ता उत्तराखंड के 7 हॉन्टेड स्थानों की खोजबीन करेंगे। उनका नेतृत्व साइकिक पूजा विजय और रेनाउंड पैरानॉर्मल इंवेस्टिगेटर सरबजीत मोहंती करेंगे। एमटीवी डार्क स्क्रॉल, द सॉल्ड स्टोर का प्रसारण 16 अगस्त को हुआ, और यह शो हर शुक्र वार, शनिवार और रविवार को शाम 7 बजे जियो सिनेमा पर और रात 10 बजे एमटीवी पर प्रसारित होगा।पेयर्स (पैरासाईकोलॉजी एंड इन्वेस्टिगेशंस रिसर्च सोसायटी) के संस्थापक, सरबजीत मोहंती को पैरानॉर्मल गतिविधियों की जाँच करने का सालों का अनुभव है। उन्होंने अपनी हर मुलाकात को अपनी शोध में शामिल किया है। उन्होंने कहा,'यह शो अपनी तरह का पहला है और मुझे इस शो के साथ जुड़ने की खुशी है। मुझे निर्माताओं के साथ जमीन पर उतरकर इस कॉन्सेप्ट का विकास करना बहुत अच्छा लगा। इसमें इस्तेमाल की गई तकनीकें और गैजेट्स पैरानॉर्मल को ज्यादा बेहतर तरीके से समझने में मदद करेंगे। मैं दर्शकों से निवेदन करता हूँ कि वो अपने दिमाग को खुला रखें और हमारे खोजकर्ताओं की तरह ही ज्यादा जानने के लिए उत्सुक रहें।

### खिलाड़ियों व महिलाओं को प्रशिक्षित से मिलेगा रोजगार

**नई दिल्ली।** 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर के विश्वस्तरीय सदन ट्राइडेंट ग्रुप ने अपने प्रमुख रिक्रू टमेन्ट एवं ट्रेनिंग प्रोग्राम तक्षशिला की घोषणा की है। इसमें महिलाओं (50 फीसदी आरक्षित सीटें), ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से वंचित परिवारों, रक्षा कर्मियों और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस पहल का उद्देश्य रोजगार एवं कौशल विकास पर ध्यान केन्द्रित करते हुए 2000 प्रविष्टि स्तर के कर्मचारियों को प्रशिक्षित एवं नियुक्त करना है तक्षशिला प्रोग्राम विभिन्न पृष्ठभूमि जैसे आईटीआई, डिप्लोमा और 10प्लस2 से आने वाले युवाओं को प्लेटफॉर्म प्रदान करता है। शिक्षा की बाधाओं को दूर कर तक्षशिला युवाओं को सीखने, विकसित होने और कमाई के अवसर प्रदान करता है, तथा उनके सतत सुधार एवं व्यक्तिगत विकास को सुनिश्चित करता है। प्रशिक्षण के बाद उन्हें 12 लाख सालाना का शुरूआती वेतन मिलता है- इस तरह बुनियादी पढ़ाई करके आने वाले छात्रों को भी आजीविका के अवसर मिलते हैं। यह कॉर्पोरेट भारत में अपनी तरह की अनूठी पहल है। प्रोग्राम के बारे में बात करते हुए राजिन्दर गुप्ता, एमेरिटस चेयरमैन, ट्राइडेंट ग्रुप ने कहा, "आज का दिन हमारे लिए बेहद खास है, क्योंकि हम अपने प्रमुख प्रोग्राम तक्षशिला के लॉन्च के साथ विकास एवं सशक्तीकरण का नया अध्याय शुरू करने जा रहे हैं। यह प्रोग्राम खासतौर पर सामाजिक विकास, आर्थिक उत्थान, विविधता, समावेशन एवं राष्ट्र निर्माण को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है।

### पेशेवर युवा एथलीट बनाने में अग्रणी है आरईपीएल स्पोर्ट्स

**लखनऊ।** 2015 में अग्रणी संस्था आरईपीएएल स्पोटर्स की शुरूआत की गई जो आज के युवाओं को खेलों से जोड़ते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिये प्रोत्साहित करती है। एक स्वस्थ शरीर में स्वस्थ दिमाग का बसता है, के सदियों पुराने दर्शन पर चलते हुए आरईपीएल स्पोर्ट्स बच्चों को शुरूआती चरण की गतिविधि से जीवनपर्यंत के क्रियाकलापों और यहां तक कि उनके पेशेवर खेल कैरियर हासिल करने तक के लिये समर्पित है। आरईपीएल स्पोर्ट्स के अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा ने संस्था के विजन के बारे में बात करते हुए कहते हैं किआरईपीएल स्पोर्ट्स में हमए स्पोर्ट्स स्टार का सपना देखने वाले युवाओं और अपने आस-पास किसी स्पोर्ट्स से जुड़ने की चाहत रखने वाले लोगों के लिये आम मीटिंग ग्राउंड बनाना चाहते हैं। आरईपीएल स्पोर्ट्स की अनोखी पहलों में से एक लखनऊ में आरईपीएल क्रिकेट अकादमी है,जो तेजी से क्रिकेट प्रशिक्षण में उत्कृष्टता का उदाहरण पेश कर रही है। यह प्रमुख अकादमी वर्तमान में 100 से अधिक महत्वाकांक्षी क्रिकेटरों को तैयार करती है,उन्हें योग्य प्रशिक्षकों की देख.रेख में कौशलयुक्त और खेल.विशिष्ट प्रशिक्षण प्रदान करती है। अकादमी के 30 से अधिक एथलीट रणजी ट्रॉफी टीमों के साथ.साथ राज्य और जिला.स्तरीय टीमों का प्रतिनिधित्व करने के लिए आगे बढ़ रहे हैंए जो इसके प्रभावी ट्रैक रिकॉर्ड को दर्शाता है। इसके साथ ही कई खिलाड़ियों ने बीसीसीआईए स्थानीयए क्षेत्रीय और राज्य स्तरीय टूर्नामेंटों में भी अपनी छाप छोड़ी है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ (फोन: 0522-4036600) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादकः शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

भाई-बहन के अटूट प्रेम के प्रतीक रक्षाबंधन ऐतिहासिक कजली मेला, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं।













